CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :27° C
न्यूनतम : 17° C

लखनऊ, बुधवार 8 अक्टूबर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 338 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 15 रबी उल सानी 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



राम को गाली देने वाले महर्षि वाल्मीकि का भी अपमान करते हैं: योगी पेज 2



विमेंस वनडे बैटर्स रैंकिंग में स्मृति मंधाना टॉप पर कायम खेल टाइम्स



डिजिटल गोल्ड और नई मुद्राः नियमों की सुबह होने को है सम्पादकीय



गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से इजरायल को 21 अरब डॉलर की सैन्य मदद दे चुका अमेरिका पेज 12

# केदारनाथ-बद्रीनाथ में सीजन की पहली बर्फबारी

## हेमकुंड साहिब में 2-3 इंच तक स्नोफॉल, राजस्थान में तापमान 12 डिग्री सेल्सियस तक गिरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों के ऊंचे इलाकों में पिछले 24 घंटों से बर्फबारी जारी है। उत्तराखंड के बद्रीनाथ, केदारनाथ और हेमकुंड साहिब में मंगलवार को पहली बर्फबारी हुई। हेमकुंड साहिब में 2 और 3 इंच तक स्नोफॉल हुआ।

केदारनाथ में तापमान 5 डिग्री तक गिर गया। मौसम विभाग ने 7 अक्टूबर को भारी बारिश-बर्फबारी का रेड अलर्ट जारी किया है। इस वक्त चारधाम यात्रा का दूसरा दौर चल रहा है। रोज 5 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति, चंबा और किन्नौर में भी बर्फबारी हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक, पहाड़ी राज्यों में अगले 2 दिन बारिश और बर्फबारी जारी रहने की संभावना है। इधर, पंजाब- हरियाणा के लिए तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन राज्यों में अगले 36 घंटों तक लगातार बारिश हो सकती है।





# हिमाचल में बस की छत पर गिरा भूस्खलन का मलबा, 18 की मौत

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में मरोतन से घुमारवीं जा रही संतोषी निजी बस पर शुक्र खड्ड के किनारे बरठीं में भल्लू पुल के पास पहाड़ी से भूस्खलन का मलबा गिर गया। मलबा गिरने से बस की छत उड़कर खड्ड के किनारे जा गिरी। वहीं सारा मलबा बस पर आ गया। जिससे बस पूरी तरह मलबे की चपेट में आ गई।

खबर लिखे जाने तक बस के अंदर से अभी तक 18 शव निकाले गए हैं। दो बच्चियों और एक बच्चे को सुरक्षित निकाला गया है। इनमें से एक बच्ची की मां दुर्घटना में मारी गई है। बेटियों का प्रारंभिक उपचार बरठीं अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि करीब 35 लोग बस में सवार थे। घटना करीब साढ़े छह बजे हुई है। बस में मरोतन बरठीं, घुमारवीं और बीच के स्टेशनों के लोग सवार थे। चालक और परिचालक की मौत हो चुकी है। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। दुर्घटना पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ पूरी मज़बूती से खड़ी है। और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।



**बस में करीब 35 लोग थे सवार**

## हरियाणा के IG वाई पूरन कुमार ने खुद को गोली से उड़ाया

**चंडीगढ़।** पंजाब व हरियाणा की राजधानी में मंगलवार को बड़ी घटना हुई है। यहां हरियाणा पुलिस के बड़े अधिकारी ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है। घटना सेक्टर-11 की है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटना स्थल पर पहुंची है। जानकारी मिलते ही चंडीगढ़ पुलिस की एसएसपी, सीएफएसएल और फोरेंसिक टीम भी घटना स्थल पर पहुंच गई है। जानकारी के अनुसार हरियाणा पुलिस के आईजी वाई पूरन कुमार ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है। आईजी वाई पूरन कुमार की कुछ दिन पहले रोहतक के सुनारिया जेल में तैनाती हुई थी। उन्होंने चंडीगढ़ सेक्टर-11 स्थित अपनी कोठी में सुसाइड किया है। वाई. पूरन कुमार की पत्नी पी अमनीत कुमार विदेश दौरे पर हैं। आईएएस पी. अमनीत कुमार, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, मंत्री राव नरवीर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी जापान दौरे पर हैं।

## करूर भगदड़ की CBI से जांच की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह तमिलनाडु के करूर भगदड़ मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग वाली याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने भाजपा के नेता उमा आनंदन की याचिका पर शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध स्वीकार करते हुए इस मामले को 10 अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

## ईडी के तकनीकी सहायता घोटाले में 15 स्थानों पर छापे

**नई दिल्ली।** ईडी तकनीकी सहायता घोटाले के सिलसिले में दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और मुंबई में 15 स्थानों पर तलाशी अभियान चला रहा है। करण वर्मा और अन्य के खिलाफ दिल्ली पुलिस की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत यह कार्रवाई शुरू की गई है। जांच में पाया गया कि इन जालसाजों ने दिल्ली के रोहिणी, पश्चिम विहार और राजौरी गार्डन इलाके में कई फर्जी कॉल सेंटर खोल रखे थे।

# SIR के तहत हटाए गए 3.66 लाख मतदाताओं का ब्योरा दें

## सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयोग को निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को चुनाव आयोग से कहा कि वह बिहार की एसआईआर के बाद तैयार की गई अंतिम मतदाता सूची से हटाए गए 3.66 लाख मतदाताओं की जानकारी कोर्ट को दे।

**चुनाव आयोग नौ अक्टूबर तक जानकारी सौंपे**

चुनाव आयोग ने शीर्ष कोर्ट को बताया कि अधिकतर नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं और जिनके नाम हटाए गए हैं, उनमें से अब तक किसी ने कोई शिकायत या अपील दर्ज नहीं करवाई है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग को गुरुवार यानी नौ अक्टूबर तक उपलब्ध जानकारी कोर्ट को सौंपनी होगी, क्योंकि उसी दिन इस मामले में अगली सुनवाई होगी। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि मसौदा सूची और 30 सितम्बर को प्रकाशित की गई अंतिम सूची सबके पास है, इसलिए दोनों सूचियों की तुलना करके जरूरी जानकारी दी जा सकती है। न्यायमूर्ति बागची ने चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी से कहा कि कोर्ट के आदेशों से चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जनसामान्य की पहुंच बढ़ी है।

### निठारी हत्याकांड: कोली की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने निठारी हत्याकांड से संबंधित एक मामले के दोषी सुरेन्द्र कोली की क्यूरेटिव याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। पीठ ने खुली अदालत में संक्षिप्त सुनवाई के बाद यह निर्णय लिया। यह याचिका वर्ष 2005-2006 के उत्तर प्रदेश में नोएडा के निठारी में हुए सीरियल हत्याकांड से जुड़े हत्या और बलात्कार के एक मामले में अपनी दोषसिद्धि के खिलाफ सुरेंद्र कोली ने दायर की थी।

### आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया से हटाने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भाजपा की असम शाखा द्वारा कथित तौर पर पोस्ट किए गए एक 'आपत्तिजनक' वीडियो को सोशल मीडिया से हटाने की याचिका पर मंगलवार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने पत्रकार कुर्बान अली और पूर्व न्यायाधीश अंजना प्रकाश की एक लंबित रिट याचिका में दायर एक आवेदन पर विचार करने का फैसला किया, जो घृणास्पद भाषण से संबंधित है। उक्त वीडियो में कथित तौर पर मुसलमानों को खुलेआम बदनाम करने का आरोप लगाया गया था। आवेदकों की ओर से पेश अधिवक्ता निजाम पाशा ने पीठ के समक्ष तर्क दिया कि चुनाव के दौरान पोस्ट किए गए वीडियो में दिखाया गया है कि अगर एक खास राजनीतिक दल सत्ता में नहीं आता है, तो एक खास समुदाय सत्ता संभाल लेगा। इस पर पीठ ने कहा कि इसमें (वीडियो) टोपी और दाढ़ी वाले लोग दिखाई दे रहे हैं, ऐसे मामलों में स्वतः संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए।



## दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बारिश, पारा गिरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। रविवार देर रात से शुरू हुआ बारिश का दौर मंगलवार को भी जारी रहा। सोमवार की तरह ही मंगलवार को भी पूरे एनसीआर में बारिश हुई। इससे तपमान में गिरवाट आई है। बारिश के कारण जगह-जगह जाम की स्थिति बनी हुई है। वहीं उड़ानों पर भी खराब मौसम का असर पड़ सकता है। दिल्ली हवाई अड्डे की ओर से जानकारी दी गई है कि, दिल्ली में खराब मौसम के कारण उड़ान परिचालन प्रभावित हो सकता है। यात्री अपनी फ्लाइट की जानकार लेकर ही घर से एयरपोर्ट के लिए निकलें। वहीं, सोमवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 7.7 डिग्री कम के साथ 26. 5 और न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस अधिक के साथ 20.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ऐसे में लोगों को ठंडक का एहसास हुआ। बारिश का यह दूर पश्चिमी विक्षोभ के चलते हो रहा है। एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर-पूर्वी अफगानिस्तान और समीपवर्ती पाकिस्तान के ऊपर समुद्र तल से 3.1 और 5.8 किमी ऊपर बना हुआ है, जिसकी ऊपरी क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक गर्त बना हुआ है।

# रायबरेली में हुई इंसानियत की हत्या

## कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की पीट-पीटकर मार डालने की घटना को इंसानियत की हत्या करार दिया है।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर मंगलवार को इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम हत्या सिर्फ़ एक इंसान की नहीं- इंसानियत, संविधान और न्याय की हत्या है। आज भारत में दलित, आदिवासी, मुसलमान, पिछड़े और गरीब-हर उस व्यक्ति को निशाना बनाया जा रहा है, जिसकी आवाज़ कमजोर है, जिसकी हिस्सेदारी छीनी जा रही है, और जिसकी जिंदगी सस्ती समझी जाती है। देश में नफ़रत, हिंसा और भीड़तंत्र को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है, जहां संविधान की जगह बुलडोज़र ने ले ली है, और इंसाफ़ की जगह डर ने। मैं हरिओम के परिवार के साथ खड़ा हूं, उन्हें न्याय ज़रूर मिलेगा। भारत का भविष्य समानता और मानवता पर टिका है और यह देश चलेगा संविधान से, भीड़ की सनक से नहीं। श्री गांधी इस घटना की पहले भी कड़ी निंदा कर चुके हैं और वाल्मीकि जयंती पर उन्होंने दोबारा इसे इंसानियत की हत्या बता कर जता दिया है कि कांग्रेस पहले से ही दलितों पर अत्याचार के खिलाफ चल रहे अपने अभियान को और तेज करेगी।



**कहा: भारत में दलित, आदिवासी, मुसलमान, पिछड़े और गरीबों को बनाया जा रहा निशाना**

## एआई की कोलंबो-चेन्नई फ्लाइट के इंजन से पक्षी टकराया

**चेन्नई।** एयर इंडिया की कोलंबो-चेन्नई फ्लाइट के इंजन से मंगलवार को एक पक्षी टकराने से फ्लाइट को नुकसान पहुंचा है।

सुरक्षा के मद्देनजर एयरलाइन ने चेन्नई से कोलंबो जाने वाली वापसी उड़ान को फिलहाल रद्द कर दिया है। विमान जब चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरने वाला था, तभी उसके इंजन से पक्षी टकरा गया, जिससे विमान के इंजन से आवाज आने लगी। इसके बाद पायलट ने फ्लाइट को चेन्नई एयरपोर्ट पर उतार लिया। घटना के समय फ्लाइट में 158 पैसेंजर्स सवार थे। सभी पैसेंजर्स पूरी तरह सुरक्षित हैं।

**158 यात्री सवार थे, सभी सुरक्षित, एयरलाइन ने वापसी उड़ान रद्द की**

# कफ-सिरप से दो राज्यों में अब तक 23 बच्चों की मौत

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश और राजस्थान में जहरीला कफ सिरप पीने से 23 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें मध्य प्रदेश में अब तक 19 बच्चों और राजस्थान में 4 बच्चों की मौत हो चुकी है।

मामला सामने आने के बाद मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल, तमिलनाडु और पंजाब ने इस सिरप की बिक्री और इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई है। इस मामले की सीबीआई जांच कराने और देशभर में दवाओं की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की मांग की गई है। एडवोकेट विशाल तिवारी ने याचिका में मांग की है कि कोर्ट सरकार को राष्ट्रीय न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति बनाने का निर्देश दे और जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की निगरानी में हो। वहीं, मामले में तमिलनाडु के ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने सिरप बनाने वाली कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस दवा को कांचीपुरम की कंपनी श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स बनाती है।

**पांच राज्यों में कोल्ड्रिफ सिरप बैन, सीबीआई जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका**

## एनएचआरसी ने कफ सिरप से हुई बच्चों की मौत मामले में जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने मध्य प्रदेश और राजस्थान के स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिवों को कफ सिरप पीने से 23 बच्चों की हुई मौत को लेकर एक नोटिस जारी किया है। आयोग ने यह कार्रवाई दवा सुरक्षा और नियामक निरीक्षण में हुई गंभीर खामियों के सामने आने की शिकायत के बाद की। एनएचआरसी सदस्य प्रियांक कानूनगो की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया।


Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

# सुरक्षित व विश्वसनीय एआई के लिए 5 परियोजनाओं का चयन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के स्वतंत्र व्यावसायिक प्रभाग इंडिया एआई ने 'सुरक्षित और विश्वसनीय एआई' के दूसरे दौर में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों द्वारा तैयार पांच परियोजनाओं का चयन किया है।

मंत्रालय ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि एआई प्रौद्योगिकियां जिस प्रकार से अभूतपूर्व गति से विकसित हो रही हैं, उनका सुरक्षित, पारदर्शी और विश्वसनीय उपयोग सुनिश्चित करना राष्ट्र के लिए जरूरी हो गया है। स्वदेशी शासन उपकरण, ढांचे और दिशा-निर्देश विकसित करने के उद्देश्य से चुस्त और मजबूत तंत्र को बढ़ावा देने के लिए इंडिया एआई ने 10 दिसम्बर 2024 को कई महत्वपूर्ण विषयों पर 'सुरक्षित और विश्वसनीय एआई' स्तंभ के तहत रुचि की अभिव्यक्ति का दूसरा दौर शुरू किया था। इसके अंतर्गत प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों, स्टार्ट-अप्स, अनुसंधान संगठनों और नागरिक समाज से 400 से अधिक प्रस्ताव प्राप्त हुए। प्रस्तावों के मूल्यांकन के लिए तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों की एक समिति का गठन किया गया। रुचि की अभिव्यक्ति के दूसरे दौर के अंतर्गत विभिन्न विषयों पर पांच परियोजनाओं का चयन किया गया है। डीपफेक का पता लगाने के लिए विकसित तीन टूल को इसमें जगह मिली है। इनमें एक परियोजना आईआईटी खड़गपुर की है। दूसरी परियोजना आईआईटी जोधपुर और आईआईटी मद्रास ने संयुक्त रूप से तैयार की है। तीसरी परियोजना आईआईटी मंडी और हिमाचल प्रदेश फॉरेंसिक सेवा निदेशालय द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई है। 'डिजिटल फ्यूचर लैब' और 'कार्य' ने मिलकर कृषि एलएलएम के क्षेत्र में लैंगिक पक्षपात को कम करने के लिए एक टूल विकसित किया है। एक अन्य चयनित परियोजना आईआईटी धारवाड़ और ग्लोबल्स आईटीईएस प्राइवेट लिमिटेड की है, जिसमें एलएलएम और सृजनात्मक एआई की उपलब्धता और उसके आकलन के लिए टूल विकसित किया गया है।




**प्रौद्योगिकियों के लिए सुरक्षित, पारदर्शी और विश्वसनीय उपयोग सुनिश्चित करना राष्ट्र के लिए जरूरी**

## संक्षिप्त समाचार

### वैष्णो देवी यात्रा बुधवार से फिर शुरू होगी

**जम्मू।** खराब मौसम के कारण श्री माता वैष्णो देवी यात्रा मंगलवार को लगातार तीसरे दिन स्थगित रही। भारतीय मौसम विभाग की ओर से जारी चेतावनी के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया था। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के एक अधिक. ारी ने बताया कि मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर वैष्णो देवी यात्रा मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भी स्थगित रही और यह बुधवार आठ अक्टूबर को फिर से शुरू होगी। भक्त आधिकारिक माध्यमों से अपडेट रह सकते हैं। भारी बारिश के कारण 26 अगस्त को यात्रा स्थगित कर दी गई थी। उस दिन अर्धकुंवारी स्थित इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास भारी बारिश के बाद हुए भूस्खलन में 34 लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हुए थे। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिन्हा ने भूस्खलन के कारणों की जांच के लिए एक तीन सदस्य वाली उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था।

### सितम्बर में बिके करीब तीन लाख यात्री वाहन

**नई दिल्ली।** देश में गत सितम्बर महीने में यात्री वाहनों और दुपहिया की खुदरा बिक्री में दो अलग-अलग ट्रेंड देखने को मिले, पूरे महीने की बिक्री में जहां स्थिर वृद्धि दर्ज की गयी और यहां तक कि अगस्त की तुलना में गिरावट रही, वहीं वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरें लागू होने के कारण नवरात्र की बिक्री में जबरदस्त उछाल देखा गया। वाहन डीलरों के महासंघ फाडा ने मंगलवार को जारी अपनी रिपोर्ट में बताया कि सितम्बर में देश में कुल 2,99,369 यात्री वाहन बिके, जो पिछले साल सितम्बर की तुलना में 5.80 प्रतिशत अधिक है।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सीएम योगी का बड़ा ऐलान

# सफाई कर्मियों को पांच लाख का हेल्थ इंश्योरेंस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सफाई कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि सरकार उनकी सुरक्षा और सम्मान के प्रति संवेदनशील है।

वाल्मीकि जयंती के मौके पर मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर महासभा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने वाल्मीकि समाज के लोगों से कहा कि आपकी सुरक्षा समाज की सुरक्षा है। आपका सम्मान भगवान वाल्मीकि की विरासत का सम्मान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी बड़ा कार्य करने जा रहे हैं। सफाई, संविदा कर्मचारी को अब आउटसोर्सिंग कंपनी नहीं, बल्कि सरकार का कॉरपोरेशन सीधे अकाउंट में पैसा देगा। स्वच्छता कर्मियों को पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा का कवर भी देंगे। यूपी के 80 हजार होमगार्ड को यह कवर दे दिया गया है। अब सफाई कर्मचारियों को इस व्यवस्था से जोड़ने जा रहे हैं। योगी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारत के महापुरुषों की परंपरा के भाग्य विधाता हैं। योगी ने कहा कि भगवान वाल्मीकि



■ राम को गाली देने वाले वाल्मीकि भी अपमान करते हैं

### सपा शासन में महापुरुषों का हुआ अपमान: मुख्यमंत्री

सीएम ने कहा कि 2012 में जब सपा सरकार आई थी, तो सामाजिक न्याय के पुरोधाओं के स्मारक को तोड़ने की धमकी दी थी, तब भाजपा ने कहा था कि इन स्मारकों को तोड़ने वालों को यूपी की जनता तोड़कर रख देगी। आज यह लोग प्रत्एक प्रेसवार्ता में बाबा साहेब का स्मरण करते हैं, लेकिन तब सपा के मुख्यमंत्री ने कन्नौज मेडिकल कॉलेज से बाबा साहेब का नाम बदल दिया था। हमने फिर उसे बाबा साहेब के नाम पर रख दिया। लखनऊ का भाषा विश्वविद्यालय मान्यवर कांशीराम के नाम पर था, सपा ने उसे भी बदल दिया। सहारनपुर मेडिकल कॉलेज का नाम भी बदल दिया। इनके दोहरे चेहरे हैं। यह हर कार्य को वोटबैंक की दृष्टि से देखते हैं। उन्होंने कहा कि यह राम व कृष्ण का विरोध करते हैं। विपक्षी कहते थे कि राम-कृष्ण हुए ही नहीं यानी इन्होंने महर्षि वाल्मीकि के प्रकट उत्सव पर प्रश्नचिह्न खड़ा किया। भगवान श्रीकृष्ण के अवतार को प्रश्नचिह्न के घेरे में रखने के साथ महर्षि व्यास को भी घेरे में रख दिया। सीएम ने कहा कि अयोध्या में समाजवादी पार्टी ने एयरपोर्ट का निर्माण नहीं किया। जब हम इसे बना रहे थे और जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या एयरपोर्ट का नामकरण महर्षि वाल्मीकि के नाम पर किया, तब भी सपा ने विरोध किया। समाजवादी पार्टी के गुंडे लालापुर के आश्रम पर कब्जा कर रहे थे। हमने कहा नाम नोट करो, इनके बाप-दादाओं ने जो प्रॉपर्टी जमा की है, उसे आश्रम के नाम पर करवा डालो। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा के समय में सफाई कर्मियों का शोषण होता था। इन्हें चार हजार रुपए भी नहीं मिल पाता था, लेकिन पीएम ने सबसे पहले कहा कि मैला सिर पर ढोने की कुप्रथा बंद होनी चाहिए।

की फोटो लगाकर आज हर देव मंदिर में अखंड रामायण पाठ चल रहा है। सीएम ने अपील की कि महर्षि वाल्मीकि का चित्र हर भारतीय के घर में होना चाहिए। पीएम मोदी इसे एक भारत-श्रेष्ठ भारत, सबका साथ और सबका विकास कहते हैं। सीएम ने कहा कि रामराज्य वही है, जहां जाति, मजहब, संप्रदाय के नाम पर भेदभाव न हो। आज यही कार्य भाजपा की डबल इंजन सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग श्रीराम को गाली देते हैं, वे भगवान वाल्मीकि का अपमान करते हैं। भगवान वाल्मीकि का अपमान करने वाले भगवान राम का भी अपमान करते हैं। उन्होंने वोटबैंक के नाम पर जाति का सहारा लेने वालों पर हमला किया।

# सिरप से बच्चों की मौत की न्यायिक जांच करे मप्र सरकार

नई दिल्ली, वार्ता



मध्य प्रदेश कांग्रेस ने कफ सिरप से बच्चों की मृत्यु पर गहरा क्षोभ व्यक्त करते हुए इस संकट को भारी भ्रष्टाचार का परिणाम बताया और कहा कि सिरप माफियागीरी के इस प्रकरण की न्यायिक जांच हो और मृतक परिवार के एक सदस्य को सरक. ारी नौकरी देकर बच्चे के इलाज में हुए खर्च की राशि परिवार को मिलनी चाहिए।

मध्य प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिघार ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रदेश बच्चों के खिलाफ अपराध के मामले में नंबर वन है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में बच्चों के खिलाफ अपराध के 2023 में 22,393 मामले सामने आए हैं। चार साल में 59 हजार से ज्यादा बच्चे लापता हो गए। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा में सिरप पीने से 16 बच्चों की मौत हुई है। कफ सिरप के कारण बच्चों को हो रही दिक्कत को लेकर छिंदवाड़ा के विधायक सोहन वाल्मीकि ने कई बार सरकार को चेताया, लेकिन कोई कदम नहीं उठाया गया। कई बार मुख्यमंत्री तथा जिला अधिकारी को पत्र लिखे मगर कोई नहीं जागा। सवाल है कि आखिर पत्र लिखने के बाद भी सरकार क्यों नहीं जागी। जब बच्चे मरने लगे और मामला ज्यादा बढ़ा, तो एक बच्ची का शव कब्र से निकालकर पोस्टमॉर्टम कराया गया। कांग्रेस नेता ने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि एक छोटी सी बीमारी में भी टेस्ट कराया जाता है, तो प्रदेश में बच्चों की किडनी फेल होने की रिपोर्ट आती है। दवा कंपनी ने परासिया जैसे आदिवासी क्षेत्र को जानबूझकर अपने कारोबार के लिए चुना है।

# जम्मू-कश्मीर के किसानों को 171 करोड़ जारी

## पीएम-किसान योजना के तहत लाभार्थियों के खाते में जमा होंगे: एलजी

श्रीनगर, वार्ता

जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को कहा कि यहां के लगभग 8.55 लाख पात्र किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत लगभग 171 करोड़ रुपए की प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता मिलेगी। यह राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा की जाएगी।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में उपराज्यपाल सिन्हा के कार्यालय ने जम्मू-कश्मीर के किसानों के लिए पीएम-किसान योजना की 21वीं किस्त अग्रिम रूप से जारी करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर के लगभग 8-55 लाख पात्र किसानों के बैंक खातों में लगभग 171 करोड़ रुपए सीधे हस्तांतरित किए जाएंगे। यह अत्यंत आवश्यक वित्तीय सहायता हमारे किसानों को अपनी आजीविका बनाए रखने और कृषि गतिविधियों को फिर से शुरू करने के लिए तेज़ी से काम करने में मदद करेगी। हमारे किसान अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और अन्य क्षेत्रों में विकास के लिए एक मज़बूत आधार प्रदान करते हैं।

### गुलमर्ग में पहली बार पारा हिमांक बिंदु से नीचे

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पर्यटन स्थल गुलमर्ग में इस मौसम में पहली बार सोमवार रात को पारा हिमांक बिदु से नीचे रहा। ऊपरी इलाकों में बारिश और बर्फबारी के कारण पूरे कश्मीर में रात के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। कश्मीर घाटी को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख से जोड़ने वाले जोजिला दर्रे का न्यूनतम तापमान शून्य से 8.0 डिग्री नीचे रहा। श्रीनगर के मौसम विभाग केंद्र के मुताबिक बारामूला के प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया और पिछले 24 घंटों में 37.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

# सपा-कांग्रेस के मुंह में राम, बगल में छुरी: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश में जातिवादी व्यवस्था के शिकार करोड़ों दलित, आदिवासी व पिछड़े वर्गों को बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के मिशनरी आंदोलन से जोड़कर आत्मसम्मान व स्वाभिमान की नई राह दिखाने वाले बसपा संस्थापक मान्यवर कांशीराम के प्रति इन दोनों दलों का रवैया हमेशा से ही जातिवादी व पक्षपाती रहा है।

मंगलवार को अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर मायावती ने कहा कि नौ अक्टूबर को कांशीराम की पुण्यतिथि है, लेकिन सपा और कांग्रेस जैसी पार्टियां समय-समय पर स्वार्थ के लिए उनके नाम का इस्तेमाल करती रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दलों का चरित्र 'मुंह में राम, बगल में छुरी' वाली कहावत को चरितार्थ करता है। सपा ने न केवल कांशीराम जी के जीवनकाल में उनके आंदोलन को कमजोर करने की कोशिश की, बल्कि बसपा सरकार द्वारा 2008 में कानपुर देहात को अलग मंडल बनाकर 'कांशीराम नगर' नाम देने के बाद भी उसे बदल दिया। इसके अलावा कांशीराम के नाम पर बनाए गए विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, अस्पतालों व संस्थानों के नाम भी सपा सरकार ने बदल दिए। मायावती ने इसे 'घोर दलित विरोधी चाल और चेहरा' करार दिया। कांशीराम के निधन पर सपा की यूपी सरकार ने राज्य में शोक दिवस तक घोषित नहीं किया। इसी तरह उस समय केंद्र में रही कांग्रेस सरकार ने भी राष्ट्रीय शोक घोषित नहीं किया। सपा और कांग्रेस जैसी पार्टियां संकीर्ण राजनीति व वोट के स्वार्थ में कांशीराम को याद करती हैं।




### पीडीए का मतलब 'पीड़ित, दुखी, अपमानित': अखिलेश

**लखनऊ।** देश के मुख्य न्यायाधीश पर हुए हमले को लेकर जारी बयानबाजी के बीच समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए समाज को लेकर अपनी आवाज़ बुलंद की है। कुछ लोगों के हाथ में जाकर तो जूता भी अपमानित महसूस करता है। यादव ने एक्स पर लिखा- पीडीए समाज का अपमान करने वाले ऐसे असभ्य लोग दरअसल अपने दंभ और अहंकार के मारे होते हैं। इनकी प्रभुत्ववादी सोच नफ़रत को जन्म देती है, जो देश के सर्वोच्च न्यायिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए जितनी होती है, उतनी ही समाज के सबसे कमज़ोर अंतिम व्यक्ति के लिए भी। ऐसे लोग वर्चस्ववाद की बीमारी से घोर ग्रसित होते हैं। हम इसलिए कहते हैं, पीडीए का मतलब है 'पीड़ित, दुखी, अपमानित'। पीडीए समाज की उदारता और भलमनसाहत 5000 सालों से ऐसे लोगों को माफ़ करती आई है।



सेंसेक्स 81926.75
निफ्टी 25108.30



सोना रु. 123300
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 157400
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन तेजी

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे दिन तेजी रही और प्रमुख सूचकांक दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 136.63 अंक (0.17 प्रतिशत) की बढ़त में 81,926.75 अंक पर बंद हुआ। बीच कारोबार में एक समय यह 500 अंक से अधिक चढ़ चुका था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 30.65 अंक यानी 0.12 फीसदी ऊपर 25,108.30 अंक पर पहुंच गया। यह दोनों का 23 सितम्बर के बाद का उच्चतम स्तर है। रियलिटी, तेल एवं गैस, फार्मा, ऑटो, वित्त, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांकों में तेजी रही। वहीं, बैंकिग, एफएमसीजी, धातु और आईटी सेक्टरों में बिकवाली ज्यादा रही। सेंसेक्स की 30 में 14 कंपनियों के शेयर हरे निशान में और अन्य 16 के लाल निशान में बंद हुए। भारती एयरटेल में सबसे अधिक 1.55 प्रतिशत की तेजी देखी गई। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर भी 1.40 प्रतिशत चढ़ा।



■ प्रमुख सूचकांक दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर

अल्ट्राटेक सीमेंट, पावरग्रिड, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, इटरनल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और मारुति सुजुकी के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। एक्सिस बैंक का शेयर सबसे अधिक 2.13 फीसदी टूट गया। टाटा मोटर्स में 2.01 प्रतिशत, ट्रेंट में 1.78 फीसदी, इंफोसिस में 1.29, भारतीय स्टेट बैंक में 1.07 और हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.02 प्रतिशत की गिरावट रही। कोटक महिंद्रा बैंक, बीईएल, टाइटन और टीसीएस के शेयर भी लाल निशान में रहे। एनएसई में जिन 3,184 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 1,635 के शेयरों में गिरावट और 1,434 में तेजी रही। अन्य 115 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.43 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.31 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। एशियाई शेयर बाजारों में जापान का निक्केई 0.01 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.52 प्रतिशत मजबूत हुआ। वहीं हांगकांग के हैंगसेंग में 0.67 फीसदी की गिरावट रही। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स और ब्रिटेन का एफटीएसई दोनों 0.02 प्रतिशत नीचे थे।

## 1.20 लाख रुपये के पार सोना, चांदी भी उछली

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतें एक बार फिर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं। भारत में 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,23,300 रुपये के स्तर को पार कर गया है। देश की राजधानी दिल्ली, जयपुर, नोएडा, लखनऊ, गाजियाबाद जैसे नॉर्थ इंडिया के शहरों में सोना 2,700 महंगा हुआ है। दिल्ली में सोना 1,23,300 प्रति 10 ग्राम और चांदी 1,57,400 प्रति किलो पर पहुंच गई। ज्ञातव्य है कि करवा चौथ का व्रत 10 अक्टूबर 2025 शुक्रवार को है। यह एक ऐसा त्योहार है जिसमें पति-पत्नी एक-दूसरे के लिए सोना खरीदते हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की वेबसाइट के अनुसार मंगलवार सुबह सोने और चांदी की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी देखी गई है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,22,070 रुपये है, जबकि मुंबई में 1,22,020, चेन्नई में 1,22,180, कोलकाता में 1,22,020, लखनऊ में 1,22,070, चंडीगढ़ में 1,22,070 और अहमदाबाद में 1,22,070 रुपये है। हालांकि ऊंची कीमतों के कारण ज्वैलरी खरीदारी थोड़ी धीमी हुई है, लेकिन गोल्ड ईटीएफऔर डिजिटल गोल्ड में निवेश बढ़ रहा है।

# चावल-चीनी रहे मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेल-दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक लजस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेहूं की कीमतों में मंदी रही। खाद्य तेलों और दालों के दाम में उतार-चढ़ाव देखा गया। वहीं चीनी में भी बढ़त देखी गई।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 35 रिंगिट चढ़कर 4,472 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.89 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50.83 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 12 रुपये बढ़कर 3,864.44 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। गेहूं के भाव नौ रुपये घटकर 2,852.46 रुपये प्रति क्विंटल रहे। आटे की कीमत भी तीन रुपये गिर गई और यह 3,303.07 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 52 रुपये और मूंगफली तेल की 57 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। अन्य तेलों में तेजी रही। सूरजमुखी तेल 88 रुपये और वनस्पति 85 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की कीमत 33 रुपये और पाम ऑयल की 38 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत नौ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। मूंग दाल की औसत कीमत 16 रुपये और मसूर दाल की 10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। वहीं तुअर दाल सात रुपये और उड़द दाल तीन रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 15 रुपये प्रति क्विंटल घट गई, जबकि चीनी में तीन रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही।



# मुख्यमंत्री के जनता दरबार न लगने से निराश लौटे फरियादी

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को अपने दो दिवसीय दौरे के बाद वापस लौट गए। इसके बावजूद सुबह से ही सर्किट हाउस के बाहर फरियादियों की भीड़ जमा होने लगी। फरियादियों को उम्मीद थी कि पिछली बार की तरह इस बार भी मुख्यमंत्री जनता दरबार में उनकी समस्याएं सुनेंगे। हालांकि प्रोटोकॉल के अनुसार जनता दरबार का आयोजन नहीं था, जिसके कारण फरियादियों को निराश होकर लौटना पड़ा। अखिल भारतीय आंगनवाड़ी महासंघ की जिलाध्यक्ष भारती ने बताया कि वे मुख्यमंत्री से मिलने आई थीं, लेकिन मुलाक. ात नहीं हो सकी। उनकी मांग थी कि अन्य राज्यों की तरह आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की तनख्वाह में भी वृद्धि की जाए। उन्होंने कहा कि दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद हमें उनसे काफी उम्मीदें हैं।

बलिया से आए श्रीपति पांडेय ने बताया कि उन्हें उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री इस बार भी जनता की समस्याएं सुनेंगे, इसलिए वे वाराणसी आए। उन्होंने कहा कि जमीनी विवाद के कारण उनका पूरा परिवार परेशान है।

### योगी से मिलकर न्याय मांगेंगे भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह के ससुर

**लखनऊ।** भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह और उनकी पत्नी ज्योति सिंह के बीच चल रहा विवाद अब परिवार से निकलकर सियासत के गलियारों तक पहुंचने की तैयारी में है। मंगलवार को लखनऊ पहुंचे ज्योति सिंह के पिता रामबाबू सिंह ने कहा है कि वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर अपनी बेटी के सम्मान और न्याय की मांग करेंगे। रामबाबू सिंह और उनकी पुत्री ज्योति सिंह देर-सबेर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर सकते हैं। रामबाबू का कहना है कि वे एक पिता के रूप में बेटी के सम्मान और सुरक्षा की गुहार लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी बस इतनी मांग है कि बेटी को सम्मान के साथ रखे। उन्होंने कहा कि हमारी बेटी उनसे बात करने ही आई थी, लेकिन वह बातचीत नहीं की, उल्टा पुलिस को भेज दिया है। पुलिस पहुंच गई और बेटी को ले जाने लगी।

# गरब्यांग में टेंट-आधारित होमस्टे का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने ग्रामीण पर्यटन, सतत विकास एवं सामुदायिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए ऑपरेशन सद्भावना के अंतर्गत कुमाऊं क्षेत्र के सीमावर्ती गांव गरब्यांग में एक टेंट-आधारित होमस्टे का उद्घाटन किया।

भारतीय सेना ने यहां एक बयान में मंगलवार को कहा कि इस सुविधा का उद्घाटन छह अक्टूबर को उत्तर भारत क्षेत्र के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा ने किया। केन्द्र सरकार के वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अनुरूप इस पहल का उद्देश्य पर्यटकों को क्षेत्र की जीवंत संस्कृति एवं प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव प्रदान करना है। इसके साथ ही समुदाय-आधारित पर्यटन के माध्यम से स्थानीय आजीविका को सशक्त बनाना है। गरब्यांग से दो पवित्र तीर्थयात्रा मार्ग निकलते हैं, जिसमें पहला आदि कैलाश की ओर और दूसरा ओम पर्वत तथा कालापानी की ओर जाता है। इसका सामरिक एवं आध्यात्मिक महत्व इसे कुमाऊं के ऊंचे इलाकों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाता है। ग्रामीणों ने इस उद्घाटन समारोह में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। ऑपरेशन सद्भावना के अंतर्गत विकसित एवं ग्रामीणों द्वारा स्वतंत्र संचा. लित इस होमस्टे से आगंतुकों को स्थानीय जीवन शैली का अनुभव प्राप्त करने का एक अनूठा अवसर मिलता है। होमस्टे की बुकिंग का प्रबंधन गरब्यांग ग्राम समिति द्वारा किया जाता है, जिनसे 9410734276, 7579811930, 9596752645 नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। भोजन सहित प्रति व्यक्ति प्रति रात्रि किराया 1,000 रुपए है। पर्यटन को बढ़ावा देने के अलावा भारतीय सेना कुमाऊं के सीमावर्ती क्षेत्रों में विभिन्न विकास परियोजनाएं चलाती है, जिसमें गांवों का विद्युतीकरण करना, हाइब्रिड सौर संयंत्र स्थापित करना, चिकित्सा शिविर आयोजित करना, पॉलीहाउस बनाना और आधारभूत ढांचे में सुधार लाना शामिल है।



■ ग्रामीण पर्यटन व विकास को मिलेगा बढ़ावा: सेना

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सफाई कर्मियों को दुर्घटना में 35-40 लाख रुपये देने की व्यवस्था करेगी सरकारः योगी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा समाज की सुरक्षा है और उनका सम्मान भगवान वाल्मीकि की विरासत का सम्मान है। उन्होंने घोषणा की कि अब सफाई और संविदा कर्मियों का भुगतान आउटसोह्वसग कंपनियों के माध्यम से नहीं, बल्कि सीधे सरक. ारी कॉरपोरेशन के खाते से किया जाएगा। स्वच्छता कर्मियों को पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर भी दिया जाएगा।

सीएम ने कहा कि यदि किसी सफाई कर्मचारी के साथ दुर्भाग्यवश कोई दुर्घटना होती है या वह आपदा की चपेट में आता है, तो बैंक से समन्वय कर 35 से 40 लाख रुपये तक की सहायता की व्यवस्था की जाएगी। यह सुविधा फिलहाल अस्सी हजार होमगार्डों को दी जा चुकी है, अब सफाई कल्र्मयों को भी इससे जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर महासभा ट्रस्ट द्वारा आयोजित महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारत के महापुरुषों की परंपरा के भाग्य विधाता हैं। जब उन्होंने लोककल्याण के लिए लेखनी चलाई, तो पहले यह पूछा कि चरित्र से युक्त व्यक्ति कौन है, क्योंकि वही व्यक्ति राष्ट्र और समाज कल्याण का माध्यम बन सकता है। योगी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जब शिकागो धर्मसभा में गए, तो उनकी वेशभूषा देखकर लोग हंसे, लेकिन उन्होंने कहा था कि तुम्हारी पहचान पहनावे से बनती है, हमारी पहचान चरित्र से। यही भारत की विशेषता है। भगवान वाल्मीकि ने रामायण के माध्यम से बताया कि मर्यादा और चरित्र ही जीवन का आदर्श होना चाहिए। राम ने कभी मर्यादा की लक्ष्मण रेखा का उल्लंघन नहीं किया, यही संदेश आज भी प्रासंगिक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान वाल्मीकि की परंपरा ने हर कालखंड में समाज का मार्गदर्शन किया है, रामायण काल में महर्षि वाल्मीकि, महाभारत काल में महर्षि वेदव्यास, मध्यकाल में सद्गुरु रविदास और स्वतंत्रता संग्राम के समय बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने समाज को दिशा दी। यही दृष्टि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के संकल्प में दिखाई देती है। योगी ने सपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग भगवान राम को गाली देते हैं, वे भगवान वाल्मीकि का भी अपमान करते हैं। 2012 में जब सपा सरकार आई थी, तो सामा. जिक न्याय के पुरोधाओं के स्मारकों को तोड़ने की धमकी दी थी। भाजपा ने तब कहा था कि ऐसे लोगों को जनता जवाब देगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि समाजवादी सरकार ने बाबा साहेब आंबेडकर, मान्यवर कांशीराम और अन्य महापुरुषों के नाम पर बने संस्थानों के नाम बदल दिए थे, जबकि भाजपा सरकार ने उन्हें पुनः स्थापित किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के गुंडे लालापुर के आश्रम पर कब्जा कर रहे थे,

तब हमने कहा कि इनके नाम नोट करो और जो संपत्ति इनके बाप-दादाओं ने जमा की है, उसे आश्रम के नाम कर दो। सपा के शासन में सफाई कर्मियों को चार हजार रुपये तक नहीं मिल पाते थे, लेकिन अब हर सफाईकर्मी को उचित मानदेय, बीमा कवर और सम्मानजनक व्यवस्था दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने वाल्मीकि समाज से अपील की कि बच्चों को शिक्षा दें और उन्हें नेतृत्व के योग्य बनाएं। उन्होंने कहा कि कोई कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता, सफाई कर्मियों ने सदैव समाज के लिए समर्पण का भाव दिखाया है। सीएम योगी ने बताया कि अयोध्या में बने राम मंदिर परिसर में सप्तऋषियों के जिन मंदिरों का निर्माण हुआ है, उनमें एक मंदिर भगवान वाल्मीकि का भी है। देश का पहला इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी महल्र्ष वाल्मीकि के नाम पर अयोध्या में बना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार समाज को जोड़ने और सशक्त बनाने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य लालजी प्रसाद निर्मल ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, बृजलाल, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल और कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सीएम योगी, उपमुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र ने व्यक्त किए उद्गार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए समाज में समरसता, समानता और स्वावलंबन के संकल्प को दोहराया। तीनों नेताओं ने अपने संदेशों में कहा कि महर्षि वाल्मीकि की प्रेरणा आज भी भारत की संस्कृति, नीति और नैतिकता के मूल में विद्यमान है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि केवल एक कवि नहीं, बल्कि भारत की आत्मा को दिशा देने वाले त्रिकालदर्शी ऋषि थे।

उन्होंने प्रश्न किया था कि कौन ऐसा व्यक्ति है जो चरित्र से युक्त हो, और इसी प्रश्न का उत्तर उन्होंने स्वयं प्रभु श्रीराम के रूप में दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाल्मीकि की रचना रामायण ने मानवता के लिए आदर्श जीवन का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि ह्हमारे देश में व्यक्तित्व वस्त्रों से नहीं, चरित्र से पहचाना जाता है। राम ही साक्षात धर्म हैं, और वाल्मीकि जी ने चरित्र को ही राष्ट्र निर्माण का आधार बताया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने सनातन संस्कृति के संदेश को विश्वभर में पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधी जी की अधूरी सोच को पूरा करते हुए स्वच्छता मिशन और सामाजिक सम्मान के माध्यम से वाल्मीकि समाज को आत्मगौरव का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि ह्प्रधानमंत्री मोदी ने देश के हर गरीब, दलित और वंचित को सम्मान से जीने का हक दिया है। शौचालय और स्वच्छता अभियान केवल योजनाएं नहीं, बल्कि समानता के प्रतीक हैं। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि महल्र्ष वाल्मीकि का काव्य, रामायण, न केवल भारतीय संस्ख्र ति की आत्मा है बल्कि सामाजिक समरसता का भी दर्पण है।

उन्होंने कहा कि ह्कांग्रेस और समाजवादी सरकारों ने वर्षों तक दलित समाज को उपेक्षित रखा, जबकि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी ने रामराज्य की भावना के अनुरूप सबको साथ लेकर चलने का कार्य किया है। भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि आज प्रदेश में कानून का राज स्थापित है, भ्रष्टाचार और बूथ लूट की घटनाएं समाप्त हुई हैं।

## वाल्मीकि जयंती पर पर्यटन मंत्री का संबोधन

### सबका साथ, सबका विकास की राह पर बढ़ रहा है उप्रः जयवीर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं। वंचित, पीड़ित और समाज के उपेक्षित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें सम्मान और समान अवसर देना ही सरकार की प्राथमिकता है।

वाल्मीकि जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में वाल्मीकि समाज के आस्था स्थलों को पर्यटन और संस्ख्रति विभाग द्वारा तेजी से विकसित किया जा रहा है। चित्रकूट में भगवान वाल्मीकि के जन्मस्थल के आसपास पर्यटन सुविधाओं का विस्तार किया गया है, साथ ही उनके भाव अलौकिक मूर्तियों की स्थापना कर सांस्कृतिक दृष्टि से स्थल को सशक्त बनाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में वाल्मीकि समाज के धार्मिक स्थलों और मंदिरों की पहचान कर उन्हें पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री ने बताया कि विभाग की पहल पर पूरे प्रदेश में बाल्मीकि जयंती पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया है, जिससे समाज में एकता और सांस्कृतिक चेतना को बल मिले। जयवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में समाज के वंचित तबके को विकास की मुख्यधारा में लाने और सम्मान देने का अभूतपूर्व कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार केवल योजनाओं की घोषणा नहीं करती, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारकर हर वर्ग तक पहुंचाने का काम कर रही है। मंत्री ने वाल्मीकि जयंती के अवसर पर समाज के सभी लोगों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि उत्तर प्रदेश अब समानता, सम्मान और समरसता के पथ पर निरंतर अग्रसर है।

## लक्ष्य और राजस्व दोनों में पिछड़ा जीएसटी विभाग आबकारी नंबर वन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सितंबर माह के राजस्व संग्रह में आबकारी विभाग ने सभी विभागों को पछाड़ते हुए नंबर वन स्थान हासिल किया है, जबकि लक्ष्य और राजस्व दोनों ही मामलों में राज्य कर (जीएसटी) विभाग पिछड़ गया।

प्रदेश सरकार को सितंबर माह में कुल पंद्रह हजार दो सौ सैंतीस करोड़ चौवालीस लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो पिछले वर्ष सितंबर की तुलना में चार सौ उनचास करोड़ इक्यावन लाख रुपये अधिक है। आबकारी विभाग ने इस अवधि में तीन हजार आठ सौ ग्यारह करोड़ सत्तर लाख रुपये का राजस्व अल्र्जत किया, जो निर्धारित लक्ष्य का नब्बे दशमलव आठ प्रतिशत है। इस प्रकार आबकारी विभाग राजस्व संग्रह में शीर्ष पर रहा। इसके विपरीत राज्य कर विभाग (जीएसटी) को सितंबर माह में पांच हजार छह सौ दस करोड़ पचपन लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि गत वर्ष इसी अवधि में छह हजार एक सौ आठ करोड़ सत्ताईस लाख रुपये मिले थे।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** बिसवां नगर में महर्षि वाल्मीकि जी का प्रकटोत्सव पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि आश्रम से एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बाल्मीकि मंदिर पर जाकर संपन्न हुई।इस मौके पर जिला प्रचारक सुरेंद्र कुमार , ओम, दीपक शुक्ला, रूपेश अवस्थी,पंकज गुप्ता, गोपी मिश्रा, रोहित मिश्रा, ऋतुराज सिंह, सौरभ सरकार, प्रेम शंकर बाजपेई, पुनीत शुक्ला, आयुष मिश्रा,ओपी गुप्ता,आशीष गुप्ता सहित शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हुए।

### ऑनलाइन गेमिंग की भस्मासुरी लत

## किशोर ने मां की जान ली, कुछ दिन पहले 13 वर्षीय ने दी थी जान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** ऑनलाइन गेमिंग की लत अब सिर्फ समय और धन नहीं, लजदगियां भी लीलने लगी है। राजधानी लखनऊ में बीती रात एक और ह्दयविदारक घटना ने इसका भयावह चेहरा उजागर कर दिया।

फतेहपुर से गिरफ्तार किए गए किशोर निखिल यादव ने पुलिस के सामने जो सनसनीखेज खुलासा किया, उसने समाज को झकझोर कर रख दिया है। निखिल ने अपनी ही मां रेनू यादव की हत्या सिर्फ इसलिए कर दी क्योंकि वह ऑनलाइन गेमिंग में 26 हज़ार रुपये हार गया था और यह रकम उसने गेमिंग साइट से ही कर्ज के रूप में ली थी। घटना बीते रविवार की है, जब रायबरेली रोड के बाबूपूर गांव में रेनू यादव का खून से लथपथ शव घर के भीतर मिला। उसी समय से उनका बेटा निखिल मोटरसाइकिल लेकर फरार था। सीसीटीवी फुटेज में वह बैग लेकर घर से निकलता हुआ दिखा था। पुलिस ने सल्र्वलांस के जरिए पता लगाया और बीती रात फतेहपुर से उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में निखिल ने बताया कि उसने घर में चोरी का मन बनाया था। वह ननिहाल से चाबी लेकर आया था और मां का मंगलसूत्र निकाल रहा था तभी मां ने पकड़ लिया। गुस्से में उसने अलमारी में रखा लोहे का पेंचकस उठाया और मां के गले पर वार कर दिया। जब वह चिल्लाने लगी तो टीवी का वॉल्यूम बढ़ा दिया ताकि आवाज बाहर न जाए, फिर उसने सिलेंडर से सिर पर कई वार करके उसकी जान ले ली। यह दिल दहला देने वाली वारदात कुछ ही दिनों पहले घटी एक अन्य घटना की भयावह याद ताज़ा कर देती है, जब लखनऊ में ही कक्षा आठ के 13 वर्षीय छात्र ने ऑनलाइन गेम में हारकर घर से 13 लाख रुपये चुराए और पिता की डांट के डर से आत्महत्या कर ली थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऑनलाइन गेमिंग कंपनियां अब जुए की तरह किशोरों को फंसा रही हैं।

## आईबीपीएस परीक्षा में फर्जीवाड़ा गिरोह का पर्दाफाश, 10 गिरफ्तार

**लखनऊ।** कमिश्नरेट के थाना बिजनौर पुलिस ने मंगलवार को आईबीपीएस परीक्षा में फर्जी अभ्यर्थियों के माध्यम से परीक्षा दिलवाने वाले एक बड़े गैंग का भंडाफोड़ करते हुए उसके दस सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, इस गिरोह का सरगना बिहार निवासी आनंद कुमार है, जो उत्तर प्रदेश सम्भल ग्रामीण बैंक की खबपूरा शाखा में सहायक प्रबंधक के पद पर तैनात है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बिजनौर परीक्षा केंद्र पर आदित्य नामक अभ्यर्थी की जगह अभिषेक नाम का युवक परीक्षा दे रहा है।

## हरीश हूण बने लोकदल के पश्चिमी उप्र प्रभारी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने हापुड़ जनपद के ग्राम भुपलपुर निवासी हरीश हूण को आगामी विधानसभा चुनाव दो हजार सत्ताईस के लिए लोकदल का पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी मना. नीत किया है।

संगठनात्मक ढांचे को मजबूत बनाने और कार्यशैली में जवाबदेही बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया यह मनोनयन पार्टी की रणनीतिक तैयारी का हिस्सा बताया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विश्वास व्यक्त किया है कि हरीश हूण पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की नीतियों और सिद्धांतों पर चलते हुए लोकदल को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे तथा जन-जन तक पार्टी की विच. ारधारा पहुंचाएंगे। मनोनयन पत्र में कहा गया है कि हरीश हूण का अनुभव और सक्रियता संगठन के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सपाइयों ने किया माल्यार्पण

### बिना सामाजिक न्याय के रामराज संभव नहीं





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय सहित सभी जिलों में मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ओर से माल्यार्पण कर नमन किया।

इसके बाद लालबाग स्थित नूरमंजिल के पास महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर भी उन्होंने श्रद्धासुमन अर्पित किए। परिवर्तन चौक पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद आर. के. चौधरी ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के दिखाए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने सामाजिक न्याय की ताकतों को मजबूत करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने संदेश में कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती समाज में समानता, भाईचारा और न्याय के मूल्यों को स्मरण करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि समाज में भेदभाव, ऊंच-नीच और नफरत की भावना समाप्त किए बिना राम. राज की कल्पना अधूरी है। समा. जवादी पार्टी ने अपने शासनकाल में वाल्मीकि समाज के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई थीं और महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया था। भाजपा सरकार में पीडीए में शामिल वाल्मीकि समाज पर हो रहे अत्याचारों की निंदा करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि समा. जवादी पार्टी वाल्मीकि समाज को रोजगार, सम्मान और सुरक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक जुगल किशोर वाल्मीकि के साथ डॉ. राजपाल कश्यप, फाखिर सिद्दीकी, जयसिंह जयंत, मो. एबाद, विजय यादव, प्रदीप शर्मा, अरविन्द कुमार सिंह (पूर्व सांसद), सुधीश यादव 'मुन्ना भैया', डॉ. फिदा हुसेन अंसारी, सी. एल. वर्मा, श्रीमती इसरत हक सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और वाल्मीकि समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बाइक सवार की सड़क हादसे में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** रामकोट थाना क्षेत्र के मिर्जापुर इलाके में मंगलवार की सुबह सड़क हादसे में 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान शिवकुमार पुत्र रामऔतार निवासी मिर्जापुर के रूप में हुई है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।

जानकारी के अनुसार, शिवकुमार मंगलवार को अपने घर से बाइक द्वारा दवा लेने के लिए कस्बे गया था। दवा लेकर वापस घर लौटते समय मिर्जापुर के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से शिवकुमार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवारजन अस्पताल पहुंचे तो वहां का माहौल गमगीन हो गया। परि. जनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि शिवकुमार मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी रामकोट सुरेश पटेल ने बताया कि हादसे की सूचना दर्ज कर ली गई है और अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

## भाजपा सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य, शिक्षा व कानून व्यवस्था को बर्बाद कियाः अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रदेश में भाजपा सरकार की नाकामियों को लेकर कड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य, शिक्षा और कानून व्यवस्था पूरी तरह से बर्बाद हो गई है।

हर क्षेत्र में बदइंतजामी है और सरकार पूरी तरह विफल है। महंगाई और बेरोजगारी चरम पर हैं। अस्पतालों में दवा और इलाज नहीं मिल पा रहा, स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं और किसानों को खाद एवं बीज नहीं मिल पा रहा है। जंगली जानवर हर रोज लोगों पर हमला कर रहे हैं और अपराधी खुलेआम घटनाएं कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि महिलाओं के साथ अपराध लगातार बढ़ रहा है और उत्तर प्रदेश में महिला अपराध एवं अपहरण के मामले देश में सबसे अधिक हैं। भाजपा सरकार के पास झूठ और झूठे आंकड़े ही हैं। प्रदेश में भ्रष्टाचार ने हर विभाग और हर कार्य को घेरे रखा है। अवैध कारोबार, जमीनों पर कब्जा, गरीबों और दलितों के प्रति अन्याय और पीडीए पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। अपराधी तत्वों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार में अराजकता है। मुख्यमंत्री और उनके मंत्री जनता को झूठे आंकड़ों से भरमाने की को. शिश कर रहे हैं। विकास कार्य ठप्प हैं, बजट का लूट और बंदरबांट हो रहा है।

जनता भाजपा सरकार की नाकामियों से ऊब चुकी है और 2027 के विधानसभा चुनाव का इंतजार कर रही है। जनता भाजपा को हटाकर समाजवादी सरकार लाना चाहती है। अखिलेश यादव ने जोर देकर कहा कि समाजवादी सरकार ही प्रदेश का विकास सुनिश्चित कर सकती है। दवा-इलाज और सुविधाएं लोगों तक पहुंचेगी। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से छुटकारा मिलेगा।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर मन्दिरों में आयोजित हुआ अखंड रामायण पाठ/भजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** शासन के निर्देश के क्रम में एवं जिलाधिकारी संजय चौहान व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के मार्गदर्शन में आदि काव्य रामायण के रचयिता महल्र्ष वाल्मीकी जी की जयन्ती जनपद में हर्षोल्लास व भक्तिमय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर जनपद में कई आयोजन किए गए।

श्रीराम/जानकी, हनुमान जी के मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलन, दीपदान तथा माल्यार्पण के साथ ही अखंड रामायण का पाठ हुआ। बताते चलें कि महल्र्ष बाल्मीकि विश्व के आदि कवि हैं जिन्होंने प्रभु श्री राम के जीवन काल में ही कालजयी ख्रत रामायण की रचना कर मानवता को धर्म, नीति और आदर्श जीवन का मार्ग दिखाया। महल्र्ष वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि मानव जीवन, समाज और राष्ट्र निर्माण के मूल्यों की दिशा तय करने वाला आदर्श ग्रंथ है। इस ग्रंथ में निहित मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध का व्यापक प्रचार प्रसार आज के समय में भी समाज को मार्गदर्शन प्रदान करता है। जन सामान्य को इससे जोड़ने के लिए आज महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर जनपद के सभी 13 विकासखंडों में स्थित 19 प्रमुख मंदिरों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन मंदिरों में देवी पाटन मंदिर अमेठी, हनुमान मंदिर सराय महेशा और फरीदपुर, रायपुर रामगंज का हनुमान मंदिर, घोरहा का हनुमान मंदिर, उल्टा गढ़ा माफी का हनुमान मंदिर, पालपुर, कठौरा और हुसैनगंज कला के हनुमान मंदिर, गौरा की हनुमानगढ़ी, मुसाफिरखाना के राम-जानकी मंदिर और लपडारा करनाई के हनुमान मंदिर, संग्रामपुर का कालीकन धाम मंदिर, शाहगढ़ का जलामा हनुमान मंदिर, शुकुल बाजार के मवैया रहमतगढ़ स्थित हनुमान मंदिर व राम-जानकी मंदिर, तिलोई की हनुमानगढ़ी तथा सिंहपुर के रामपुर हनुमान मंदिर और अहोरवा भवानी मंदिर प्रमुख रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सफाई कर्मियों के सहारे दौड़ रही अधिकारियों की गाड़ी

## झाड़ू नहीं गाड़ियों का स्टेयरिंग हाथों में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** तहसील क्षेत्र की कुछ नगरपालिका में काम करने वाले सफाई कर्मचारी भले ही शहर चमक.ाने के लिए तैनात किए गए हों, लेकिन यहां हालात कुछ और ही कहानी कह रहे हैं। नगर पालिका के कई सफाई कर्मियों की झाड़ू अब अधिकारियों की गाड़ियों की स्टीयरिंग बन चुकी है।

सूत्रों के मुताबिक, कई बड़े अफसरों की गाड़ियां इन दिनों उन्हीं सफाई कर्मियों के सहारे दौड़ रही हैं जिनका काम शहर को साफ रखना है। तनख्वाह जनता के टैक्स से मिल रही है, लेकिन सेवा अधिकारी की सुविधा में झोंक दी गई है। कुछ जगहों पर तो आलम यह है कि सफाईकर्मी पूरे दिन साहब की गाड़ी लेकर दौड़ते हैं, उनके आने-जाने, बाजार और मीटिंग के काम भी वही निपटाते हैं। मजेदार बात यह है कि सफाई कर्मचारी भी इस ड्यूटी को बिना किसी झिझक के निभा रहे हैं। शायद कारण यह है कि झाड़ू और नालों से जूझने की जगह एसी गाड़ी चलाने में न आराम है, न बदबू! ऊपर से साहब के भरोसेमंद कहलाने का अलग फायदा। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर सफाईकर्मी गाड़ी चलाएंगे तो शहर की सफाई कौन करेगा? नगर पालिका प्रशासन इस मामले में मौन है। किसी भी अधिकारी ने अब तक इस पर कोई बयान नहीं दिया है, जबकि कर्मचारियों की तैनाती सूची में साफ लिखा है कि उनका कार्यक्षेत्र स्वच्छता से जुड़ा है, दूसरे विभागो के अधिकारियों के वाहन संचालन से नहीं। कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह न केवल कर्तव्य की अवहेलना है बल्कि सार्वजनिक संसाधनों के दुरुपयोग का उदाहरण भी है। जनता के टैक्स से चलने वाला सिस्टम आखिर किसकी सुविधा के लिए है शहर की सफाई के लिए या अधिकारियों की गाड़ी के लिए? अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस सवारी व्यवस्था पर कब लगाम लगाते हैं या फिर सफाईकर्मियों के भरोसे ही गाड़ियाँ दौड़ती रहेंगी और शहर की सफाई कागजों में होती रहेगी।

## दबंग ने युवक को किया घायल

**हसनपुर।** गांव सिहाली जागीर निवासी फहीम पुत्र शमीम का कहना है कि गांव के एक युवक पर उसके नर्सरी के 38000 उधार थे। मंगलवार को उसने युवक से अपने उधार के पैसों को मांगा था। यह सुनकर आरोपी युवक आग बबूला हो गया तथा उसके साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित का कहना है कि आरोपी ने उसके सर में तमंचे की बट मारी है जिससे खून की धारा बाहर को निकल आई। पीड़ित ने बताया कि उसके बाद आरोपी युवक ने कई लोगों के साथ मिलकर उसके घर पर हमला बोल दिया तथा उसके पिता के साथ भी गाली गलौज की है।

# गन्ना मूल्य पांच सौ रुपये घोषित करे सरकार

## भाकियू संयुक्त मोर्चा ने उठायी मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की पंचायत ब्लॉक के त्रिलोकपुर गांव में चौधरी पवन वीर सिंह के आवास पर आयोजित कि गई।

मंगलवार को आयोजित पंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि गन्ने का भाव 500 प्रति कुंतल से कम किसानों को मंजूर नहीं होगा। खाद बीज तेल और कृषि यंत्र समेत सभी चीजों पर महंगाई बढ़ी है तो किसान की फसलों का भाव भी बढ़ना चाहिये। सरकार किसानों के साथ पराया व्यवहार कर रही है। इस देश की इकोनॉमी किसानों से चलकर देश की तरक्की का रास्ता खेत और खलिहानों से होकर गुजरता है। नरेश चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार किसानों के साथ बिजली कर्मचारियों शिक्षकों छात्रों का और व्यापारियों का भी उत्पीड़न कर रही है। जिसे संयुक्त मोर्चा सहन नहीं करेगा और सभी वर्गों की लड़ाई रोड पर उतर कर लड़ने को मजबूर होगा। राष्ट्रीय सचिव चंद्रपाल सिंह ने कहा कि रोड टैक्स और टोल टैक्स के नाम पर आम आदमी के साथ लूट हो रही है। उत्तर प्रदेश सरकार किसानों के घरों और ट्यूबवेलों पर डिजिटल मीटर लगाकर किसानों का उत्पीड़न कर रही है। उत्तर प्रदेश में घरेलू बिजली 200 यूनिट मुफ्त दी जानी चाहिये। संयुक्त मोर्चा इसकी मांग करता है।अध्यक्षता चौधरी जगदेव सिंह ने की और संचालन राहुल सिद्धू ने किया। इस दौरान कैलाश नाथ, अरुण सिद्धू, अंकुर चौधरी, केवल चौधरी, तेजपाल सिंह मौजूद रहे।

# वाल्मीकि शोभायात्रा का पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

## झांकियों ने जीता लोगों का दिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** वाल्मीकि जयंती के अवसर पर शोभा यात्रा निकाली गई इस शोभा यात्रा पर जगह जगह फूलो से स्वागत किया गया और डीजे की धुन पर शोभा यात्रा मे नाचते गाते हुए आगे की ओर बढ़ते गए ये शोभा मोहल्ला चौकीदारान, से अमरोहा रोड से होकर जाटव कालोनी से यूटर्न लेकर जोया चौराहा से साप्ताहिक बाजार वाले पुल के नीचे से होकर सरकारी अस्पताल के रास्ते से जोया चौराहा से सर्विस रोड पेट्रोल पंप तक शोभा यात्रा का समापन हुआ। वाल्मीकि जयंती शोभा यात्रा समिति ओमप्रकाश वाल्मीकि आकाश वाल्मीकि एवं युवा मोर्चा मण्डल महामंत्री अरविंद वाल्मीकि, संजीव वाल्मीकि, अमरजीत वाल्मीकि, गौरव वाल्मीकि, राजकुमार चंदेल वाल्मीकि मौजूद रहे।

# धूमधाम से निकाली गई वाल्मीकि शोभायात्रा



## जगह-जगह हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** महर्षि वाल्मीकि की शोभायात्रा को बैंड बाजों एवं डीजे के साथ धूमधाम के साथ निकाला गया। शोभायात्रा का जगह-जगह धर्म प्रेमी जनता द्वारा स्वागत किया गया।

मंगलवार को नगर के मोहल्ला वाल्मीकि बस्ती स्थित वाल्मीकि मंदिर से निकलने वाली शोभायात्रा का मुख्य अतिथि संतोष बडगुजर द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। शोभा यात्रा पूर्व विधायक तुलाराम सैनी श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज मोहल्ला हिरनवाला मनापुर अंबेडकर पार्क मैंन बाजार इंदिरा चौक पंसारा बाजार होते हुए रहरा अड्डा पहुंची। वहां से शोभायात्रा जामा मस्जिद पुराना डाकखाना पूर्व मंत्री कमाल अख्तर के कार्यालय के सामने होते हुए वापस वाल्मीकि मंदिर में जाकर समापन हो गया। शोभा यात्रा में महर्षि वाल्मीकि, राम सीता, लक्ष्मण, हनुमान, राधाकृष्ण, विष्णु भगवान, भगवान शंकर, भारत माता व शेरावाली की झांकी सुंदर वेशभूषा में श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। के अलावा गोरिल्ला, नाग नागिन, राजस्थानी झांकी, राधा कृष्ण की झांकी, काली का अखाड़ा बहुत ही सुंदर तरीके से नृत्य करता हुआ चल रहा था। इसके अलावा कई अन्य झांकियां भी शोभा यात्रा में शामिल थी। शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कमल राय, अजय पाल, श्रीमती चमन देवी, विजय पारछा, पप्पू, राकेश कुमार, दिनेश कुमार, सनम पाल, विशाल चंद, बसु, आकाश बडगुजर, उमेश, महेंद्र वाल्मीकि, गौरव राज, रॉबिन, नवीन कुमार, सुंदरलाल, मनोज पाल मौजूद थे।

# महर्षि वाल्मीकि के आदर्श जीवन में अपनाएं

## जयंती पर सपाईयों ने किया याद




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सपा जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि भगवान वाल्मीकि के आदर्शो को जीवन में उतारकर हमें उनके बताये रास्ते पर चलना चाहिये। पार्टी कार्यालय पर सपाईयों ने भगवान वाल्मीकि जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसकी शुरूआत उनके चित्र पर माल्यार्पण से हुई। जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि भगवान वाल्मीकि ने समाज को नई दिशा दी। हम सभी को उनके बताये रास्ते पर चलना चाहिये। जिला महासचिव चन्द्रपाल सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार पीडीए का उत्पीड़न कर रही है। जिससे अब इस सरकार से लोगों का मोहभंग होता जा रहा है। चौधरी अजय मलिक ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जयंती पर पीडीए वर्ग को संकल्प लेना चाहिये कि वर्ष 2027 में सपा की सरकार बनायेंगे। कार्यक्रम में ब्रहम पवार, सलमान प्रधान, प्रतीक धारीवाल, धीर सिंह वाल्मीकि, संतराम यादव, महमूद अली उर्फ भूरा, मुख्तार नकवी, मुमताज खां, शाजिद अली, अशोक यादव, विपिन कौशिक, नौशाद खान, दिवाकर आंनद मौजूद रहे।

# दो बदमाशों को तीन तीन साल की सजा

## कोर्ट ने छह हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** दो बदमाशों को अदालत ने तीन-तीन साल जेल की सजा सुनाई। दोषियों पर छह हजार रुपये का जुर्माना लगाया। दोनों दोषी जमानत पर थे। 22 साल से मुकदमे की सुनवाई चल रही थी।

बछरायूं थाना क्षेत्र के मोहल्ला पीरजादगान निवासी मोहम्मद वसी के साथ साल 2003 में लूट की घटना हुई थी। मामले में बछरायूं पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर रजबपुर क्षेत्र के गांव टांडा निवासी सुबराती उर्फ सुभराती और गांव पूठी निवासी नन्हे को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने दोनों के कब्जे से लूटा हुआ सामान भी बरामद किया था। बाद में पुलिस ने दोनों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया था। मुकदमे की सुनवाई तभी से अदालत में विचाराधीन थी। मंगलवार को अदालत में इस मुकदमे की आखिरी सुनवाई की गई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने सुबराती उर्फ सुभराती व नन्हे को दोषी करार दिया। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि अमरोहा पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते अदालत ने दोनों दोषियों को तीन-तीन साल जेल की सजा सुनाई है तथा छह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

# स्वास्थ्य विभाग ने चार क्लीनिक किए सील

## अवैध रूप से किए जा रहे थे संचालित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव सकतपुर में स्वास्थ्य विभाग को सूचना मिली थी कि यहां पर अवैध रूप से क्लीनिकों का संचालन किया जा रहा है। नोडल अधिकारी एवं हसनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर ध्रुवेंद्र कुमार ने गांव में पहुंचकर अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों पर छापा मार दिया। यह देखकर गांव व आसपास के क्षेत्र में संचालित अवैध क्लिनिको के संचालक दुकानों के शटरों को बंद करके फरार हो गये। नोडल अधिकारी ने बताया कि जिन क्लीनिकों पर छापेमारी की गई है।वहां पर कोई बोर्ड लगा हुआ नहीं था। चारों क्लीनिकों को सील कर दिया गया है। उनके संचालकों से जरूरी दस्तावेज दिखाने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों को किसी भी हाल में संचालन नहीं करने दिया जायेगा।

# गन्ना मूल्य साढ़े पांच सौ रूपये घोषित हो

## भाकियू खालसा की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन खालसा की बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए न्यूनतम गन्ना मूल्य ₹550 प्रति कुंतल घोषित करने की मांग की। जिलाध्यक्ष प्रदीप धारीवाल ने कहा कि गन्ने का न्यूनतम मूल्य ₹550 होना चाहिए और किसानों को गन्ना बेचने पर नगद भुगतान मिलना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि किसानों को एकजुट होकर अपना हक मांगना चाहिए क्योंकि हक मांगने से मिलता है, और नहीं मिलने पर छीनना पड़ता है। भारतीय किसान यूनियन खालसा राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानती है और उनका मानना है कि सभी किसान यूनियन एक मंच पर आएं तो फसल का उचित मूल्य मिल सके। उन्होंने बताया कि मंडी में अनाज बेचने वाले किसानों को एमएसपी नहीं मिलती। जिन किसानों को सम्मान निधि नहीं मिली है, कृषि विभाग उनके दस्तावेज जांचे, ताकि योजना से छूटे किसानों को योजना का लाभ मिल सके। बैठक में योगेंद्र चौधरी को युवा तहसील अध्यक्ष धनौरा और जयदेव शर्मा को ब्लॉकाध्यक्ष गजरौला मनोनीत किया गया। इस अवसर पर मंडल प्रभारी ओम प्रकाश सिंह, मुकुल चौधरी, योगेंद्र चौधरी, जयदेव शर्मा, मेहताब, आसिफ, सरदार मनदीप सिंह, नरेश धारीवाल, अमित उर्फ बंटी ज्ञानी, संदीप सिंह , हितेश चौधरी, प्रिया चौधरी उपस्थित रहे।

# दरोगा ने मांगी लेखपाल से माफी, निपटा मामला

## एसडीएम-सीओ ने कराया पटाक्षेप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** गजरौला थाने के उपनिरीक्षक अनिल कुमार शर्मा और हल्का लेखपाल दिनेश कुमार के बीच सोमवार को हुई कहासुनी और अभद्रता का मामला आखिरकार मंगलवार को सुलझ गया। तहसील मुख्यालय पर एसडीएम विभा श्रीवास्तव और सीओ अंजलि कटारिया की मध्यस्थता में दोनों पक्षों की बैठक कराई गई, जिसमें दरोगा ने अपने व्यवहार पर खेद व्यक्त करते हुए सार्वजनिक रूप से माफी मांगी।

मामला सोमवार को ग्राम चकनवाला में शिकायत निस्तारण के दौरान बढ़ा था, जब दरोगा द्वारा लेखपाल से गाली-गलौज और धमकी देने का आरोप लगा था। घटना के बाद लेखपाल संघ ने तहसील मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई की मांग की थी। बैठक के बाद लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष विकास यादव ने कहा कि हमने हमेशा सम्मानजनक संवाद में विश्वास किया है। दरोगा द्वारा माफी मांगने के बाद हमने प्रस्तावित अनिश्चितक.ालीन हड़ताल को निरस्त कर दिया है, लेकिन लेखपाल साथियों के मान-सम्मान से कभी समझौता नहीं किया जाएगा। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से विवाद समाप्त कर दिया गया है। इस घटनाक्रम के बाद तहसील में फैली तनावपूर्ण स्थिति शांत हो गई और प्रशासनिक कार्य सामान्य रूप से शुरू हो गए।

## भाकियू का सीएम को पोस्ट कार्ड लिखने का आह्वान

**कोतवाली देहात।** ब्लॉक में थाने की समस्या को लेकर भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही के नेतृत्व में किसानों की पंचायत हुई। पंचायत में किसानों ने थाने से सम्बंधित समस्याएं रखी।

ब्लाक में किसानों की पंचायत की खबर मिलते ही सीओ अंजनी कुमार और थाना इंचार्ज प्रवेज कुमार किसानों के बीच पहुंचे और उन्होंने किसानों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना। वार्ता में सभी विषयों पर सहमति बनी और उन्होंने जल्द समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही ने कहा कि किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा। जिलाध्यक्ष ने किसानों से आह्वान किया कि बिजनौर में गंगा एक्सप्रेस-वे निकाले जाने को लेकर मुख्यमंत्री को पोस्ट कार्ड भेजे। पोस्टकार्ड पर गंगा एक्सप्रेस वे की मांग के साथ गन्ने के दामों में वृद्धि की मांग भी करें। जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही ने कहा कि उत्तराखंड से सबसे पहले गंगा बिजनौर आती है। गंगा एक्सप्रेस वे पर बिजनौर के लोगों का हक है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक पोस्ट कार्ड भेजे और अपने आसपास के डाकघर से अधिक से अधिक पोस्टकार्ड खरीदे।

# डा. आदित्य ने किया मूलचंद चौहान को सम्मानित

## अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन में दिखा एकता, संस्कृति और समर्पण का अनूठा संगम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर में वैश्य समाज की एकता, संस्कृति और समर्पण का अनूठा संगम देखने को मिला।

अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की ओर से कार्तिकेय गार्डन, विनायक मंडप में एक शाम महाराजा अग्रसेन जी के नाम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व राज्यमंत्री ठाकुर मूलचंद चौहान ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने समाज को एकता, सेवा और सहयोग का मार्ग दिखाया। इस दौरान डा. आदित्य अग्रवाल ने पूर्व राज्यमंत्री मूलचंद चौहान के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार पर लगाम कसी हुई थी। इस दौरान उन्होंने पूर्व राज्यमंत्री को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। अतिथियों ने पुष्प अर्पित कर वैश्य एकता का संकल्प दोहराया। पूर्व मंत्री मूलचंद चौहान ने कहा कि महाराजा अग्रसेन का एक रुपए और एक ईंट का सिद्धांत हमें बताता है कि समाज की प्रगति आपसी भाईचारे से ही संभव है। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज ने व्यापार, शिक्षा और समाजसेवा में हमेशा मिसाल कायम की है और आज भी युवा वर्ग को उस परंपरा को आगे बढ़ाना चाहिए।

इसके बाद मंच पर बच्चों ने ग्रुप डांस, डांडिया डांस, भक्ति गीत, और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। मेधावी छात्रों को मंच पर सम्मानित किया गया, जिससे माहौल उत्साह और प्रेरणा से भर उठा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा बच्चों द्वारा प्रस्तुत ऑपरेशन सिंदूर एक्ट, जिसमें सामाजिक संदेश के साथ देशभक्ति की झलक देखने को मिली।

इस प्रस्तुति में पीहू मित्तल, आकृति जैन, आराध्या अग्रवाल, सिद्धि जैन, आर्य गर्ग, दिया मित्तल, वेद मित्तल, प्रणव जैन, कार्तिक मित्तल, देव मित्तल, रेयांश मित्तल, शौर्य मित्तल, अंशी अग्रवाल, अव्यय अग्रवाल, अयांश अग्रवाल, वेदांत गुप्ता, बिहान गुप्ता, अयांश गोयल, शिवाय अग्रवाल, अनेक अग्रवाल, अनन्या जैन, अरुण जैन, तनुज जैन समेत कई बच्चों ने शानदार अभिनय से समां बांधा। वंदना प्रस्तुति आराध्य मित्तल, दिया मित्तल और सिद्धि जैन ने की, जिसने कार्यक्रम की शुरुआत को आध्यात्मिक बना दिया। संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महिलाओं ने विशेष प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों से खूब वाहवाही बटोरी।

मोनिका अग्रवाल, ऋचा अग्रवाल, प्रिया गर्ग, अनुपमा मित्तल, अन्या गुप्ता और श्वेता मित्तल ने मंच संभाला। इनके साथ सहयोग में अदिति अग्रवाल, हिमानी अग्रवाल, श्रुति जैन, छवि जैन, डॉ. प्रियंका अग्रवाल, नेहा गुप्ता, शिवानी अग्रवाल, ऋचा अग्रवाल, श्वेता मित्तल, अनु मित्तल, प्रया गर्ग, अनुजा गुप्ता और नैंसी जैन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में दिनेश चद्र नवीन, मनोज अग्रवाल, मुदित बंसल, मुकेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, संजीव जैन, अंकुर अग्रवाल, शिवेंद्र अग्रवाल, अविनाश गोयल, लक्ष्मी अग्रवाल, राहुल महंत, अरुण मित्तल, सौरभ गुप्ता, मनीष गर्ग, पराग अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, संजय रस्तोगी, अनिल मित्तल, अंकुर गोयल, नमन जैन, सचिन अग्रवाल, डॉ. अमित गुप्ता, पीयूष महेंद्र, अनिल कटका, सुशील शीलू, डॉ. पंकज अग्रवाल, संकेत अग्रवाल, मुदित गुप्ता, सागर अग्रवाल, पुलकित मित्तल, आर्थिक गुप्ता, दीपक अग्रवाल, मंजेंद्र गुप्ता, पीयूष रस्तोगी, नीरव रस्तोगी, सचिन अग्रवाल, विकास अग्रवाल आदि का विशेष सहयोग रहा।

# दो साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

## दरिंदे के पास से हथियार भी बरामद किया गया

**नजीबाबाद।** स्थानीय पुलिस ने सराहनीय काम करते हुए दो साल की मासूम बच्ची का अपहरण कर उसकी इज्जत लूटने के आरोपी संदीप सैनी को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। दरिंदे के पास से हथियार भी बरामद किया गया है।

वादिया द्वारा पांच अक्टूबर को पुलिस को तहरीर दी गई कि संदीप सैनी पुत्र चंद्रपाल निवासी मौहल्ला बसंती माता द्वारा अपने घर के बाहर खेल रही वादिया की दो वर्षीय बच्ची का अपहरण कर लिया गया। साथ ही उसके साथ गलत काम किया गया। इस संबंध में थाना नजीबाबाद पर मुकदमा अपराध संख्या 349/25 धारा 137 (2) व 65 (2) बीएनएस एवं 5एम/6 पॉक्सो अधिनियम में पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया था। इस बीच बीती रात पुलिस टीम द्वारा घटना से संबंधित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के पश्चात पूछताछ के क्रम में उसकी निशानदेही पर घटना से संबंधित कुछ वस्तुएं आदि बरामद करने हेतु रात करीब 22.35 बजे अभियुक्त को उसके बताये गये स्थान समीपुर रेलवे कॉसिंग के पास खंडरनुमा मकान पर ले जाया गया था। जहां पर अभियुक्त द्वारा पूर्व नियोजित तरीके से छिपाये गये 12 बोर के तमंचे से पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी फायरिंग में अभियुक्त संदीप के बायें पैर में गोली लगी। जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को उपचार हेतु सीएचसी समीपुर में भर्ती कराया गया है। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक तमंचा व कारतूस बरामद किये गये। घटना के संबंध में थाना नजीबाबाद पर मुकदमा अपराध संख्या 350/25 धारा 109 (1) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट बनाम संदीप उपरोक्त पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह, उप निरीक्षक विनोद कुमार आदि शामिल थे।

## कोड़ीपुरा में आध्यात्मिक सत्संग

**धामपुर।** ग्राम कोड़ीपुरा में आध्यात्मिकता और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम देखने को मिला। परम्पिता परमेश्वर आध्यात्मिक सत्संग भजन कीर्तन सोसाइटी की ओर से आयोजित विशाल सत्संग में श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए। संस्था के अध्यक्ष विपिन कुमार प्रजापति, जो हिन्दू राष्ट्र सेना के जिलाध्यक्ष भी हैं, ने इस अवसर पर कहा कि यह आयोजन केवल भक्ति का नहीं बल्कि समाज को नशे और कुरीतियों से मुक्त करने का संदेश देने का माध्यम है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रियंकर राणा सुपुत्र विधायक अशोक राणा ने कहा कि धर्म, पर्यावरण और समाज तीनों एक-दूसरे से जुड़े हैं। यदि हम प्रकृति की रक्षा करेंगे तो वही हमें जीवन देगी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक एकता पर जोर दिया। अवनीश चौहान, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा (भाजपा) ने कहा कि धरती हमारी माता है और हर व्यक्ति को उसकी सेवा करनी चाहिए। राजीव सिसोदिया पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा ने कहा कि भारतीय संस्कृति हमेशा से प्रकृति-पूजक रही है और हमें उसी परंपरा को पुनर्जीवित करना होगा। परमिला देवी और नवीन कुमार राज ने भी पर्यावरण जागरूकता पर विचार रखे। नवीन कुमार ने संस्था को पौधे भेंट किए और वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया। सत्संग के दौरान सामूहिक भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और ग्रामीण शामिल हुए। अंत में भंडारे का आयोजन किया गया।

# यूपी पुलिस ने नौ हजार से अधिक वाहनों से हटाई काली फिल्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिलाओं और बेटियों को सुरक्षित माहौल देने के लिए गाड़ियों की काली फिल्म हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। यह अभियान 22 सितम्बर से प्रदेशभर में चलाया गया, जो वर्तमान में भी चल रहा है।

वहीं 22 सितम्बर से एक अक्टूबर तक साढ़े आठ लाख से अधिक वाहनों की चेकिंग की गई। इसके साथ ही उच्च अधिकारियों अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिदेशक, उप महानिरीक्षक, पुलिस आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी द्वारा अपनी टीम के साथ फुट पैट्रोलिग की गई। मिशन शक्ति 5.0 अभियान की नोडल अधिकारी एडीजी पद्मजा चौहान ने बताया कि अभियान के तहत पुलिस अधिकारियों द्वारा सड़क पर गाड़ियों की जांच की गई। इस दौरान गाड़ियों की



काली फिल्म को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। इस दौरान 71,473 स्थानों की 24,457 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा 8,50,182 वाहनों की चेकिग की गई। अब तक 9,488 काली फिल्में हटाई जा चुकी हैं। इसके अलावा 2,817 हूटर और 1,087 बत्तियां भी हटाई गई हैं। यह कदम सड़क पर अपराधों को रोकने और महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। इसके साथ ही, गलत स्थान पर पार्क किए गए वाहनों के खिलाफ 18,215 चालान भी किए गए हैं, ताकि ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित हो सके और सड़क पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचा जा सके। महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से वाहन पर शासकीय और जाति सूचक शब्दों के इस्तेमाल पर भी कड़ी कार्रवाई की गई है और 14,504 ऐसे मामले सामने आए हैं। अभियान के दौरान 3,38,305 व्यक्तियों को चेतावनी दी गई। एडीजी ने बताया कि वाहन नियमों का उल्लंघन करने पर 1,93,829 वाहनों का चालान किया गया है, जबकि 3,654 वाहनों को सीज भी किया गया है। कुल 251 पंजीकृत अभियोगों के साथ-साथ 450 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है, जो ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। इसके अलावा स्टंटबाजों के लिखाफ भी कड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान 55,832 स्थानों की 21,324 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा 5,26,184 वाहनों की चेकिग की गई। अभियान के दौरान 770 स्टंटबाजी के मुकदमे दर्ज किए गए जबकि 263 स्टंटबाजों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही 31,609 वाहनों का चालान और 1,388 वाहनों को सीज किया गया। वहीं, मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत पुलिस विभाग द्वारा फुट पैट्रोलिग भी की गई ताकि सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित किया जा सके। इस पहल से पुलिस विभाग ने महिलाओं को सुरक्षित महसूस कराने के लिए अपनी तैनाती सुनिश्चित की है। प्रदेश के 57,265 स्थानों पर फुट पैट्रोलिग की गई। इसमें अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस महा. निदेशक, उप महानिरीक्षक द्वारा 239 स्थानों, पुलिस आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक द्वारा 1,670 स्थानों, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी द्वारा 9,616 और थाना प्रभारी द्वारा अपनी टीम के साथ 45,837 स्थानों पर फुट पैट्रोलिग की गई। फुट पैट्रोलिग के दौरान 7,44,482 व्यक्तियों की चेकिग की गई जबकि पीआरवी द्वारा 52,039 स्थानों की पैट्रोलिग की गई।

# अयोध्या में टेड़ीबाजार चौराहा का नाम होगा निषाद राज चौराहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अयोध्या।** अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के 25 नवम्बर को प्रस्तावित ध्वजारोहण समारोह के पहले श्रीराम मंदिर जाने वाले मुख्य चौराहा टेडीबाजार चौराहा का नाम जिला प्रशासन ने बदल कर प्रभु श्रीराम के बालसखा महाराजा निषादराज के नाम से चौराहा का नामकरण कर दिया है।

निषादराज चौराहा के नाम पर रामपथ पर स्थित यह प्रमुख चौराहा जाना जाएगा। जिला प्रशासन ने इसी चौराहा पर महाराजा निषाद. राज की प्रतिमा भी स्थापित करा दिया है। कल देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इसी चौराहा पर स्थित वृहस्पति कुंड पर दक्षिण भारत के अतिविशिष्ट महापुरुषों की प्रतिमाओं का लोकार्पण करेगी। राममंदिर पर जानेवाले रामपथ पर स्थित रामनगरी का प्रमुख चौराहा निषाद राज चौराहा पर प्रशासन द्वारा निषाद राज चौराहे का बोर्ड भी लगा दिया गया है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बृहस्पति कुंड पर लगी दक्षिण भारतीय महापुरुषों की प्रतिमाओं के उद्घाटन के समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा निषाद राज चौराहा के नाम से इस चौराहे के नामकरण की आधिकारिक घोषणा होगी। निषाद राज चौराहा से बाई तरफ जाने वाली सड़क गोकुल भवन होते हुए उनवल क्रॉसिग से राममंदिर को जाती है और सीधे रामपथ पर जाने से क्रॉसिग 11 से लेकर श्रीराममंदिर का मुख्य प्रवेश द्वार पड़ता है।

## मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने वाले 11 दुकानदारों पर जुर्माना

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले में मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने वाले 11 दुकानदारों पर नौ लाख 40 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट आदित्य प्रजापति की अदालत ने मिलावटी दूध और मावा की बिक्री करने वाले दस दुकानदारों के साथ एक मांस विक्रेता पर नौ लाख 40 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। अभिहित अधिकारी अभय कुमार सिंह ने आज बताया है कि ए डी एम कोर्ट ने सितम्बर में अवमानक व बिना रजिस्ट्रेशन के खाद्य पदार्थों का विक्रय करने वाले 11 वादों का निर्णय देते हुए 9 लाख 40 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

# बिहार विधनसभा चुनावः भाजपा को मजबूत करने में जुटे योगी के मंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उत्तर प्रदेश के दिग्गज नेताओं को प्रचार के लिए उतार दिया है।

कुछ दिनों पहले उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को बिहार चुनाव का सह प्रभारी बनाया गया था जबकि अब पार्टी ने कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी, पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह समेत कई दिग्गजों को प्रचार का जिम्मा सौंपा है। प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं दरभंगा लोकसभा के प्रवासी प्रभारी उपेंद्र तिवारी ने कहा कि बिहार की जनता केंद्र और राज्य




सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो रही है। कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है कि वे इन उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं। भाजपा की विजय सुनिश्चित करें। पूरी उम्मीद है कि इस बार भी प्रचंड बहुमत के साथ यह सीट भाजपा एवं एनडीए जीतेगी। प्रशांत किशोर को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में श्री तिवारी ने कहा कि प्रशांत किशोर की चर्चा केवल मीडिया में है। जमीन पर उनका कोई अस्तित्व नहीं है। बिहार की जनता का विश्वास पहले भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पर था और अभी भी है। श्री मोदी ने जिस तरह से बिहार के विकास के लिए कदम उठाए हैं उससे बिहार को दशा और दिशा बदली है। प्रशांत किशोर जैसे लोग केवल आरोप लगाने का काम करते हैं। पार्टी ने स्वतंत्रदेव सिंह को भी चुनाव में लगाया गया है वहीं सहयोगी जदयू नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विकासात्मक पहलों को आगे बढ़ाने का काम सिद्धार्थनाथ सिंह को सौंपा गया है। सिद्धार्थनाथ को बिहार में भाजपा के सोशल मीडिया अभियान को आगे बढ़ाने की अतिरिक्त ज़िम्मेदारी दी गई है। सिंह ने बताया कि वह राज्य नेतृत्व के साथ मिलकर काम करेंगे ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि पार्टी द्वारा तय किए गए चुनावी मुद्दे राज्य के हर कोने तक पहुंचें। सूत्रों ने बताया कि पार्टी ने अभियान को गति देने के लिए भागलपुर और मुजफ्फरपुर में विशेष सोशल मीडिया केंद्र स्थापित करने की योजना बनाई है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्य न्यायाधीश के प्रति असभ्य आचरण निंदनीयः मधुसूदन त्रिपाठी

**देवरिया।** मुख्य न्यायधीश (सीजेआई) भूषण आर गवई पर उच्चतम न्यायालय में सोमवार को सुनवाई के दौरान एक वकील द्वारा अभद्रता किए जाने के प्रयास को बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश ने निदनीय बताया है। बार काउंसिल के पूर्व चेयरमैन मधुसूदन त्रिपाठी ने मंगलवार को ष्यूनीवार्ता ष से कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश पर अदालत में सुनवाई के दौरान जूता फेंकने के प्रयास की घटना बहुत ही गलत है। एक अधिवक्ता को अपने सीमा के अन्दर रहना चाहिये। जूता फेंकने वाले वकील को कोई बात पसन्द नहीं थी,तो उनको इस बात की अपील करनी चाहिये थी,कहना चाहिये था। लेकिन किसी जज के ऊपर जूता फेंकने का प्रयास करना गलत बात है। गौरतलब है कि सोमवार को एक वकील जिसकी पहचान राकेश किशोर के रूप में हुई है ने सोमवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश भूषण आर गवई पर अपना जूता फेंकने का प्रयास किया था। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत हरकत में आते हुए उस व्यक्ति को पकड़ लिया और कोर्ट रूम से बाहर निकाल दिया था।बाहर ले जाते समय वकील चिल्लाते कह रहा था कि ष्हम सनातन का अपमान नहीं सहेंगे ष और इस हंगामे के बावजूद, मुख्य न्यायाधीश गवई शांत बने रहे और उन्होंने मौजूद वकीलों से दिन की कार्यवाही जारी रखने का आग्रह किया था।

### बीच सड़क कंटेनर बना आग का गोला, अफरातफरी

**आगरा।** उत्तर प्रदेश में आगरा जिले के एत्मादपुर इलाके में मंगलवार सुबह नेशनल हाइवे 19 पर मिनी लोडर गाघी से टकराने के बाद कंटेनर बीच सड़क में आग के गोले में तब्दील हो गया। इस हादसे से अफरातफरी मच गई और कई किमी लंबा जाम लग गया। पुलिस के मुताबिक सुबह छह बजे घटना हुई और मौके पर दमकल की गाघ्यिां पहुंच गईं। दमकल के कर्मचारियों ने डेघ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से हाइवे पर अफरा तफरी का माहौल हो गया। हाइवे के एक तरफ कई किलोमीटर तक जाम लग गया। आस पास के लोग दहशत में आ गए लेकिन गनीमत ये रही कि वक्त पर दमकल के कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया तब जा कर लोगों ने राहत की सांस ली। जानकारी के मुताबिक नयी कारों से भर कर एक कंटेनर गुरूग्राम से बिहार के धनवाद के लिए रवाना हुआ था। आगरा में नेशनल हाइवे से गुजर रहा था तभी एक मिनी लोडर सीधे कंटेनर के ईंधन टैंक से टकरा गया। ईंधन टैंक में टकराने की वजह से कंटेनर में आग लग गई। देखते देखते ही कंटेनर से आग की लपटें उठना शुरू हो गईं। कंटेनर के चालक और खल्लासी ने खुद को बचाया और पुलिस को सूचना दी। दमकल की दो गाघ्यिां मौके पर पहुंची और किसी तरह से आग पर काबू पाया। इस हादसे में कंटेनर में भरी दो नयी कारों को काफी नुकसान हुआ है। कंटेनर चालक ने गुरूग्राम कंपनी में सूचना दे दी है और जब कंपनी के कर्मचारी आयेंगे उसके बाद हुए नुकसान की जानकारी पुलिस में देंगे।

### झील के सौंदर्य करण के लिए पत्र लिखा

**सीतापुर।** कसमण्डा विकासखंड क्षेत्र के ज्योति शाहआलमपुर में स्थित झील के सौंदर्यीकरण हेतु पवन सिंह चौहान सदस्य विधान परिषद एवं संरक्षक श्री ओम प्रकाश सिंह फाऊंडेशन ने पर्यटन एवं संस्ख्रति मंत्री को पत्र लिखा है। श्री ओम प्रकाश सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने बताया ज्योति शाहआलमपुर झील सैकड़ो बीघे में फैली हुई है, जो पर्यावरण संरक्षण एवं प्रवासी पक्षियों के वास स्थान हेतु अच्छा स्थान है। ज्योति शाह आलमपुर झील के सौंदर्यीकरण हेतु इससे पूर्व प्रभागीय निद. शक सामाजिक वानिकी वन विभाग सीतापुर, जिलाधिकारी सीतापुर को पत्र लिखा जा चुका है यदि इस झील का सौंदर्यीकरण करा दिया जाए तो पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। इस संबंध में हमने ज़ब शिक्षाविद, पर्यावरणविद पवन सिंह चौहान सदस्य विधान परिषद सीतापुर को अवगत कराया तब उन्होंने हमें आश्वासन दिया कि झील के सौंदर्यीकरण हेतु हम हर संभव प्रयास करेंगे। इस झील के सौंदरीकरण हेतु पर्यावरण संरक्षण समिति पार्वती विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल कसमण्डा ने कई बार शासन और प्रशासन को पत्र लिखें। झील के सौंदर्यी करण कराए जाने की मांग सामाजिक कार्यकर्ता त्रिभुवन सिंह, अमर सिंह, शिवशरण सिंह, मग्नू राजवंशी, संतराम राजवंशी, प्रशांत सिंह, नैमिष कुमार सिंह आशीष कुमार सिंह ने की।

### पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को दिया प्रार्थना पत्र

**सीतापुर।** रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पडुरखा समदा निवासी अंकित सिंह पुत्र विमल प्रकाश सिंह ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया है। अंकित सिंह का कहना है कि उसके भाई संदीप सिंह लखनऊ में काम करते थे। दिनांक 28.08.2025 को विपक्षी सुभम सिंह पत्र पंकज सिंह निवासी ग्राम पडुखा व मुरारी पुत्र रामअवतार निवासी ग्राम छतवारा थाना मोहम्मदपुर खाला जिला बाराबंकी ने भाई सन्दीप सिंह पर धारदार हथियार से वार किया। जिसमें प्रार्थी के भाई को गम्भीर रूप घायल हो गए। प्रार्थी के भाई की हालत काफी खराब होने के कारण लखनऊ ट्रामा सेन्टर से जवाब हो गया और प्रार्थी के भाई मरनाशन की दशा में पड़े हैं। अंकित सिंह का कहना है कि वह इस घटना की रिपोर्ट लिखाने थाने रामपुर मथुरा गए थे। तो सम्बन्धित थाना विपक्षी गण से मिला होने के कारण प्रथम सूचना रिपोर्ट धारा 115/2, 351/3 व 352 बीद्दएनद्दएसद्द में दर्ज किया। जिसकी उक्त सं0 314/025 है। आप राम में की मोटर साइकिल यूद्दपी034एद्दएफद्द 0793 घटना के मौके पर खडी मिली। थाना सम्बन्धित पुलिस आज तक घटना को नही जांच किया, न ही अभियुक्त को न ही गिरफतार किया। अंकित सिंह ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है कि घटना को उचित धाराओं में तरमीम किया जाए।

### महर्षि वाल्मीकि जयंती पर हनुमान मंदिर पर आयोजित हुआ रामायण पाठ

**सिंहपुर/अमेठी।** विकास क्षेत्र के रामपुर पवारा हनुमान मंदिर में मंगलवार को आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। शासन के निर्देश के क्रम में खंड विकास अधिकारी सिंहपुर कमलेश यादव के मार्गदर्शन में मंगलवार को रामपुर के हनुमान मंदिर में आदिकवि रामायण के रचयिता महऌष वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया।

# निर्माणाधीन कालोनी में घुसे युवक की पीट पीटकर हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के तिलहर क्षेत्र में सोमवार देर रात एक निर्माणाधीन कॉलोनी में घुसे एक युवक की चौकीदार व सुरक्षा कर्मियों ने चोर समझ कर पीट पीट कर हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश द्विवेदी ने मंगलवार को बताया कि तिलहर क्षेत्र कस्बे में बन रही एक निर्माणाधीन कॉलोनी में चौकीदार तथा सुरक्षाकर्मी रहते हैं।

सोमवार रात में इन्हें कॉलोनी में तीन व्यक्ति घूमते दिखे जब इन लोगों ने उन्हें आवाज दी तो दो भाग गए जबकि एक अज्ञात व्यक्ति (40) व्यक्ति को दौड़ाकर पकड़ लिया इसके बाद उसके हाथ पैर बांध दिए। इसके बाद जब उसकी हालत खराब हो गई तो यह लोग उसे अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो पाई है उसके हाथ की कलाई पर 'उदय वाली' लिखा है वही उसके शरीर पर चोटों के निशान है। अनुमान लगाया जा रहा है कि उसकी पिटाई भी की गई है।

## बहराइच में भेड़िये का आतंक, ग्रामीण को किया घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कैसरगंज इलाके के मझरा तौकली गांव में पिछले कुछ समय में भेड़िए के हमले में चार मासूमों समेत छह लोगों की जान चली गई है, जबकि 20 लोग घायल हो चुके हैं। ताजा घटना मंगलवार दोपहर की है, जब दयालपुरवा ग्राम के निवासी मिल्की राम (40) नित्य क्रिया के लिए खेतों की ओर जा रहे थे। अचानक, एक जंगली जानवर ने उन पर हमला कर दिया। मिल्की की चीख सुनकर परिजन और अन्य ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर दौड़ पड़े, जिससे जानवर मौके से भाग निकलने में सफल हो गया।

# नदियों में रेत खनन के असर पर आईआईटी और स्वच्छ गंगा मिशन ने किया वैज्ञानिक अध्ययन

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर और राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) ने मिलकर देश की बड़ी नदियों में रेत खनन के असर पर एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक अध्ययन पूरा किया है।

इस रिपोर्ट को 29 सितम्बर को जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने नई दिल्ली में जारी किया। जल शक्ति मंत्रालय के सचिव वी एल कांताराव ने कहा कि राज्यों की भागीदारी से इस अध्ययन के नतीजों को पूरे देश में लागू किया जा सकेगा। यह अध्ययन आईआईटी कानपुर के पृथ्वी विज्ञान विभाग के प्रो- राजीव सिन्हा के नेतृत्व में किया गया है। इसमें सैटेलाइट तस्वीरों, ड्रोन सर्वे और आधुनिक मॉडलिग तकनीकों की मदद से यह बताया गया है कि अनियंत्रित रेत खनन से नदियों पर कितना असर पड़ रहा है।

प्रो- सिन्हा ने कहा कि अब जरूरत है कि रेत खनन के लिए विज्ञान पर आधारित नीति बनाई जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि इसके अनुसार इस काम के लिए खास दिशा-निर्देश तय किए जाने चाहिए ताकि खनन सिर्फ उन्हीं इलाकों में हो, जहां नदी खुद को दोबारा भरने की क्षमता रखती है। एनएमसीजी के महानिदेशक राजीव कुमार मित्तल ने कहा कि पर्यावरण मंत्रालय की रेत खनन से जुड़ी मौजूदा गाइडलाइंस को आईआईटी कानपुर की वैज्ञानिक सिफारिशों के साथ जोड़ा जाना चाहिए। प्रो- सिन्हा ने आगे बताया कि रेत खनन के नियंत्रण के लिए एक समग्र योजना की जरूरत है, जिसमें बाढ़ जोखिम, तट कटाव और भूजल पुन:र्भरण जैसे पहलुओं पर भी ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि आधुनिक तकनीक जैसे ड्रोन, सैटेलाइट इमेजिग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल कर नदियों की लगातार निगरानी की जाए।

# मेदांता अस्पताल में भर्ती दिनेश प्रताप सिंह ने कहः मैं पूर्णतः स्वस्थ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को ब्रेन हैमरेज हुआ है। उनका लखनऊ के मेदांता अस्पताल में इलाज चल रहा है।

इस बीच सोशल मीडिया पर चल रही खबरों पर ध्यान न देने की अपील करते हुए उन्होंने कहा है कि बस चार दिन में फिर से उसी राजनीतिक अखाड़े में दो-दो हाथ करूंगा और आप सबकी सेवा में उपस्थित रहूंगा। स्वास्थ्य को लेकर उठ रहे सवालों के बीच मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है कि अपने प्रातघ्स्मरणीय शुभचितक भाइयों एवं बहनों से विनम्रतापूर्वक आग्रह है। मैं स्वस्थ ही नहीं, पूर्णतः स्वस्थ हूं। आप सब



बिल्कुल चिता न करें और किसी भी अफ़वाह पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि यह बात सही है कि मुझे थोड़ा सा उपचार, वह भी शांतिपूर्ण वातावरण में आवश्यक था। इसलिए यशस्वी उपमुख्यमंत्री आदरणीय श्री ब्रजेश पाठक अपनी देखरेख में मेरा उपचार करा रहे हैं। बस दो-चार दिन में फिर से उसी राजनीतिक अखाड़े में दो-दो हाथ करूंगा और आप सबकी सेवा में उपस्थित रहूंगा। श्री सिंह ने लिखा है कि, बिहार में पार्टी की सरकार बनाने में अपना तन, मन और धन से योगदान दूंगा। आप सब साक्षी हैं कि कितने अभाव और विपत्तियों को मैंने साहस, धैर्य और विनम्रता से झेलकर यहां तक पहुंचा हूं। आपकी दुआओं से ही यह संभव हुआ है। ये छोटी-मोटी बाधाएं मेरी खुराक नहीं, बल्कि मेरे लिए नाश्ते के समान हैं। गौरतलब है कि दिनेश प्रताप सिंह को इलाज के लिए चार अक्टूबर को लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने एमआरआई स्कैन कराया, जिसमें ब्रेन हैमरेज की पुष्टि हुई। स्ट्रोक से उनके एक हाथ और एक पैर में चोट लगी है। परिवार के सदस्यों का कहना है कि मानसिक तनाव के कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि मंत्री दिनेश प्रताप सिंह पिछले दो महीनों से राजनीतिक तनाव में हैं। पहले कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने उन पर गंभीर आरोप लगाए। इसके बाद भाजपा विधायक अदिति सिंह ने भी उन्हें घेरा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी 10 सितम्बर को रायबरेली आए थे। राहुल के रायबरेली दौरे के दौरान मंत्री दिनेश सिंह चर्चा में रहे। वह अपने समर्थकों के साथ राहुल गांधी के रास्ते में धरने पर बैठ गए। उन्होंने 'राहुल वापस जाओ' के नारे लगाए। इस दौरान उनकी पुलिसकर्मियों से बहस भी हुई। नाराज दिनेश प्रताप सिंह ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को पत्र लिखकर उत्तर प्रदेश पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए थे। दिनेश प्रताप सिंह ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत कांग्रेस से की थी। वह पहली बार 2010 में और दूसरी बार 2016 में विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) बने। 2018 में वह भाजपा में शामिल हो गए। 2019 में भाजपा ने उन्हें सोनिया गांधी के खिलाफ मैदान में उतारा। वह यह चुनाव 1.67 लाख वोटों से हार गए। दिनेश प्रताप सिंह 2022 में भाजपा से फिर एमएलसी बने। योगी सरकार में उन्हें उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री बनाया गया। 2024 के लोकसभा चुनाव में दिनेश ने रायबरेली से राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ा। हालांकि, वह 3 लाख 90 हजार वोटों से चुनाव हार गए थे।

## बहराइच में अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के खैरीघाट इलाके में पुलिस ने अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मिली सूचना के अनुसार, रामपुर धोबियाहार ग्राम के मजरा बाबू पुरवा स्थित बुद्धि सागर विश्वकर्मा के घर में अवैध असलहों का निर्माण किया जा रहा था। इस सूचना पर खैरीघाट थाना प्रभारी राशिद खान के नेतृत्व में उप निरीक्षक बेचन प्रसाद, मनोज यादव और अन्य पुलिस कर्मियों ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से तीन निर्मित और तीन अर्धनिर्मित तमंचे तथा उन्हें बनाने के उपकरण बरामद किए।

# दीपोत्सव के लिए राम की पैड़ी पर पूजन अर्चना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अयोध्या।** डा. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने दीपोत्सव-2025 को भव्य बनाने के लिए मंगलवार को राम की पैघी पर मुख्य यजमान के रूप में वैदिक मंत्रोचार के साथ मां सरयू का पूजन अर्चन किया।

इस पूजन में सरयू मन्दिर के पुजारी नेत्रजा मिश्र ने विधि विधान से दीपोत्सव की सफलता के लिए पूजन कराया। डा. बिजेंद्र सिंह ने बताया कि प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से प्रांतीय दीपोत्सव का विश्व रिकार्ड बनेगा। श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के बाद का दूसरा दीपोत्सव भारतीय जनमानस सहित देश दुनियां के लोग बघे उत्सुकता से प्रतीक्षारत है।

कुलपति ने बताया कि विश्व. विद्यालय प्रशासन दीपोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है जिसे दीपोत्सव के वालंटियर्स व पदाधिकारी 19 अक्टूबर को पिछले रिकॉर्ड को तोघ्ते हुए विश्व पटल पर स्थापित करेंगे। डा. सिंह ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में दीपोत्सव को और भव्य बनाने के लिए 26 लाख से अधिक दीए प्रज्ज्वलित किए जायेंगे। इस कार्य में आवासीय परिसर, संबद्ध महाविद्यालयों, इण्टर कालेज एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के 30 हजार से अधिक वॉलंटियर्स लगाए जा रहे हैं। सभी के सहयोग से नवें दीपोत्सव में आठवीं बार विश्व रिकॉर्ड बनेगा। इस दीपोत्सव पूजन कार्यक्रम में विवि के कुलसचिव विनय कुमार सिंह मिश्र, दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो- संत शरण मिश्र, प्रो- नीलम पाठक, प्रो- सिद्धार्थ शुक्ल, का सु साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो दान पति तिवारी उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** वाराणसी के चौबेपुर थाना क्षेत्र में वाराणसी-गाजीपुर हाईवे पर मंगलवार को तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रामपुर निवासी अनुराग यादव (18) के रूप में हुई।

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। पुलिस परिजनों को समझाने-बुझाने में जुटी है। बताया जा रहा है कि अनुराग यादव साइकिल से अपने दो साथियों के साथ सुभाष इंटर कॉलेज, चौबेपुर जा रहा था। गाजीपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने अनुराग को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक सेना में भर्ती की तैयारी के लिए कॉलेज के ग्राउंड जा रहा था। पुलिस के अनुसार, चालक मौके से फरार हो गया है। वाहन के नंबर के आधार पर मालिक और चालक की पहचान की जा रही है। परि. जनों से बातचीत कर चक्काजाम समाप्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। परिजनों की तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# धूमधाम से निकाली भगवान श्रीराम की बारात



## काली आखाड़ा रहा आकर्षण का केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** उघैती थाना क्षेत्र के कस्बा खितौरा में चल रहे श्री रामलीला मोहत्सव में मंगलवार को बैंड बाजे और काली अखाड़े के साथ भगवान श्री राम की भव्य बारात निकाली गई। इस दौरान बारात में लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।बारात के कस्बा भ्रमण के दौरान बारात मार्ग पर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु मौजूद रहे।इस दौरान पुलिस और प्रशासन की व्यवस्था चक चौबंद रही जिसके चलते कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। बाजार मलिक समाज सेवी ठाकुर प्रदीप कुमार सिंह ने भगवान श्री राम का तिलक कर रामलीला ग्राउंड से बारात की शुरुआत की।बारात की अगुवाई धार्मिक धुने बिखरते बैंड के साथ भगवान श्री गणेश कर रहे थे। इसके पीछे बग्घी पर सवार श्री राम लक्ष्मण, नृत्य करते शिव पार्वती व नन्दी, नाग नागिन की झांकी व नृत्य करते राधा कृष्ण श्री राम के दरबार झांकी सहित दर्जनों सुसर्जित झांकियां बारात में शामिल थी।इसके अलावा अपने कला कौशल का प्रदर्शन करता काली अखाड़ा लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ था।बारात रामलीला मैदान से शुरू होती हुई सहसवान बिसौली रोड, महलोली रोड, होली चौक, डाकखाना रोड, रियोनाई रोड, भारद्वाज मार्केट,प्राचीन देवी मंदिर होते हुए वापस रामलीला मैदान में जाकर विसर्जित हुई। इस दौरान अंगुठी थाना प्रभारी अवधेश कुमार भारी पुलिस बल के साथ बारात में मौजूद रहे। बारात का आनंद उठाया इस मौके पर मेला कमेटी के अध्यक्ष रूप किशोर गुप्ता, प्रदीप कुमार सिंह ,महाराज सिंह ,बलराम पाठक ,सुनील राणा, वंश गुप्ता, अमन कुमार, अंकित दीक्षित, लोकेश पाल,योगेश गिरी, तेजेंद्र सोलंकी, नितिन कुमार,रानू सिंह,सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भगवान श्रीराम ने किया ताड़का का वध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुदायन।** रुदायन नगर में सोमवार को रामलीला में महर्षि विश्वामित्र ने यज्ञ की रक्षा के लिए राजा दशरथ से उनके पुत्र राम और लक्ष्मण को मांगने और ताड़ध्का वध की लीला हुई।रामलीला में महर्षि विश्वामित्र एक यज्ञ कर रहे है, लेकिन वन क्षेत्र में राक्षसों द्वारा उत्पात मचाया जाता है। विशेष रूप से ताड़ध्का और उसके पुत्र सुबाहु जैसे दैत्य ऋषियों के तप और यज्ञों में बाधा डालते है। उनके अत्याचारों से संपूर्ण वन क्षेत्र में भय और असंतोष का माहौल व्याप्त हो जाता है। महर्षि विश्वामित्र राक्षसों से मुक्ति पाने के लिए अयोध्या के राजा दशरथ से सहायता की मांग करते है। वे राजा से कहते है कि उनके पुत्र राम, जो दिव्य शक्तियों से युक्त हैं, इस कार्य को पूरा कर सकते हैं। प्रारंभ में राजा दशरथ यह कहकर मना कर देते है कि राम अभी बालक हैं और उन्हें राक्षसों से युद्ध के लिए भेजना उचित नहीं होगा, लेकिन महर्षि वशिष्ठ ने राजा को समझाया कि यह अवसर राम की दिव्य लीला का प्रारंभ है और विश्वामित्र के साथ जाने से उन्हें दिव्य ज्ञान एवं शस्त्र-विद्या की प्राप्ति होगी। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष पदम गुप्ता ,राजू गुप्ता, राहुल कश्यप, आकाश कश्यप, राम. सिंह, अखिलेश गुप्ता, संगीत कश्यप, रूप वसंत, राकेश कश्यप, कन्हैया गुप्ता, शिवांग गुप्ता, धीरज गुप्ता,रिसव, प्रिंस, ईशु,मानव, रितिक,शरद,विष्णु, मुनेन्द्र,दिपान्शु गुप्ता, गुड्डू ठाकुर, विकास शर्मा, रविंद्र शर्मा, राजेंद्र शर्मा, सोन्टी, अशोक गुप्ता, अशोक कश्यप और ज्ञानपाल झा आदि लोग मौजूद रहे।

# आदर्श रामलीला में श्रीराम को हुआ वनवास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** सोमवार की रात केकैई दशरथ संवाद एवं राम वनवास की करुणामयी लीला का हृदयस्पर्शी मंचन हुआ। इस प्रसंग के भावनात्मक मंचन ने उपस्थित जनसमूह को भक्ति, त्याग और करुणा के रस में डुबो दिया। लीला के हर संवाद ने मानो अयोध्या नगरी की वेदना और मर्यादा का जीवंत चित्र उपस्थित कर दिया।



महाराज दशरथ बने दीनदयाल भारती ने जब व्याकुल स्वर में कहा राम के बिना अयोध्या सूनी है, हे केकैई मुझसे ऐसा वचन क्यों मंगवाया तो दर्शकगण सिहर उठे। मंच पर ऐसी भावनात्मक ऊर्जा व्याप्त हुई कि कुछ क्षणों के लिए पूरा पंडाल मौन हो गया। दशरथ का दर्द हर हृदय में उतर आया। केकैई की भूमिका निभा रहे राजू ने राजसी दृढ़ता के साथ उत्तर दिया। राजन् मैंने तो केवल अपने वचनों का प्रतिफल माँगा है, अब आप प्रतिज्ञा निभाइए। उनकी संवाद अदायगी ने सभा को स्तब्ध कर दिया। एक ओर कर्तव्य का कठोर रूप, तो दूसरी ओर ममता का मर्मस्पर्शी स्वर इस द्वंद्व ने मंच को भावनाओं के चरम पर पहुँचा दिया। राम बने रामानंद तिवारी ने शांत,संयमित स्वर में कहा पिताश्री वन जाना मेरे लिए कोई दंड नहीं, यह तो आपके वचनों की रक्षा का सौभाग्य है। उनके मुखारविंद से निकले इन शब्दों ने समर्पण और आज्ञापालन की मर्यादा को मूर्त रूप दे दिया। दर्शकों की आँखें श्रद्धा और करुणा से भर उठीं। लक्ष्मण की भूमिका में अन्नू सिंह ने आवेश और वेदना से भरे स्वर में कहा मांगे तो राज्य, पर दिए पिता का प्राण! मैं नहीं मानता यह अन्याय। उनकी प्रखर वाणी और भावपूर्ण अभिनय ने मंच की शोभा और प्रभाव को चरम पर पहुँचा दिया। सीता का अभिनय कर रहे राज. कुमार ने जब कोमल भाव से कहा जहाँ राम हैं, वहीं अयोध्या है, मैं उनके साथ वन चलूँगी। तो पूरा प्रांगण जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। उस क्षण ऐसा प्रतीत हुआ मानो अयोध्या का समूचा आकाश राम-नाम से भर गया हो। मंच सज्जा, संवादों की लय और कलाकारों की समर्पित प्रस्तुति ने इस लीला को अविस्मरणीय बना दिया। दर्शक देर तक भाव-विह्वल होकर तालियों से कलाकारों का उत्साहवर्धन करते रहे। इस अवसर पर मंचन स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही, जिन्होंने लीला के प्रत्येक दृश्य में करुणा, त्याग और धर्मपालन का संदेश अनुभव किया।

# हर्षोल्लास से मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती, मंदिरों में हुआ रामायण पाठ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद में मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा एवं विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। जनपद के ब्लॉकों व नगर पालिका व नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मंदिरों मे महर्षि वाल्मीकि रचित रामायण का पाठ हुआ। जनपद में बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम से महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। यह जानकारी मुख्य विकास



अधिकारी केशव कुमार ने दी। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि जयंती पर मंदिरों में रामायण पाठ, सुंदरकांड आदि के लिए व अन्य व्यवस्थाओं के लिए जनपद में नगर निकाय क्षेत्र में अपर जिलाधिकारी प्रशासन व ग्रामीण क्षेत्र के लिए जिला विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया था। उन्होंने बताया की शोभायात्रा के सफल आयोजन के लिए मजिस्ट्रेट नामित किए गए थे। जिनको शोभायात्रा के दौरान साथ रहकर कानून एवं शांति व्यवस्था को सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई थी। उन्होंने बताया कि महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य पर सभी ग्रामीण व नगर निकाय क्षेत्रों के विभिन्न मंदिरों में व उसके आसपास साफ सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, चूना छिड़काव व्यवस्था आदि व्यवस्थाओं के निर्देश भी दिए गए थे साथ ही कानून व्यवस्था के संबंध में भी जिला प्रशासन द्वारा निर्देश जारी किए गए थे। सभी जारी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया गया।

# हनुमान गढ़ी मन्दिर में चल रही श्रीमद भागवत कथा

**शाह टाइम संवाददाता**


**आसफपुर।** आज आठवें दिन शास्त्री किरन किशोरी ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं में से गोवर्धन पूजा का संगीतमय और गोवर्धन पर्वत की विशाल झांकी बनाकर अमृतमय कथा का वाचन किया। भक्तों की अपार भीड़ और एलईडी गोवर्धन पर्बत की झांकी देखकर पांडाल में कृष्ण मय रसधार बहने लगी। शास्त्री किरन किशोरी जी ने कहा भगवान का अहंकार भोजन है। जब इंद्र खुद को सर्व शक्तिमान होने का अहंकार हो गया और खुद की पूजा न होने से कुपित होकर घनघोर बर्षा की, तब कन्हैया ने इंद्र के मान मर्दन को ही गोवर्धन पर्वत धारण कर अपने भक्तों की रक्षा की। मारने वाला है भगवान बचाने वाला है। भगवान भजन सुरीले कण्ठ से गया। भजन ने भक्तो को मगन हो नाचने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर कमेटी के प्रमुख शिबभान सिंह यादव उर्फ राजा बाबू, यशवीर सिंह नीरज, नीरज, अशोक नीरज, श्यामपाल, राजबीर यादव, श्योराज सिंह, कल्याण सिंह उर्फ कररू, रवेन्द्र यादव, मुकेश पाल, सुनील पाल, सुनील यादव, पुष्पेंद्र यादव, अजय यादव, चिंटू यादव, अनूप यादव, सोबरन लाला आदि भक्तगण मौजूद रहे।

# बिजली विभाग : बेबू कंपनी की मिलीभगत से स्मार्ट मीटर के नाम पर चल रहा है बड़ा घोटाला

**जेई संजीव वार्ष्णेय ने बताया कि अगर विलो में गड़बड़ी हो रही है तो मैं इस की जांच कराऊंगा सरकार की छवि को किसी भी हालत में धूमिल नहीं होने देंगे और जो भी दोषी पाए जाएंगे उन पर कार्यवाही की जाएगी।**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिले के नगर पंचायत फैजगंज बेहटा में अभी तक पूरे नगर स्मार्ट मीटर ग्राउंड में लगे भी नहीं हैं और बिल आने लगा स्मार्ट मीटर के नाम से जहां बिल पांच सो रूपये का आता था अब बो बिल चार से पांच हजार के आने लगे हैं जिससे बिजली उपभोक्ताओं में हा हा कार मचने लगा है सूत्र बताते हैं कि बेवू नाम की किसी नई कंपनी के आने से ये परेशानी सामने आई है जब की बिल स्मार्ट मीटर के नाम से उल्टे सीधे आ रहे हैं लेकिन ग्राउंड में स्मार्ट मीटर अभी तक पूरी तरह से लगे भी नहीं हैं फिर बिल पर स्मार्ट मीटर कैसे लिखकर आने लगा है ऐसा लगता है कि बेवू नाम की ये कंपनी काली कमाई के चक्कर में सरकार की छवि को धूमिल करने की कोशिश कर रही है जिससे जनता को लगने लगे कि सरकार ने बिजली के दाम बढ़ा दिए है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उपभोक्ताओं के उल्टे सीधे बिल स्मार्ट मीटर के नाम से बड़ा कर बड़ा घोटाला करने में लगी हुई है जिससे जनता में सरकार की छवि को खराब किया जा सके बताया जाता है कि बेवू कम्पनी के सर्किल अधिकारी द्वारा कुछ अपने ही चहते लोगो को मीटर रीडिंग पर लगाया गया है जिन पर रीडिंग बनानी नहीं आती ओर वो घर पर बैठकर लोगो की फर्जी बिलिंग कर रहे हैं अगर ये ही सिलसिला चलता रहा तो ये लोग उपभोक्ताओं को चूना लगा ही रहे ओर साथ में सरकार को भी बदनाम करने ओर जनता में बिजली महंगी होने का संदेश दे रहे जिससे आने समय में सरकार की छवि को भी धूमिल किया जा रहा भाजपा चेयरमैन प्रत्याशी प्रदीप गुप्ता फौजी ने बताया कि वो जल्दी ही पार्टी के उच्च पदाधिकारियों को बिजली बिल फर्जी बनाने के मामले की जानकारी देकर शीघ्र ही कार्यवाही कराएंगे।




# प्राचीन रामलीला के तत्वाधन में मर्यादा पुरुषोत्तम की निकाली गई झांकियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** भव्य रामबारात दर्जन भर सुसज्जित झंकियों और काली के अखाड़े और बैंड बाजे के साथ निकाली गई स जिसका शुभारम्भ प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह ने भगवान राम दरबार की झांकी का विधि विधान से रोली चंदन से तिलक आरती कर किया जिसका राम भक्तो ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया शोभायात्रा में काली के अखाड़े में कांच के टुकड़ो पर माता काली के नृत्य ने लोगो को आश्चर्य चकित कर दिया। यहाँ नगर के मोहल्ला ठकुरान के होली चौक से रामबारात अपने निर्धारित मार्गो से मेन मार्केट, एम एफ हाईवे,गोड़ चौराहा,



सोमबार बाजार,बजरंग चौक, बदायूं रोड आदि गली मोहल्लो में निक. ाली गई स शोभायात्रा में रामदरवार, शिव परिवार, गणपति, भारत माता की झांकी,राधा कृष्ण तथा ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की ब्रम्हाकुमारी झांकी सहित दर्जन भर झाँकिया और काली के कई अखाड़े थे स इसके अलावा डांडिया नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा स यहाँ व्यवस्था में ठाकुर मिथलेश सिंह, जगत पाल मिश्रा, राजेंद्र मिश्रा, अशोक शर्मा, बंटू शर्मा, मुकेश मिश्रा, आदि का विशेष सराहनीय सहयोग रहा।

# एक नजर

## आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर सैदपुर में निकाला पथ संचलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** वजीरगंज थाना क्षेत्र के कस्बा सैदपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवा संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सैदपुर कस्बे में मंगलवार को भवय पथ संचलन का आयोजन किया गया यह पथ संचलन सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होता हुआ पुन: विद्यालय के प्रांगण में संपन्न हुआ जहां एक संगठित सभा का आयोजन हुआ पथ संचलन में संघ के स्वयंसेवको ने पूर्ण गणवेश मैं अनुशासित और गारिमामय ढंग से भाग लिया संच. ालन के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से कस्बा की गलियां



देश भक्ति के रंग में रंग गई नगर वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का उत्साह वर्धन किया इस अवसर पर आयोजित सभा में बकताओ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डाला और संगठन की विचारधारा सेवा कार्य तथा राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान को रेखांकित किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में थाना पुलिस के साथ-साथ पीएसी के जवान भी पथ संचलन के समय सुरक्षा की दृष्टि से साथ रहे कार्यक्रम में संघ के जिला प्रचारक राजीव जी कृपा शंकर शर्मा के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी ने कार्यकर्ता के साथ-साथ सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा नगर के गणमान्य नागरिकों एवं युवाओं की सहभागिता रही नगर वासियों ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बताया और कहा इस प्रकार के कार्य कम से समाज में एकता और राष्ट्र प्रेम की भावना उत्पन्न होती है।

**लोकप्रिय हिंदी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं जनपद में विज्ञापन व खबरों के लिए निम्न नम्बरों पर करें सम्पर्क**

| | | | |
|---|---|---|---|
| भगवान दास | संवाददाता | बदायूं सिटी | 9411010546 |
| कैलाश मिश्रा | संवाददाता | इस्लामनगर | 9458213331 |
| धर्मेंद्र कुमार दीक्षित | संवाददाता | आसफपुर | 7830155078 |
| आतिफ निसार | संवाददाता | सहसवान | 8954188786 |
| रजीव सक्सेना | संवाददाता | उघैती | 9761005266 |
| नहीम आजाद | संवाददाता | बिल्सी | 9808271513 |
| अंकित कुमार गुप्ता | संवाददाता | रुदायन | 8430206061 |
| अजीत कुमार शर्मा | संवाददाता | बदायूं सिटी | 9259362222 |
| श्याम सिंह | संवाददाता | फैजगंजबेहटा | 74649466 37 |
| अनुराग मिश्रा | संवाददाता | वजीरगंज | 9759558639 |
| बी.के तोमर | संवाददाता | खेड़ा नवादा | 9412302152 |
| पुनीत कुमार | संवाददाता | बिसौली | 9528968192 |

# सेवानिवृत्त विनोद कुमार को प्रतीक चिन्ह किया भेंट



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** नलकूप खंड प्रथम, उपखंड प्रथम से सेवानिवृत्त हुए सिंचाई संघ के खंडीय उपाध्यक्ष विनोद कुमार का विदाई एवं सम्मान समारोह गरिमामयी ढंग से संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत्त कर्मचारी नेता मोहन स्वरूप गुप्ता ने की। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारियों रविन्द्र मोहन सक्सेना, उपेन्द्र उपाध्याय, बृजेश कुमार चौहान, एवं प्रमोद कुमार शर्मा (मीडिया प्रभारी) सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।श्रीगुप्ता ने कहा कि कर्मचारियों की सेवा निवृत्ति नियत तिथि पर होनी चाहिए और शासनादेश के अनुसार देयों का समय से भुगतान होना चाहिए। विनोद कुमार को प्रतीक चिन्ह और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।उपाध्यक्ष रविन्द्र मोहन सक्सेना ने विभागीय अधिकारियों पर कर्मचारियों के शोषण और कार्यस्थल पर दुर्व्यवहार के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक सेवा देने वाले कर्मचारियों के साथ विभाग को संवेदनशील व्यवहार करना चाहिए।जिलामंत्री उपेन्द्र उपाध्याय ने आरोप लगाया कि विनोद कुमार को अभी तक सेवानिवृत्त देयक की कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है, जो शासनादेश का उल्लंघन है। उन्होंने धर्मग्रंथों के संदर्भों के माध्यम से सेवा और सम्मान का महत्व बताया।इं. प्रमोद कुमार शर्मा ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारियों में नैतिकता का अभाव है और कर्मचारी शोषण की घटनाएं आम हो गई हैं। उन्होंने अधिकारियों द्वारा राजस्व दुरुपयोग और भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए।सिंचाई संघ के अध्यक्ष सतेन्द्र शाक्य ने कहा कि अधिशासी अभियंता द्वारा नामित एई प्रथम को कार्यक्रम में उपस्थित न होने का मौखिक आदेश देकर एक सुनियोजित विरोध किया गया। उन्होंने भविष्य में विरोध का सामना करने की चेतावनी दी।अंत में, विनोद कुमार को उनके परिवार व सहयोगियों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# बगरैन में मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** बगरैन कस्बे में महर्षि वाल्मीकि की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। मुख्य अतिथि विश्व हिंदू महासंघ बदायूं जिला अध्यक्ष प्रिंस देव शर्मा ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। बदायूँ जनपद में महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। वाल्मीकि समाज ने करेंगी रोड पर कार्यक्रम का आयोजन किया। बगरैन कस्बे में वाल्मीकि चौक पर महर्षि वाल्मीकि की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। मुख्य अतिथि विश्व हिंदू महासंघ के बदायूं जिला अध्यक्ष प्रिंस देव शर्मा ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। प्रिंस देव शर्मा ने कहा कि वाल्मीकि समाज भगवान वाल्मीकि जी की कलम के महत्व को समझ कर ज्यादा से ज्यादा बच्चों को उच्च स्तर की शिक्षा ग्रहण कराएं। शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिसके माध्यम से समाज शैक्षिक, सामा. जिक, धार्मिक,आर्थिक, राजनीतिक क्षेत्र में अग्रसर होकर समाज का विकास किया जा सकता है। इस दौरान विश्व हिंदू महासंघ के बरेली जिला उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा ,जिला उपाध्यक्ष महेश प्रधान ,जिला उपाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा नगरआईटी सेल प्रभारी ऋतिक देव भारद्वाज, अध्यक्ष बगरैन कृष्णपाल उर्फ लाला बाबू आर के शर्मा ,विक्रांत सक्सेना पूर्व प्रधान उमेश चंद्र भारती ,नागर वाल्मीकि सुनील बाल्मीकि मुकेश पाल वाल्मीकि राज. ेश बाल्मीकि उर्फ खन्नाआर्यन वाल्मीकि विनोद वाल्मीकि हर्षू वाल्मीकि प्रशांत वाल्मीकि जितेंद्र वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति 5.0 अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत तहसील बिसौली में महिलाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए तहसील प्रशासन ने उनके गांव में जाकर तत्काल समस्या का नियमानुसार निस्तारण के लिए लेखपाल, राजस्व निरीक्षक का ग्रामवार रोस्टर जारी किया गया है। जिसका निरीक्षण समय समय पर नायब तहस. ीलदार के द्वारा किया जाएगा। तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला ने एक वार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मिशन शक्ति 5.0 अभियान नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को नई दिशा दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के साथ है, उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा, अधिकारों और कानूनी प्रावधानों से जोड़ना है, ताकि वह आत्मनिर्भर और सुरक्षित जीवन जी सके। तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला ने कहा कि योगी सरकार की इस पहल ने नारी सशक्तिकरण को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।

## महिला सफाई कर्मियों का हुआ सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसवान।** नगर पालिका परिषद में बाल्मीकि जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी डॉ. राजेश कुमार एवं प्रभारी सफाई निरीक्षक अब्दुल फरीद खां द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत नगर की महिला सफाई कर्मियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान अधिशासी अधिकारी डा० राजेश कुमार ने समाज सुधारक महर्षि वाल्मीकि के जीवन, उनके आदर्शों एवं समाज में स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला।

अधिशासी अधिकारी डॉ. राज. ेश कुमार ने कहा कि महिला सफाई कर्मी नगर की रीढ़ हैं, जो प्रतिदिन कठिन परिस्थितियों में भी नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने का कार्य करती हैं। इन्हें सम्मानित करना हमारा नैतिक दायित्व है।

# दीपावली पर स्वदेशी उत्पाद खरीदें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में दीपावली पर स्वदेशी उत्पाद खरीदने और दुकानदारों को स्वदेशी उत्पाद बेचने के लिए प्रोत्साहित करेगी।केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्विकसित भारत 2047श के सपने को पूरा करने की दिशा में यह अभियान एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अभियान का उद्देश्य हर भारतीय को सक्षम और स्वावलंबी बनाना है। अभियान के दौरान स्वदेशी उत्पाद खरीदने और दुकानदारों को स्वदेशी उत्पाद बेचने के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाएगा।केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाया जा रहा आत्मनिर्भर भारत अभियान सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह एक जनांदोलन है। इसका उद्देश्य हर भारतीय को सक्षम बनाना है, ताकि वह स्वावलंबी बने और देश के विकास में भागीदारी निभाए उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता का पहला कदम है, स्थानीय को प्राथमिकता देना। दीपावली के समय आम व्यक्ति स्वदेशी उत्पाद खरीदे और दुकानदार स्वदेशी ही उत्पाद बेचें, इसके लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को नवाचार, स्टार्टअप्स और डिजिटल मंच के जरिए आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ ही श्वोकल फॉर लोकलश को अपनाने और स्थानीय उत्पादों व सेवाओं का अधिक से अधिक उपयोग करने का आह्वान करता हूं।लोकल फॉर वोकल को देश भर में तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। भारत में आज चिप से लेकर शिप तक बन रहे हैं। लखपति दीदी योजना के माध्यम से एक करोड़ से अधिक बहनें लखपति दीदी बन चुकी है। स्वयं सहायता समूह लोकल फॉर वोकल अभियान में मील का पत्थर साबित होगी। आत्मनिर्भर भारत अभियान का सार - आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान केवल एक नीति नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय भावना है। यह अभियान देशवासियों को संदेश देता है कि ष्एक विदेशी उत्पाद छोड़िए, एक स्वदेशी विकल्प अपनाइए- यही सच्चा राष्ट्र प्रेम है। हर घर स्वदेशी- हर मन आत्मनिर्भर। वोकल फॉर लोकल-लोकल से ग्लोबल। अटल बिहारी वाजपेयी जयंती तक चलेगा विशेष अभियान - भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि आत्मनिर्भर अभियान के तहत पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर तक प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. इसके तहत व्यापारी सम्मेलन, उद्योग सम्मेलन, कॉलेज स्तरीय स्वदेशी संकल्प सेमिनार, स्वदेशी मेला, नुक्कड़ नाटक, महिला एवं युवा सम्मेलन, हस्ताक्षर अभियान, आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ




और पदयात्रा, कॉलेज में स्वदेशी चित्रकला, कविता, भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने पत्रकारों का धन्यवाद व आभार जताया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य, जिला महामंत्री एमपी सिंह राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी आशीष शाक्य, अनुभव उपाध्याय उपस्थित रहे।

## शमशान भूमि समिति से दो सप्ताह में मांगा जबाव, पंजीकरण खारिज करने की चेतावनी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** सर मुंडाते ही ओले पड़े, यह कहावत कस्बे की श्मशान भूमि उत्थान समिति की नई निर्वाचित कार्यकारिणी के मामले में सही साबित होती नजर आ रही है। दो दिन पहले समिति की नव निर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई थी, और आज मंगलवार को सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स कार्यालय द्वारा संस्था का पंजीकरण निरस्त करने की चेतावनी का पत्र पहुंच गया। पत्र पहुंचते ही कस्बे की श्मशान भूमि उत्थान समिति के साथ ही नगर में खलवली मच गई है।

नजदीकी गांव ईंधजागीर के रहने वाले नामक चन्द ने कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स बरेली को एक शिकायती पत्र देकर ग्राम की श्मशान भूमि उत्थान समिति के पंजीकरण को निरस्त किए जाने की मांग की है। उन्होंने अपने इस शिकायती पत्र में माननीय न्यायालय तहसीलदार के आदेश दिनांक 3 जनवरी 2025 और आदेश दिनांक 2 जुलाई 2025 की प्रति भी संलग्न की हैं। तीन जनवरी को अपने आदेशों में कोर्ट ने क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा दायर किए गए धारा 67 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 के आधार पर ग्राम ईंधजगीर के गाटा संख्या 183 के रकबा जो मरघट के नाम दर्ज है के 174 मीटर पर अवैध कब्जा पाया गया था, जिसपर कोर्ट ने प्रतिवादी को तलब किया था। जिसमें उन्होंने किसी तरह का कब्जा होने से इनकार किया था, जबकि लेखपाल ने अपने बयानों में कब्जा कर पक्की दुकानें बनाए जाने की बात कही थी, जिसपर सहायक कलेक्टर/तहस. ीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने समिति पर 17400 का जुर्माना लगाए जाने के साथ ही 1100 रुपये का खर्चा भी दिए भी जमा करने के आदेश दिए थे, साथ ही कब्जा किए गए स्थल से बेदखली के आदेश पारित किए थे। कोर्ट के इस आदेश को 5.4.2025 को चुनौती देते हुए वाद पुनर्स्थापित किए जाने की याचना की गई थी, जिसपर कोर्ट ने दायर की गई इस अपील को बलहीन मानते हुए 2 जुलाई 2025 को खारिज कर दिया था। सहायक रजिस्ट्रार नीरज उर्फ यादवेन्द्र पाठक द्वारा जारी किए गए इस पत्र के बारे में समिति के नव निर्वाचित अध्यक्ष सुरेंद्र सक्सेना से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें इस तरह का कोई भी पत्र नहीं मिला है, पत्र मिलने के बाद ही जबाव दिया जाएगा। निवर्तमान अध्यक्ष गोपाल गुप्ता से भी इस पत्र के बारे में जानकारी की गई तो उन्होंने भी किसी पत्र के मिलने से इनकार किया है।

# सात इनामी आरोपियों की धर पकड़ को लगीं पुलिस की सात टीमें

■ नहीं मिले तो आरोपियों की संपत्ति होगी कुर्क



:बरेली बवाल:

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** शहर में बवाल के सात आरोपियों पर 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। इन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की सात टीमें लगाई गई हैं। अगर आरोपी नहीं मिले तो उनकी संपत्ति को कुर्क किया जा सकता है।

बरेली में 26 सितंबर को हुए बवाल में नामजद होने के बाद भागे मौलाना तौकीर रजा के सात करीबियों पर 15-15 हजार रुपये इनाम घोषित होने के बाद उनकी तलाश में पुलिस की सात टीमें लगाई गई हैं। एसएसपी ने संबंधित थानों की पुलिस टीम के साथ एसओजी, सर्विलांस समेत सात टीमों को इनकी तलाश में लगाया है। एसएसपी ने बताया कि आरोपी जल्दी नहीं मिले तो कोर्ट में आवेदन कर इनकी संपत्ति कुर्क कराई जाएगी। पुलिस के मुताबिक मौलाना तौकीर रजा के इशारे पर 26 सितंबर को शहर में बवाल हुआ था। पुलिस अब तक करीब 86 उपद्रवियों को गिरफ्तार कर चुकी है। अभी कई उपद्रवी भागे हुए हैं। जेल में बंद आईएमसी के पार्षद अनीस सकलैनी को राजनीतिक संरक्षण देने वाला नायाब उर्फ निम्मा, अनीस का बेटा अदनान, दोस्त नदीम और एक गुर्गा बबलू खान भी इनामी आरोपियों में शामिल हैं। नायाब, बबलू और नदीम बारादरी थाने के हिस्ट्रीशीटर हैं। शाहबाद निवासी अल्तमस रजा, नीम वाली मस्जिद मलूकपुर निवासी अफजाल बेग और मदीना शाह इमामबाड़ा रोहली टोला निवासी साजिद सकलैनी पर भी इनाम घोषित किया गया है।

## मौलाना तौकीर की मुश्किलें और बढ़ेंगी

बवाल कराने के आरोपी मौलाना तौकीर रजा पर कानून का शिकंजा कसता जा रहा है। वर्ष 2019 के मुकदमे में अब तक पुलिस चार्जशीट अटकाए हुए थी। अब यह फाइल दोबारा खोली जा रही है। मौलाना का कोर्ट से रिमांड मांगा गया है।

केंद्र सरकार वर्ष 2019 में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और एनआरसी का प्रस्ताव लाई थी। तब बरेली समेत आसपास के जिलों में प्रदर्शन हुए थे। बरेली में भी निषेधाज्ञा के दौरान मौलाना तौकीर रजा ने विरोध-प्रदर्शन का आह्वान किया था। बरेली आए दूर दराज के लोगों ने तोड़फोड़ व हंगामा किया था। उनके खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

इस दौरान कई विवेचक बदल गए पर न तो वे चार्जशीट लगा सके, न ही एफआर लगाने की हिम्मत जुटा सके। अब मौजूदा विवेचक ने मौलाना तौकीर रजा खां को रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में अर्जी लगाई है। सूत्र बताते हैं कि मौलाना के खिलाफ उन दिनों संभल जिले में भी रिपोर्ट दर्ज की गई थी। संभल समेत अन्य जिलों के मुद्दे भी उखड़ सकते हैं।

## एक नजर

### कैरियर मेले में छात्राओं ने बनाए मॉडल, किया गया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**देवरनियां।** ब्लॉक रिछा (दमखोदा) के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पैगा रिछा में समग्र शिक्षा अभियान के तहत एक दिवसीय कैरियर मेले का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं द्वारा बनाए गाए मॉडलों की सरहाना की गई, और विजयी छात्राओं को सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजकीय इंटर कॉलेज बरौर के प्रभारी प्रधानाचार्य अभिनव कुमार द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ किया गया। इस मेले का उद्देश्य छात्राओं को कैरियर संबंधी मार्ग दर्शन एंव विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों की जानकारी प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम की नोडल नीलम प्रताव सिंह के साथ निशा कश्यप, साईन जहां, पैगा कॉलेज की प्रभारी प्रधानाचार्य नैन्सी गुप्ता आदि प्रमुख शामिल रहीं। मेले में छात्राओं द्वारा मॉडल बनाए गए, जिनमें छात्रा जैहरा फातमा फस्ट, राजदा अंसारी सेकेंड और इफरा तीसरे स्थान पर रहीं। प्रभारी प्रधानाचार्य नैन्सी गुप्ता ने सभी का आभार जताते हुए प्रतिभागी छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### वाल्मीकि जयंती पर निकली शोभायात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** वाल्मीकि जयंती के अवसर पर मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती आयोजन समिति की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने के साथ ही कस्बे में विशाल शोभा यात्रा निकाली गयी। जिसका लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया।



कस्बे में महर्षि वाल्मीकि मंदिर में मंगलवार की सुबह हवन पूजन के बाद लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। दोपहर में कस्बे के अंबेडकर पार्क में महर्षि वाल्मीकि उपदेश सभा का आयोजन किया गया। जिसमें महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। शाम को कस्बे में शोभा यात्रा निकाली गयी, जो कि महर्षि वाल्मीकि मंदिर से शुरु होकर कस्बे के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस महर्षि वाल्मीकि मंदिर पर आकर समाप्त हो गयी। जिसका लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभा यात्रा में विभिन्न देवी देवताओं की झांकियां शामिल थीं। इसमें समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार, महामंत्री सुमित कुमार वाल्मीकि, उपाध्यक्ष रोहित, कोषाध्यक्ष सोनू, अनिल, गोविंदराम घनश्याम, अविशेक आदि लोग मौजूद रहे।

### सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से जेल भरो आंदोलन चलाए जाने की मांग, भेजा पत्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** जिला पंचायत सदस्य के पति एवं समाजवादी बावा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव छेदालाल दिवाकर ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को एक पत्र भेजकर बरेली में गुजरी 26 सितम्बर को हुए बवाल के बाद बरेली प्रशाशन द्वारा एक वर्ग के खिलाफ की जा रही उत्पीड़नात्मक और बुलडोजर की कार्यवाही पर तत्काल ही रोक लगवाए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे इस वर्ग में पार्टी के प्रति गलत संदेश जा रहा है। श्री दिवाकर ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से इस मामले में बरेली के साथ ही प्रदेश सरकार के खिलाफ जेल भरो आंदोलन शुरू किए जाने की मांग की है, जिससे इस वर्ग के साथ ही दूसरे लोगों का पार्टी के प्रति विश्वास बना रहे।

### विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने वाले पति व ससुरालियों पर मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** एक विवाहिता ने पति व ससुराल वालों पर दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

विवाहिता ने पति पर उसकी नग्न वीडियो बनाकर दोस्तों को दिखाने का भी लगाया आरोप

विवाहिता का कहना है कि उसके पति ने उसकी नग्न अवस्था की वीडियो बनाकर उसे अपने दोस्तों को दिखाने का आरोप लगाया है। विवहिता का कहना है कि अब उसके पति के दोस्त उसे तरह-तरह से ब्लैकमेल कर रहे हैं। इस मामले में पुलिस ने पति समेत ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नगर के मोहल्ला अब्बासनगर निवासी एक विवाहिता का कहना है कि उसकी शादी करीब दो वर्ष पूर्व शहजाद पुत्र लईक अहमद निवासी इन्द्रानगर सिरोली कलां थाना पुलभट्टा जिला ऊधमसिंहनगर के साथ हुई थी। शादी के बाद उसका एक बेटा भी है जो कि अब एक साल का है। विवाहिता का आरोप है कि उसके ससुराल वाले पति शहजाद, जेठ नदीम, फैजान, वसीम, जीशान, सास व ननद उससे आये दिन दहेज लाने की मांग करते हैं, और उसके मना करने पर उसके साथ मारपीट कर उसे तरह-तरह की यातनाएं देते हैं। विवाहिता का कहना है कि उसके पति का किसी दूसरी युवती से चक्कर चल रहा है और वह उसे छोड़ना चाहता है। उसके पति ने उसे बैल्टों से बुरी तरह मारा पीटा और उसकी नग्न अवस्था की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालने की धमकी देते हुए कहा कि अगर तू खुद से नहीं गई तो तेरी इज्जत तार-तार कर दूंगा।

विवाहिता का कहना है कि उसके पति ने उसकी नग्न वीडियो सद्दाम व शेरा जो उसके पति के दोस्त हैं को दिखा दी, और अब वह दोनों उसे ब्कैलमेल कर रहे हैं। इस संबंध में उसने थाना पुलभट्टा में शिकायत दर्ज करायी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। दिनांक 1 अक्टूबर को उसके पति ने उसे पूरे दिन मारा पीटा। किसी तरह उसने अपने मायके वालों को फोन किया, जिसपर वह पुलिस लेकर उसकी ससुराल पहुंच गए, लेकिन पति व ससुराली पहले से भाग निकले। हालत खराब होने पर उसके मायके वाले उसे मोहल्ला अब्बासनगर ले आये। शिकायत के बाद पुलिस ने पति शहजाद, नदीम, फैजान, वसीम, जीशान पुत्र लईक अहमद व सास और नन्द समस्त निवासी इंद्रानगर सिरोली कलां थाना पुलभट्टा जिला ऊधमसिंह नगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### विधायक का ब्राह्मण सभा ने किया जोरदार स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** आज ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियों ने मीरगंज के यशस्वी विधायक डा. डीसी वर्मा का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कस्बा शीशगढ़ में मीरगंज विधायक डॉक्टर डीसी वर्मा के प्रयास से एक परशुराम द्वार का निर्माण हुआ है। इस उपलक्ष में आज ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव त्रिवेदी के नेतृत्व में ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियो ने फूल माला एवं पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किया । प्रदेश महामंत्री मुकेश शर्मा ने अपने वक्तव्य में बताया कि मीरगंज विधायक डॉक्टर डीसी वर्मा के प्रयास से कस्बा शीशगढ़ में बिलासपुर अड्डे पर भगवान परशुराम द्वार का निर्माण हुआ है, जिसके लिए मीरगंज विधायक वर्मा बधाई के पात्र हैं। यहां राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव त्रिवेदी, प्रदेश महामंत्री मुकेश शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री पुनीत त्रिवेदी, जिला महामंत्री देवेंद्र शर्मा, मंडल मंत्री बच्चन सारस्वत, मंडल महामंत्री विशाल शर्मा, संजीव शर्मा, राजेश शर्मा, प्रमोद शर्मा एवं क्षेत्र के तमाम सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

## जनपद में हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई महर्षि वाल्मीकि की जयन्ती

■ महर्षि वाल्मीकि के जयन्ती के अवसर पर भजन, कीर्तन, सुंदरकांड, रामायण पाठ का किया गया आयोजन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** शासन के निर्देशानुसार डीएम अविनाश सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में कवि महर्षि बाल्मीकि की जयन्ती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भाव के साथ मनायी गयी।

इस अवसर पर जाटवपुरा स्थित तथा सीबीगंज स्थित महर्षि वाल्मीकि मन्दिर के साथ विभिन्न मंदिरों में पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ भजन, कीर्तन, सुंदरकांड तथा रामायण पाठ का आयोजन किया गया। इसके साथ ही जनपद के तहसील तथा विकासखण्डों के विभिन्न मंदिरों में भी महर्षि वाल्मीकि की जयन्ती को भव्य रूप में मनाया गया।

वाल्मीकि रामायण में निहित मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों व राष्ट्र मूल्यों के व्यापक प्रचार व जनमानस को इससे जोड़ने के लिए महर्षि वाल्मीकि से सम्बन्धित स्थलों एवं मंदिरों आदि पर दीप प्रज्जवलन/दीप दान के साथ-साथ अनवरत् 8, 12 अथवा 24 घण्टे का वाल्मीकि रामायण का पाठ आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत श्रीराम व श्री हनुमान तथा रामायण पाठ एवं भजन आदि के कार्यक्रम भी आयोजन किये गये।

महर्षि वाल्मीकी अपने बचपन में धार्मिक कार्यों से बहुत दूर रहे, परन्तु जब उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ तब प्रभु श्रीराम के शरण में चले गये और प्रभु की भक्ति में लीन हो गये। प्रभु की भक्ति और आत्मशक्ति से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। महर्षि वाल्मीकी के जयन्ती के अवसर पर हम उनके जीवन दर्शन को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा लेते हैं।

जनपद बरेली के विकासखंड मीरगंज में ग्राम पंचायत करमपुर, सैजना विकासखण्ड क्यारा के ग्राम कांधरपुर, विकासखण्ड आलमपुर जफराबाद के ग्राम भमौरा तथा अन्य ग्राम पंचायतों में राम मंदिर, हनुमान मंदिर एवं वाल्मीकि मंदिर पर भजन कीर्तन सुंदरकांड का पाठ, रामायण इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ विकासखंड के सचिव, सहायक विकास अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्राम वासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें महिलाओं की सहभागिता रही।

इसी क्रम में विकासखंड बहेड़ी के ग्राम पंचायत ग्वारी व राई नवादा में मंदिर पर भजन कीर्तन और पाठ किया गया, पाठ करने के उपरांत प्रसाद का भी वितरण किया गया।

विकासखंड फरीदपुर के ग्राम पंचायत केसरपुर, पचौमी, खल्लापुर, बिलपुर, गोविन्दपुर में राम मंदिर पर भजन कीर्तन रामायण का पाठ ग्राम प्रधान आदि की उपस्थिति में किया गया और प्रसाद वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रमों में ग्रामवासी मौजूद रहे।

## अमन और शांति का पैगाम देता है इस्लामः मौलाना शाहबुद्दीन

■ कट्टरपंथी संगठनों की निंदा की




शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि इस्लाम अमन और शांति का पैगाम देता है। उन्होंने इस्राइल और फलस्तीन की जंग के लिए हमास को जिम्मेदार बताया और कट्टरपंथी संगठनों की निंदा की।

ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने उन कट्टरपंथी संगठनों की निंदा की, जो धर्म का सहारा लेकर नौजवानों को भड़काती है। मौलाना ने कहा कि इस्लाम अमन और शांति का पैगाम देता है। इस्लाम में आतंकवाद, हिंसा और निर्दोषों की हत्या के लिए कोई स्थान नहीं है। निर्दोष लोगों की हत्या और अराज. कता फैलाना इस्लामी शरीयत में किसी भी रूप में जायज नहीं ठहराया जा सकता। कुरआन कहता है कि जिसने एक बेगुनाह को कत्ल किया उसने पूरी इंसानियत को कत्ल किया।

इस्राइल और फलस्तीन की जंग के दो साल पूरे होने पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मंगलवार को प्रेसवार्ता की। उन्होंने इस्राइल और फलस्तीन की जंग के लिए हमास को जिम्मेदार बताया। कहा कि दो साल पहले सात अक्टूबर को हमास की हिंसक कार्रवाई ने न केवल इस्राइल- फलस्तीन संघर्ष को और भड़काया, बल्कि लंबे समय से चल रही शांति प्रक्रिया को पूरी तरह पटरी से उतार दिया। मौलाना ने कहा कि कूटनीतिक प्रयासों और अंत. रराष्ट्रीय मध्यस्थता के जरिए फलस्तीन के लिए न्यायसंगत समाधान की दिशा में कुछ उम्मीदें बन रही थीं, लेकिन हमास के गलत निर्णय ने पूरी प्रक्रिया को विफल कर दिया। इस कार्रवाई से इस्राइल को सैन्य कार्रवाई का बहाना मिला, जिससे दोनों पक्षों के बीच हिंसा और अविश्वास की खाई और गहरी हो गई। नतीजतन, जो राजनीतिक समाधान संवाद और कूटनीति से निकल सकता था, वह अब खून-खराबे और प्रतिशोध के चक्र में फंस गया है।

उन्होंने बताया कि फलस्तीन के शहर गाजा में इस्राइल द्वारा बमबारी से हजारों लोगों की जाने जा चुकी है। पूरा शहर खंडहर बन चुका है, जिसकी तस्वीरों को दुनिया देख रही है। उन्होंने कहा कि इस्राइल को ये सब ज्यादती करने का मौका कट्टरपंथी हमास ने दिया। अगर हमास इस्राइल के नागरिकों को बंधक नहीं बनाता तो ये दिन देखने को नहीं मिलते।

शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि कट्टरपंथी संगठन हमास इस्लाम की नहीं बल्कि एक कट्टर और राजनी. तिक सोच की नुमाइंदगी करता है। यह सोच सूफी परंपरा की मोहब्बत और अमन से कोसों दूर है। फलस्तीन के मुद्दे का असली हल शांति, संवाद और राजनीतिक प्रक्रिया के रास्ते से ही संभव है। उलमा ने आगे कहा कि भारत और फलस्तीन के रिश्ते हमेशा अच्छे रहे हैं, जब से गाजा में इस्राइल से जंग शुरू हुई, तो मानवीय आधार पर सबसे पहले भारत सरकार ने राहत सामग्री गाजा के लिए भेजी।

# रामायण रचियता महर्षि वाल्मीकि भी राम के समान पूज्य

शाह टाइम्स संवाददाता

**सेंथल।** महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती पर नगर के हरिजन वार्ड में जगदीश वाल्मीकि व महेन्द्र वाल्मीकि की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री अविनाश मिश्रा ने

भगवान वाल्मीकि जी के चित्र पर माल्यार्पण पश्चात दीप प्रज्वलन व फिर आरती कर भगवान का भोग लगाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। ततपश्चात अपने उद्बोधन में कहा कि नर जो करनी करे, नारायण बन जाय, के प्रत्यक्ष प्रमाण, भविष्य द्रष्टा, महान संत, संस्कृत भाषा के आदि कवि, रामायण, योग वशिष्ठ आदि महाकाव्यों के रचयिता महर्षि वाल्मीकि जी के प्राकट्य दिवस शरदपूर्णिमा की शुभकामनायें बधाई प्रेषित करते हुये, उसी वर्ग के युवा शक्ति व बुजुर्गजन, गणमान्य जन आदि को श्रीराम नाम का पटका पहनाकर व बच्चों को प्रसाद वितरण कर युवा पीढ़ी से मादक पदार्थों जैसे-मांस मदिरा आदि से दूर रहने का संकल्प दिलाया। सभी ने एक सुर में भगवान बाल्मीकि के सामने संकल्प लिया। पहले क्या था, उस विषय पर हम बात नहीं करना चाहते हम चाहते हैं, आज का युवा कन्धे से कन्धा मिलाकर साथ चले। हमें उस भारत का निर्माण करना हैं, जिसका सपना महात्मा गांधी, डॉ. हेडगेवार, विवे. कानंद ने देखा था।



बहुत हुआ भेदभाव, अब हमसब एक हैं। एक संगत, एक पंगत, सभी जन मानस भारत माता के सुपुत्र हैं। हम सबके आराध्य प्रभु श्रीराम शबरी के झूठे बेर खा सकते हैं, हम क्या उन्हें गले भी नहीं लगा सकते हैं,

संस्कृत का प्रथम, तथा पूरे भारतीय साहित्य का प्रथम श्लोक जो महर्षि वाल्मीकि के मुख से अनायास ही निकल पड़ा था, जों इस प्रकार है... मां निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः । यत्क्रौंचमिथुनादेकम् अवधीः काममोहितम् इससे पूर्व सभी वाल्मीकि परिवारों के द्वारों पर भगवान वाल्मीकि के चित्र लगाये गये।

इस कार्यक्रम में भगवान वाल्मीकि जी की व प्रभु श्रीराम परिवार हनुमान जी सहित मनमोहक झाँकी आकर्षक का केन्द्र रहीं।

इस अवसर पर उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले सफाई मित्रों के साथ समाज से अन्य वर्ग के समा. जसेवियों को भी विहिप पदाधिकारियों द्वारा अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महेन्द्र वाल्मीकि, जगद. ीश वाल्मीकि, आशीष वाल्मीकि, पंकज वाल्मीकि, जितेंद्र वाल्मीकि, धुर्व वाल्मीकि, शिवेक वाल्मीकि, रनवीर वाल्मीकि, अभिषेक वाल्मीकि, कैलाश वाल्मीकि, अनमोल वाल्मीकि, संदीप सागर, उमाकांत जोशी, सेवाराम मौर्य, मुनीश मौर्य, आशीष देवल आदि मौजूद रहे।

## भगवान महर्षि वाल्मीकि जयंती के शुभ अवसर पर सरस्वती शिक्षा मंदिर में कार्यक्रम आयोजित



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में भगवान महर्षि वाल्मीकि जयंती के शुभ अवसर पर सरस्वती शिक्षा मंदिर, हरी नगर अलीग. ंज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पशुधन मंत्री ने भगवान वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज तथा क्षेत्रीय जनता द्वारा बढ़-चढ़कर सहभागिता की गई। पशुपालन विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन वृहद स्तर पर किया गया, तथा साथ में नेशनल एग कोआर्डिनेशन कमेटी द्वारा अंडों के ठेलों का वितरण किया गया। विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं द्वारा जरूरतमंदों को निशुल्क नजर का चश्मा, स्वास्थ्य परीक्षण, दवा वितरण, वृद्ध जनों को छड़ी, दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर, असमर्थ लोगों के लिए कमोड, कान की सुनने वाली मशीन आदि का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में लखनऊ से आए अपर निदेशक ग्रेड वन डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद माहौर ने विस्तृत चर्चा की। मुख्य कार्यकारी अधिकारी नेशनल एक कोऑर्डिनेशन कमिटी अजीत सिंह ने अंडा उत्पादन एवं अंडा खाने के लाभ के बारे में बताया।

कार्यक्रम में अपर निदेशक ग्रेड 2 बरेली मंडल बरेली द्वारा पशुपालन विभाग द्वारा की गई प्रगति की चर्चा की गई। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख मझगवां यशवंत सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष आंवला संजीव सक्सेना, वरिष्ठ भाजपा नेता के पी सिंह, मंडल अध्यक्ष मझगवां, मंडल अध्यक्ष मझगवां यशपाल सिंह लोधी, मंडल अध्यक्ष गुलड़िया शोभाराम शर्मा, मंडल अध्यक्ष सिरौली मनोज शर्मा, अधिकारयों में उपजिलाधिकारी आंवला, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, क्षेत्राधिकारी आंवला व तहसील के उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा. नरेश चंद्र भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम संयोजक राकेश मोहन त्यागी ने कार्यक्रम की रूप रेखा बताई। मंच संचालन डा. राजीव सिंह एवं डा. के पी सिंह द्वारा किया गया।

## सड़क पर गड्ढों को भरने का अपना वादा भूल गया लोक निर्माण विभाग

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** कस्बे के मुख्य मार्ग की सड़क पर गड्ढे होने से सड़क पर रास्ता निकलना भी मुश्किल हो गया है। वर्षा का पानी सड़क के गड्ढों में भरने से सड़क तालाब बन चुकी है।

बताते चलें कि शीशगढ़ कस्बे के बरेली बस अड्डे से बिलासपुर बस अड्डे तक की सड़क लोकनिर्माण विभाग द्वारा बनाई गई थी। मरम्मत के अभाव में सड़क पर गड्ढे हो जाने से सड़क पर रास्ता चलना भी मुश्किल हो गया है। लोकनिर्माण विभाग ने कागजों में सड़क को गड्ढा मुक्त दिखाकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर लिया था। चेयरमैन नीलोफर को जब लोकनिर्माण विभाग के इस कारनामे की भनक लगी तो चेयरमैन नीलोफर ने आला अफसरों से इस मामले की लिखित शिकायत की तो खलबली मच गई। लोकनिर्माण विभाग को अपने बचाव के लिए वारिश के बाद सड़क को गड्ढा मुक्त करने का फरमान जारी करना पड़ा, लेकिन अभी तक सड़क को गड्ढा मुक्त कराने का काम भी शुरू नहीं कराया जा सका है जिस कारण ग्रामीण परेशान है।

लोकनिर्माण विभाग द्वारा सड़क को गड्ढा मुक्त करने के बजाय केवल कागजों में ही गड्ढा मुक्त दिखाकर जनता के साथ दिखा किया है। हमने आला अफसरों को इस मामले की लिखित शिकायत की है सड़क पर गहरे गड्ढे होने से रास्ता निकलना भी मुश्किल हो गया। गड्ढों में वर्षा का पानी भरने से समस्या और भी गंभीर हो गई है अब आला अफसरों से आश्वासन मिला है कि जल्द ही निर्माण शुरू हो जाएगा।
**नीलोफर**
**चेयरमैन**
**नगर पंचायत शीशगढ़**



**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# राज्यमंत्री दानिश अंसारी ने गुलशन सेहत साथी वेबसाइट का किया शुभारंभ

- रामपुर की जनता को मुफ्त एम्बुलेंस सुविधा सहित मिलेंगी अन्य सुविधाएं
- समर्थ योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण लेने वाली ४५० महिलाओं को वितरित किए प्रमाण पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को शाह बेगम मैरिज हॉल, डिग्री कॉलेज में गुलशन वेलफेयर सोसाइटी रजि. के तत्वाधान में, गुलशन सेहत साथी वेबसाईट का शुभारंभ किया एवं भारत सरकार की समर्थ योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण लेने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। इस मौके कलाकारों द्वारा म्यूजिकल कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम में बड़ी तादद में महिलाएं उपस्थित रही। संचालन मोहम्मद इश्तियाक ने किया। कार्यक्रम में दानिश आजाद अंसारी राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ष गुलशन षसेहत साथी ष वेबसाइट का शुभारंभ किया गया। इस मौके भाजपा



अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली और गुलशन वेलफेयर सोसाइटी के सचिव वसीम खघन ने भारत सरकार की समर्थ योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण लेने वाली 450 महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए।

वसीम खघन ने बताया कि गुलशन सेहत साथी के जरिए लोगों को दवाओं, जांचों और इलाज में छूट दिलाना, जरूरी दवाएं घर तक फ्री पहुंचना, मुफ्त एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराना है।

इस मौके पर राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा फैसल मुमताज, डॉ. यामीन, लाल भाई, इमरान पाशा, मोहम्मद इश्तियाक, फसाहत खां राजू, रानी खान, समीना, खातिजा बी, सफवान खां आदि मौजूद रहे।

# वाल्मीकि समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाया भगवान वाल्मीकि जी का प्रकट दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर मे मे बाल्मीकि धर्म समाज के लोगो ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ भगवान बाल्मीकि जी प्रकट दिवस मनाया भारतीय बाल्मीकि धर्म समाज भावादस भीम शाखा के जिला सचिव सोमपाल बाल्मीकि के नेतृत्व मे भगवान बाल्मीकि प्रकट दिवस बड़ी ही धूमधाम व हर्षोल्लास मनाया। जिसमें सोमपाल बाल्मीकि के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान बाल्मीकि जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये।

सोमपाल बाल्मीकि ने रामायण रचयिता भगवान बाल्मीकि जी के बताये रास्तों पर चलने का आह्वान समस्त बाल्मीकि समाज से किया।



प्रकट दिवस मे दिनेश कुमार, विजय कुमार, संजय, गौरव भारती, अजय बाल्मीकि, राकेश, नरेश, अनिल भारती, अरुन, मनोज, सोनू, राजीव कुमार , सोना देवी, भगवती, शकुन्तला, पूजा, काजल, कोमल, नंदनी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## पंजीकरण की चार वर्ष की अवधि पूर्ण कर चुके निर्माण श्रमिकों को 15 अक्टूबर तक कराना होगा नवीनीकरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सहायक श्रमायुक्त राज. कुमार ने बताया कि सचिव उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत प्रदेश में कुल 1.87 करोड़ से अधिक निर्माण श्रमिक पंजीकृत है, जिसमें से लगभग 13.83 लाख निर्माण श्रमिक ही अद्यतन रूप से नवीनीकृत है।

उन्होंने बताया कि शासन द्वारा निर्देशित किया गया है कि ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिन्होंने 04 वर्ष या उससे अधिक समय से नवीनीकरण नहीं कराया है, उन्हें निष्क्रिय सूची में रखा जाए।

सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि जनपद रामपुर में लगभग 42 हजार पंजीकृत निर्माण श्रमिकों ने 04 वर्ष या उससे अधिक समय से अपना नवीनीकरण नहीं कराया है।

उन्होंने अपील की है कि सभी श्रमिक अपना नवीनीकरण 15 अक्टूबर, 2025 तक अनिवार्य रूप से करा लें, अन्यथा ऐसे सभी श्रमिकों को जिन्होंने 04 वर्ष या उससे अधिक समय से अपना नवीनीकरण नहीं कराया है, उन्हें निष्क्रिय सूची में सम्मिलित कर दिया जायेगा।

उन्होंने बताया कि निष्क्रिय सूची के श्रमिकों की संख्या पंजीकृत निर्माण श्रमिकों में नहीं की जायेगी तथा बोर्ड के निष्क्रिय सदस्य बोर्ड की किसी भी योजना लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन नहीं कर पायेंगे।

पंजीकृत निर्माण श्रमिक को नवीनीकरण कराने में अगर मोबाइल नंबर या आधार सत्यापन की समस्या आती है तो वह किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अपडेट करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 0595-2970125 सम्पर्क कर सकते है।

# मिशन शक्ति के तहत बालिका आरुषि बनी एक दिन की अपर पुलिस अधीक्षक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति के विशेष अभियान (फेज-0.5) का शुभारम्भ हो गया है। मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह, 03 से 11 अक्टूबर 2025, के मध्यम किया जाना है।

जनपद में महिला कल्याण विभाग ओर से निर्धारित कार्य योजना के अनुसार जनपद स्तर पर एक दिन की अधिकारी तथा महिलाओं द्वारा सांकेतिक भूमिका निर्वहन कार्यक्रम (मेगा इवेन्ट) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेधावी बालिका कु. आरूषि को एक दिन का सांकेतिक ''अपर पुलिस अधीक्षक''



नियुक्ति किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं व बालिकाओं को इन पदों पर कार्यरत होकर कैसे पदगत दायित्वों का निर्वहन किया जाता है इसकी जानकारी मिलेगी व जिसके फलस्वरूप उन्हें संवैधानिक व प्रशासनिक पदों पर पहुँचने की प्रेरणा मिलेगी।

एक दिन के सांकेतिक अपर पुलिस अधीक्षक को अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह द्वारा पुलिस विभाग के कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

तत्पशचात एक दिन के सांकेतिक ''अपर पुलिस अधीक्षक'' कु. आरूषि को थाना सिविल लाइन का निरीक्षण कराया गया, उसके उपरान्त जनपद में संचालित वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण भी कराया गया तथा वन स्टॉप सेन्टर, महिलाओं के उत्थान के लिए कैसे काम करता है, की जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम में संदीप कुमार, एसएचओ, थाना सिविल लाइन तथा उनकी टीम, चांद बी, केन्द्र प्रबन्धक, वन स्टॉप सेन्टर, तथा उनकी टीम, निजाम, प्रोजेक्ट कॉओडिनेटर, चाइल्ड लाइन आदि उपस्थित रहें।

# औद्योगिक पार्क में 09 से 18 अक्टूबर तक लगेगा स्वदेशी मेला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उपायुक्त उद्योग निहारिका जैन ने बताया कि जनपद रामपुर के रोशन बाग, औद्योगिक पार्क में 09 से 18 अक्टूबर,2025 तक एक स्वदेशी मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में जिले में बने उत्पादों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिसमें सभी रामपुर के स्थानीय उत्पाद जैसे जरी, पैच वर्क, चाकू, वायलिन, टोपी, पतंग आदि उत्पादों के स्टाल लगाये जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इस मेले में प्रतिदिन शाम 04.00 से 06.00 बजे तक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दयावती मोदी स्कूल एवं अन्य स्कूलों के बच्चों द्वारा नृत्य, गीत, नाट्य आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसके साथ ही 09 अक्टूबर, 2025 को नरसिंह अवतार पर एक भव्य नाटक का मंचन भी कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मेले को अधिक भव्य और आकर्षक बनाने के लिए रामपुर के खास पकवान/मिठाई हब्शी हलवा, घाट, आइस्क्रीम, मुरादाबादी दाल आदि खान-पान के स्टाल भी लगाये जायेंगे। मेले में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा।

उन्होंने बताया कि यह स्वदेशी मेला जिले में निर्मित स्थानीय उत्पादों और स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी के लिए एक बड़ा मंच होगा।

# सैफनी नगर में भगवान वाल्मीकि जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सैफनी/रामपुर।** मंगलवार को भगवान वाल्मीकि जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि चेयरमैन फैजान खान नगर पंचायत सैफनी व क्षेत्राधिकारी हर्षिता सिंह ने शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ किया। जिसमें अनेक प्रकार की झांकी भगवान वाल्मीकि, लव कुश, हनुमान जी महाराज, माता सीता, काली का अखाड़ा, राधा कृष्णा, बैंड आतिशबाजी,ढोल ताशे के साथ निकली गई।



इस शुभ अवसर पर शोभायात्रा अध्यक्ष विशाल वाल्मीकि, कमेटी अध्यक्ष राजेश वाल्मीकि, सलाहकार प्रिंस राज, महामंत्री संजय वाल्मीकि, रवि वाल्मीकि, अंकित, अरूण, रामकुमार, करण सिंह दिवाकर, अनिकेत, अमित, अरूण, गिरवर, अंशु, कन्हैया, सतीश, आदेश व समस्त कार्यकता मौजूद रहे।

# महिला से मारपीट करने पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक खानम।** वादनी तामीर जहा ने मिलक खानम थाने में तहरीर देकर आरोप लगाते हुए हुए कहा कि मेरे पति गुलफाम पुत्र अब्दुल सलाम बागेश्वर में हेयर कटिंग का काम करता था। वहीं पर उसकी दोस्ती इसरार निवासी गांव खानपुर उत्तरी स्वार से हो गई।

उसी दौरान इसरार ने अपने भाई की शादी के लिए गुलफाम से 50 हजार रुपये उधार ले लिए कुछ दिन बाद उधार के पैसे माँगने पर इसरार गुलफाम से रंजिश रखने लगा और गुलफाम के घर पर 2 अक्टूबर को इसरार व इस्लाम पुत्र मकसूद अपने तीन साथियों के साथ गुलफाम के घर पर पहुंच कर गाली गलौज करने लगे प्राथनी ने गाली गलौज करने विरोध किया तो उसे घर से बाहर खेच कर मारपीट करने लगें साथ ही उसके कपड़े भी फाड़ दिए।

झगड़ा होता देख ग्रामीण भी एकत्र हो गए यह देख इसरार अपने साथियों के साथ यह धमकी दे कर कि अगर पैसे मांगे तो जान से मार देगे चला गया।

प्राथनी की तहरीर के आधार पर मिलक खानम थाने में विभिन्न धारा ओ में इसरार इस्लाम व तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

# नगर में धूमधाम से निकली वाल्मीकि शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा( रामपुर )।** मंगलवार को भगवान महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज ( भावाधस ) के तत्वावधान में महर्षि वाल्मीकि जी की शोभा यात्रा निकाली गई। जिसका उद्घाटन पालिका अध्यक्षपति/ अध्यक्ष प्रति. निधि हाजी सरफराज द्वारा फीता काटकर किया गया तथा दीप प्रज्ज्वलित कस्बा इंचार्ज राम कुमार द्वारा किया गया।

नगर पालिका सभसदगण एवम गणमान्य लोगो द्वारा शोभा यात्रा का स्वागत किया गया।

शोभा यात्रा मढ़ी मंदिर से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई ग्राम बादली पहुंची और वहाँ से वापस



होकर मोहल्ला भब्बलपुरी स्थित वाल्मीकि मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। सुदेश वाल्मकी द्वारा शोभा यात्रा का नेतृत्व किया गया। शोभा यात्रा आयोजक शुभम भारती, वाशु वालिमीकि, विशाल वाल्मीकि, संजय चौधरी, सागर वाल्मीक, आशीष मर्दन, मुकुल, राहुल, रजत मर्दन, सनी भगत जी, अनूप, रोहताश, पिंटू, आदर्श आदि सभी वाल्मकी समाज द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

# मिशन शक्ति अभियान-5.0 के अंतर्गत महिला आरक्षी की कविता के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम में भागीदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद में "मिशन शक्ति अभियान-5.0" के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के निर्देशन में थाना सिविल लाइन की महिला आरक्षी ब्रिजेश ने कविता प्रस्तुत कर मिशन शक्ति अभियान-5.0 का संदेश जनमानस तक प्रभावशाली ढंग से पहुँचाया।

कविता के माध्यम से उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, उनके अधिकार और समाज में सम्मान सुनिश्चित करने के महत्व को उजागर किया।

जनपद पुलिस विभाग द्वारा मिशन शक्ति अभियान-5.0 के तहत महिलाओं और बालिकाओं के सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन हेतु हर संभव प्रयास कर किये जा रहे।

उन्होंने इस दौरान कविता....नारी ने सशक्तीकरण व शौर्य का परचम लहराया है हम उनको परिभाषित कर दे जिसने ये जगत रचाया है। आधी आबादी बनकर भी कभी पूर्ण नहीं हो पाती थी देवदासी, सती प्रथा, बाल-विवाह में झौंक दी जाती थी एक बिन केवट के नाव ज्यों लहरो से थपेड़े खाती थी आजादी से पहले नारी भी उसी श्रेणी में आती थी आज अबला ने सबला बनकर शून्य से एक बनाया है ।

वर्तमान युग में मेरी बहनों एक नयी चेतना सी आई है यहां भारत माता, शारदा और कालरात्रि भी माई है । बिन शक्ति भक्ति नहीं होती तस्वीर हमें दिखाई है। आशा, आंगनबाड़ी ही नही प्रथम नागरिक भी आई है। समग्र दृष्टिकोण से नारी ने अमूल्य अस्तित्व बनाया है ।

सशक्तिकरण सेही नारी ने अपने सपनों को साकार किया संसद, सत्ता, अंतरिक्ष, रक्षा, चिकित्सा जगत में नाम किया संवैधानिक पदों पर भी जाकर के सत्यनिष्ठा से काम किया। कोई ओलंपिक जीती तो किसी ने एवरेस्ट को पार किया विषम परिस्थितियों से रहकर समता का मान बढ़ाया है।

आत्मनिर्भरता की राह में शासन ने भी पूर्ण सहयोग किया। घर का मुखिया बनाकर के अम्बा को राशन का जिम्मा सौंप दिया।

तीन तलाक हटाया तो कभी, शून्य पर खाता खोल दिया। उज्ज्वला, सुकन्या, महिला आरक्षण, छात्रवृत्ति से अर्थ प्रदान किया विद्युत सखी, ड्रोन दीदी, स्वयं सहायता समूह बनवाया है। सुरक्षा में क्रान्ति से प्रदेश में अद्वितीय अलख जगाया है मिशन शक्ति केंद्र, पिंक बूथ, वन स्टॉप सेंटर, एंटी रोमियो, 1090 प्राथमिकी से लेकर पुनर्वास, 360 अंश सहयोग दर्शाया है।

मसला भी हल हो जाए यूंही काउंसलिंग केन्द्र बनवाया है जीरो टॉलरेंस की नीति ने महिला को त्वरित न्याय दिलवाया है। जब से मुख्यमंत्री जी ने मिशन शक्ति चलाया है कदम कदम पर नारी का उत्साह वर्धन कराया है। महिलाओं ने भी आदेश का पालन कर अपना वादा निभाया है। हम उनको परिभाषित करदे जिसने ये जगत रचाया है

# स्वार टांडा के ग्राम धनोरी में रामलीला का फीता काटकर किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** विधानसभा 34 स्वार टांडा के ग्राम धनोरी में हर साल की तरह इस बार भी रामलीला का शुभारंभ किया गया। मा. विधायक शफीक अहमद अंसारी के छोटे भाई रफीक अहमद अंसारी ठेकेदार द्वारा रामलीला का फिता काटकर शुभारंभ किया गया। विधायक जी के भाई ने कहा कि रामलीला सिर्फ मनोरंजन के लिये नहीं हमें बहुत कुछ सिखाने के लिये हर साल मनाई जाती हैं रामलीला से हमें पता चलता है कि किस तरह एक पुत्र अपने पिता के लिये।

भाई अपने भाई के लिये पत्नि अपने पति के लिये अपना राजपाट ऐशो आराम त्याग कर वनवास पर चले जाते हैं। यह त्याग करने की भावना हम सबके अंदर होनी चाहिए. और माव विधायक के भाई कहा की सब धर्म एक हैं हमें सबको आपस में मिलजुल.



कर रहना चाहिए सभी के धर्मों का सम्मान करना चाहिय जनता से किया हुआ एक एक वादा हम पुरा करेंगे।

रामलीला में मौजूद सभी वक्ताओ ने अपनी अपनी बात रखी। इस मौके राणा जी शंकर लाल राठौर दीप सिंह राही दीपक नागर सलहाकार मन्नू मेंबर हामिद अल्वी राजू मौर्या पूर्व प्रधान अतर सिंह मौर्य सभापति शमा आंटी मदन लाल नेता जी कपिल वाल्मीकि सर्वेश वाल्मीकि एवं मीडिया प्रभारी इदरीस खा समस्त ग्रामीण मौजूद रहे।

## अकबराबाद में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** क्षेत्र में एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाने में इस घटना की शिकायत दर्ज कराई है।

प्रियंका ने अपनी तहरीर में बताया कि 04 अक्टूबर को वह अपने गांव से सरकारी कार्य के लिए अकबराबाद जा रही थी। दोपहर लगभग 2 बजे जब वह ग्राम रामपुर धम्मन पहुंची, तभी अरुण और उसकी पत्नी दीपा निवासी नयां गांव (अकबराबाद), ने पुराने विवाद को लेकर उसे रोक लिया। दोनों ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट की। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है

# तेज हवा व बारिश से खेतों में गिरी धान की फसल किसानों की मेहनत पर फिरता नजर आ रहा है पानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** मौसम के अचानक बदले मिजाज ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मसवासी क्षेत्र में मंगलवार सुबह तेज बारिश और हवा चली, जिससे खेतों में पककर तैयार खड़ी धान की फसल गिर गई। कटाई के बीच हुई बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। कई जगहों पर बिजली गुल होने और पेड़ गिरने से हालात और मुश्किल हो गए।

सोमवार देर शाम से ही मौसम करवट लेने लगा था। रातभर रुक-रुक कर बारिश होती रही और मंगलवार सुबह झमाझम बारिश से खेतों में पानी भर गया। किसानों का कहना है कि धान की कटाई का समय चल रहा है, ऐसे में बारिश से फसल खराब होने का खतरा बढ़ गया है। अगर अगले एक-दो दिन और बारिश हुई, तो खेतों में खड़ी फसल सड़ सकती है।

किसानों ने बताया कि तेज हवा और बारिश से कई जगह बालियां झुक गईं।

इससे कटाई मुश्किल हो जाएगी और उत्पादन भी घटेगा। कई इलाकों में खेतों में पानी भरने से मशीनों का इस्तेमाल ठप पड़ गया है। उधर, मसवासी में भी मंगलवार सुबह करीब नौ बजे से एक घंटे तक तेज बारिश हुई। क्षेत्र के कई इलाकों में जलभराव हो गया, जबकि ग्रामीण इलाकों में खेतों में पानी भर गया है।

# गौरक्षा वाहिनी के जिलाध्यक्ष ने कराया निराश्रित पशु के शव का अंतिम संस्कार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में मंगलवार को गौरक्षा वाहिनी के जिला अध्यक्ष धर्मपाल सिंह लोधी को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा सूचना मिली कि राधेश्याम राही के पेट्रोल पंप के पास एक सांड बहुत बीमार है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर जानवर के डॉक्टर को बुलाकर उपचार कराया डॉक्टर ने बताया कि किसी जहरीले कीड़े के काटने से इसकी मौत हुई मौत हुई है।

इस दौरान जिला अध्यक्ष ने जे सी बी मंगवाकर सांड का हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार अंतिम संस्कार कराया।

जिसमें उपस्थित जिला अध्यक्ष धर्मपाल सिंह लोधी, स्वराज यादव पूर्व प्रधान अरशद , राजू, बी टी सी मेंबर मेहर अली भजनपुर आदि मौजूद रहे।

# नंदी पर सवार भोलेनाथ की झांकी ने किया मंत्रमुग्ध

## जयंती पर नगर में निकली भगवान महर्षि वाल्मीकि की भव्य शोभायात्रा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जयंती पर नगर में भगवान महर्षि वाल्मीकि की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सजी झांकियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कई स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। बैंडबाजों पर बज रही धार्मिक धुनों से सारा माहौल भक्तिमय हो गया। कलाकारों ने ऐसे करबत दिखाये जिसे देखकर लोग हतप्रत रह गये।

नगर के मौहल्ला कुरैशी स्थित वाल्मीकि मंदिर से शोभायात्रा का शुभारंत भाजपा नेता नितिन जैन ने फीता काटकर किया। यहां से प्रारंभ होकर शोभायात्रा मौहल्ला चौक, तहसील, बाजार जट, बड़ा बाजार, कोतवाली, बसाबनगंज, सर्राफा बाजार, मौहल्ला कोट, आजाद रोड होते हुए रेलवे स्टेशन रोड स्थित वाल्मीकि आश्रम पर जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में एक से बढ़कर एक झांकी सजाई गई थी। जिसमें राधा कृष्ण, भगवान वाल्मीकि, भूतप्रेत की झांकी, भगवान शंकर की नंदी पर सवार झांकी, भगवान गणेश की झांकी, माता काली का अखाड़ा आदि झांकियों ने सभी का दिल जीत लिया। सबसे ज्यादा आकर्षण का केन्द्र जो झांकी रही वह थी भगवान भोलेनाथ का नंद पर सवार होना। लोग इस झांकी को देखकर हतप्रत रह गये। इसके अलावा यहां आये अखाड़ों ने अपने करतब दिखाकर सभी का दिल जीत किया। कई स्थानों पर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। शोभाया में शामिल सूरज, व गोपाल बैंड धार्मिक धुनों से भगवान वाल्मीकि का गुणगान करते चल रहे थे। वाल्मीकि आश्रम पहुंचने के बाद शोभायात्रा एक सभा में बदल गई। जहां समाज के लोगों ने अपने विचार रखे। इस मौके पर दिलीप वाल्मीकि, बिलेराम वाल्मीकि, दीपू, निलनेष कुमार, मुकेश वाल्मीकि, रोकी, काले वाल्मीकि, मंगेश, रॉकी, सोनू वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

# छात्रा को ब्लैकमेल करने वालों को भेजा जेल

## वीडियो वायरल होने पर हरकत में आयी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** नहाते समय छात्रा का वीडियो बनाने व ब्लैकमेल करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

बताते चलें कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की बेटी जो बीएससी की छात्रा थी, उसका गांव के युवकों ने नहाते समय वीडियो बना लिया था तथा ब्लैकमेल कर तीस हजार रूपये ऐंठ लिये थे। इसके बाद कॉल कर उससे पचास हजार की डिमांड की गयी थी परेशान होकर छात्रा ने नोएडा में नौकरी करने वाले अपने भाई को पूरा मामला बताया। कोतवाली व जल्लोपुर पुलिस चौकी के चक्कर काटने के बाद जब पुलिस ने आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की तब छात्रा ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर चेतावनी दी थी कि यदि उसे ब्लैकमेल करने वालों पर कार्रवाई न हुई तो वह थाने के सामने आत्मदाह करेगी। जब वीडियो पुलिस के पास पहुंची तो हड़कम्प मच गया। आनन फानन में बिन्नू, चन्द्रकिरण व विपिन को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया।



# बस में भिड़े दो पक्ष मची चीख-पुकार

## पुलिस ने दबंगों की बाइक कब्जे में ली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** अंतिम संस्कार करके लौट रहे ग्रामीणों के बीच बस में मारपीट होने से अफरा तफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दबंगों की बाइक कब्जे में ले ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है

मंगलवार को थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव सकतपुर मार्ग पर एक बस में ग्रामीणों के दो पक्षों के बीच मारपीट होने लगी। तहसील इलाके के एक गांव के ग्रामीण गंगा घाट से अंतिम संस्कार कर बस द्वारा अपने घरों को लौट रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों के बीच किसी बात को लेकर बहस शुरू हो गई। इस दौरान एक पक्ष ने फोन करके कुछ युवकों को बुला लिया। कुछ दबंग बाइक पर आये तथा बस को रास्ते में रुकवा लिया। उनके बस में चढ़ते ही उसमें बैठे ग्रामीणों से कहा सुनी होने लगी। कुछ ही देर में बस के भीतर दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट होने लगी। बताया जा रहा है कि बस में मारपीट करने वाले ग्रामीण आपस में करीबी रिश्तेदार है। बस में मारपीट शुरू होते ही वहां चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। दबंग पुलिस को देखते ही अपनी बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गये। पुलिस ने बाइक को अपने कब्जे लेने के बाद प्रकरण की जांच करनी शुरू कर दी है। पुलिस ने इस मामले में जबर सिंह भूप सिंह शिव कुमार पुत्र गण हुकम सिंह निवासी ग्राम बिछोली थाना हयातगर जनपद संभल अनिल पुत्र हरपाल सिंह निवासी ग्राम भवानीपुर थाना हयात नगर जनपद संभल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। किसी ने ग्रामीणों का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

# सड़क हादसे में घायल मजदूर ने दम तोड़ा



## परिजनों में मची चीख पुकार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बस की टक्कर लगने के बाद घायल हुए मजदूर की 24 घंटे के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। मजदूर की मौत होने से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव पौरारा निवासी 24 वर्षीय संजय पुत्र जगदीश बाइक पर सवार होकर अपने गांव के अन्य साथी जसपाल एवं नरेश के साथ सोमवार की शाम मजदूरी कर अपने घर लौट रहा था। इस दौरान पौरारा की दिशा से आ रही तेज रफ्तार स्कूली बस ने रहरा पोरारा मार्ग पर उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें संजय जसपाल एवं नरेश घायल हो गये। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उमेश की हालत गंभीर देख उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों के द्वारा गंभीर रूप से घायल युवक को मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उमेश की मंगलवार को मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव घर पहुंचा तो परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। परि. जनों ने बताया कि मृतक मेहनत मजदूरी करता था। उसकी अभी शादी भी नहीं हुई थी। वह 6 भाई तथा तीन बहनों में चौथे नंबर का था। उसकी मौत से मां प्रेमवती समेत परिजनों करो रो कर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष अतवीर सिंह चौहान ने बताया की तहरीर के आधार पर बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### एक नजर

## फैक्ट्री कर्मी से साढ़े दस हजार की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरनपुर निवासी सीताराम का बेटा यशपाल सैनी जिवाई स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करता है। सोमवार दोपहर करीब दो बजे यशपाल फैक्ट्री में काम कर रहा था। उसी दौरान उसके मोबाइल पर एक अंजान नंबर से व्हाट्सऐप कॉल आई। कॉल करने वाले शख्स ने खुद को पुलिसकर्मी बताया। प्रोफाइल पर पुलिस की वर्दी में उसकी डीपी लगी हुई थी। कॉल करने वाले शख्स ने यशपाल से कहा कि तू मोबाइल पर अश्लील फिल्में देखता है, तेरे खिलाफ मुकदमा दर्ज होने वाला है। मुकदमे से अगर बचना चाहता है तो 25 हजार रुपये देने होंगे। इसके बाद उसने व्हाट्सऐप पर खाता नंबर की डिटेल भेज दी। मुकदमा दर्ज होने की बात सुनकर यशपाल डर गया तथा उसने साथियों से पैसे उधार लेकर जनसेवा केंद्र के माध्यम से पांच बार में साढ़े दस हजार रुपये साइबर अपराधी द्वारा भेजे गए खाते में ट्रांसफर करा दिए। इसके बाद साइबर अपराधी ने मंगलवार दोपहर तक 15 हजार रुपये और भेजने की बात कही। घबराए यशपाल ने तुरंत डिडौली कोतवाली पहुंच साइबर सेल डेस्क पर शिकायत दर्ज कराई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में जांच कराकर कार्रवाई की बात कही।

# ऑपरेशन थियेटर सील, लेकिन कार्रवाई नहीं

## बीस दिन पहले किया था सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** बीती 15 सितंबर को जिस जोशोखरोश के साथ प्रशासन ने अवैध अस्पतालों पर शिकंजा कसने का दिखावा किया था, उसका असर अब पूरी तरह खत्म हो चुका है। एसडीएम विभा श्रीवास्तव और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शेरपुर मार्ग स्थित श्रीराम जच्चा-बच्चा केंद्र और नवाबपुरा भूड़ के माधव नर्सिंग होम पर छापा मारकर अवैध रूप से संचालित ऑपरेशन थिएटर सील किए थे। उस दिन अफसरों का काफिला पहुंचा तो इलाके में हड़कंप मच गया था। कैमरे चमके, ताले ठुके, बयान दिए गए और अगले दिन अखबारों में प्रशासन की सख्ती की खूब सुर्खियां छपीं।

लेकिन अब बीस दिन बाद हकीकत यह है कि अधिकारियों की फाइलों में ताले तो लटक रहे हैं, पर कार्रवाई की फाइलें धूल फांक रही हैं।



अवैध रूप से ऑपरेशन थिएटर चलाने के मामले में न किसी अस्पताल संच. ालक पर मुकदमा दर्ज हुआ, न किसी पर कोई कार्यवाही। जनता का कहना है कि यह कार्रवाई नहीं, बल्कि फोटोशूट अभियान था। लोगों का तंज है ऑपरेशन थिएटर तो सील हो गया, लेकिन प्रशासनिक ईमान अब भी आईसीयू में पड़ा है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल कुमार ने छापेमारी के दौरान खुद स्वीकार किया था कि अस्पतालों में बिना अनुमति के प्रसव और ऑपरेशन किए जा रहे थे। ऐसे में मामला साफतौर पर नियमों का उल्लंघन था। फिर सवाल उठता है कि जब अवैधता के प्रमाण मिले थे, तो अब तक कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्या फाइलों में सबूत दबा दिए गए या मामला कहीं मैनेज कर दिया गया? सरकार लगातार कह रही है कि अवैध अस्पतालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिले की तेज तर्रार जिलाधिकारी आईएएस निधि गुप्ता वत्स भी लगातार अवैध अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दे रही है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी कह रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार की सख्ती अफसरों की फाइलों में दम तोड़ देती है। कुछ ने तो यह तक कह दिया ये कार्रवाई नहीं, प्रशासनिक नाटक मंडली का लाइव शो था, जिसमें जनता सिर्फ दर्शक बनी रही। बीस दिन बाद भी कार्रवाई का कोई अता-पता नहीं है। जनता पूछ रही है क्या सील लगाना ही कानून का अंत है? क्या ताले लगाने के बाद अफसरों ने चौन की नींद ले ली? फिलहाल प्रशासन मौन है और जनता के सवाल तेज। अब देखना यह होगा कि स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन नींद से जागकर इस कार्रवाई को अंजाम तक पहुंचाते हैं या फिर यह मामला भी सिस्टम की पुरानी फाइलों में दम तोड़कर रह जाएगा जहां ताले लटके रहते हैं और न्याय सोता रहता है।

# गलत दिशा में दौड़ रही कार ने बाइक को रौंदा

## हादसे में दंपति व बच्ची घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हाईवे पर गलत दिशा में दौड़ रही कार ने बाइक को रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार दंपति व बच्ची घायल हो गई। पुलिस ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मामले में कार के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी की पहचान के लिए पुलिस अब हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। डिडौली क्षेत्र में हाईवे पर हादसा सोमवार शाम में हुआ। कस्बा डिडौली में सुनारों वाली गली निवासी अंकुर वर्मा श्योनाली स्थित राजा जी ढाबे पर सुपरवाइजर हैं। वह अपनी बच्ची को दवा दिलाने के लिए मुरादाबाद गए थे, साथ में उनकी पत्नी भी थीं। तीनों बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। बुढ़नपुर में नवोदय कन्या विद्यालय के सामने से गुजरते में गलत दिशा से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में अंकुर वर्मा के अलावा पत्नी व बच्ची गंभीर घायल हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि हादसे में अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। फरार कार चालक की पहचान के लिए हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जा रही हैं। आरोपी को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा

## बूथ को मजबूत करें सपाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** समाजवादी पार्टी नगर कमेटी की बैठक मंगलवार को शहर के मुहल्ला शिवद्वारा में मोबिन ठेकेदार के आवास पर आयोजित हुई। इसमें नगर अध्यक्ष वहाब सैफी ने कार्यकर्ताओं से 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का लक्ष्य हासिल करने के लिए बूथ मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चुनाव की सबसे मजबूत कड़ी बूथ होता है। बैठक की अध्यक्षता पूर्व सभासद अब्दुल जब्बार अंसारी ने की। इस मौके पर जनाब फारूकी, अनस अब्बासी, हाजी मोहसिन, कमाल खान, मोबिन ठेकदार, शादाब सैफी, रियाज भाई, फैजान अब्बासी, यासिन एडवोकेट, आदिल अहमद, मोहम्मद दानिश, इशरत अली, हाजी बबलू आदि मौजूद रहे।

# खुदकुशी की झूठी सूचना से पुलिस को छकाया

## जनप्रतिनिधि पर डेढ़ लाख लेने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** शिक्षामित्र द्वारा कोतवाली के सामने आत्मदाह किये जाने की धमकी के बाद चौकसी बरतते हुए पुलिस को लगाया गया था। आत्मदाह करने के लिए शिक्षामित्र नहीं पहुंच पाया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव हत्या खेड़ा निवासी एक शिक्षामित्र ने एक जनप्रतिनिधि पर फैसले के नाम पर डेढ़ लाख रुपया लिए जाने का आरोप लगाया था। शिक्षामित्र का कहना था कि एक जनप्रतिनिधि ने एक मामले में उससे डेढ़ लाख रुपया लिया था। कहा था कि तेरा भी मुकदमा दर्ज हो जायेगा। लेकिन अभी तक न तो उसकी ओर से मुकदमा दर्ज हुआ है और ने ही उसके पैसे को वापस किया गया है। चार दिन पूर्व शिक्षामित्रों ने कोतवाली के गेट पर प्रदर्शन करते हुए एक जनप्रतिनिधि से पैसा वापस दिलवाये जाने की मांग की थी। शिक्षामित्र ने पैसा वापस न होने पर मंगलवार को कोतवाली के गेट पर आत्मदाह करने की पुलिस को चेता. वनी दी थी। शिक्षामित्र की धमकी के बाद कोतवाली पुलिस भी एक्शन में आ गई थी। शिक्षामित्र द्वारा धमकी को संज्ञान में रहते हुए कोतवाली के आसपास पुलिस बल को तैनात किया गया था। कई घंटे तक पुलिस शिक्षामित्र पूरन का इंतजार करती रही लेकिन वह नहीं आया। शिक्षामित्र द्वारा आत्मदाह किये जाने की धमकी देने के बाद से ही पुलिस प्रशासन इस मामले पर नजर रखे हुआ था। बताया जा रहा है कि मुकदमा दर्ज होने से बचने के लिए शिक्षामित्र ने हाई-फाई ड्रामा किया था।

# भारतीय संस्कृति के महान ऋषि थे भगवान वाल्मीकि

## जयंती पर कमाल ने दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कांठ विधायक कमाल अख्तर ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारतीय संस्कृति के महान ऋषि थे। मनुष्य अगर सच्चे मन से प्रयास करे तो वह अपने साथ दूसरों का जीवन भी सुधार सकता है। कांठ स्थित वाल्मीकि मन्दिर में महर्षि वाल्मीकि जयंती के मौके पर आयोजितत कार्यक्रम में विधायक कमाल अख्तर ने सबसे पहले महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये। उन्होंने कहा कि रामायण जैसा अमर ग्रंथ रचकर महर्षि वाल्मीकि ने मर्यादा सत्य, त्याग और प्रेम का संदेश जन जन तक पहुंचाया। हम सब अपने जीवन में उनके आदर्शो को अपनाकर समाज में समानता, भाईचारा व इंसाफ की भावना को मजबूत करने का संकल्प लें। कमजोर व पिछड़े वर्गो के उत्थान के लिए काम करना हमारा संकल्प होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान महर्षि वाल्मीकि ने हमेशा भाईचारे की विचारधारा का संदेश दिया। कार्यक्रम में विक्रम यादव, नाजिम अली सैफी, विजेन्द्र सिंह, अमजद अली, मुकेश, सकलैन, भूरा खान, चरन सिंह प्रधान, डा. जुबैर, राशिद सैफी, ताहिर बाबा आदि मौजूद रहे।

## वाल्मीकि जी की शिक्षा समाज को देती है दिशा



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** अमर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने से हुई। महाविद्यालय के प्रबंधक अशोक सैनी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और महर्षि वाल्मीकि के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने समाज को समानता, करुणा और सत्य के मार्ग परचलने की प्रेरणा दी। हमें उनके विचारों को जीवन में आत्मसात कर समाज में समरसता स्थापित करनी चाहिए।



गजरौला। ब्रजघाट स्थित गंगा में शरद पूर्णिमा के अवसर पर स्नान के लिए उमड़े श्रद्धालु।

# शरद पूर्णिमा पर गंगा स्नान को उमड़े श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** हिन्दु धर्म में विशेष महत्तव रखने वाली शरद पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब गंगा तट ब्रजघाट व तिगरी के लिए उमड़ा। श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ पतित पावनी गंगा में स्नान किया और अपने घर, परिवार की सुख, स्मृध्दि की कामना की। इस दिन खीर का प्रसाद बांटने की मान्यता रहती है तो वहीं चंद्र देव सोलह कलाओं में पूर्ण होते हैं।

शरद पूर्णिमा पर गंगा स्नान का सिलसिला मंगलवार भोर से ही शुरू हो गया था। ब्रजघाट में न केवल स्थानीय बल्कि दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान आदि तक से

### सोलह कलाओं में पूर्ण होते हैं चंद्रदेव

भी लोग स्नान करने के लिए आए थे। मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती का अवकाश होने के कारण श्रद्धालुओं की संख्या में काफी ज्यादा देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने स्नोपरांत गंगा में प्रसाद व दुग्ध आदि चढ़ाकर सुख-स्मृध्दि की प्रार्थना की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने नौका विहार का भी आनन्द लिया। तिगरी में भी स्नानार्थियों की भारी भीड़ देखने को मिली। यहां भी स्नान करने का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। शरद पूर्णिमा के महत्तव के बारे में पंडित दयानंद शर्मा कहते हैं कि शरद पूर्णिमा पर खीर का दान करना धन, धान्य में वृद्धि करता है। शरद पूर्णिमा की रात चन्द्र देव सोलह कलाओं से सम्पन्न होकर अमृत वर्षा करते हैं। इसीलिये खीर को रात में खुले में रखा जाता है और सुबह उसे प्रसाद मानकर खाया जाता है। इस पूर्णिमा की रात में चन्द्रमा धरती के बहुत समीप होता है और जब इसकी किरणें धरती पर पड़ती हैं तो खाद्य पदार्थों और वातावरण में शुद्धि आ जाती है। वहीं दोनों स्थानों पर सुरक्षा के लिहाज से पुलिस की व्यवस्था रही। इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने ब्रजघाट व तिगरी का राउंड लेकर अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए। स्थानीय गोताखोरों के साथ पीएसी के गोताखोर भी मुस्तैद रहे।

## जयंत की रैली में ताकत दिखाएं किसान



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** रालोद के मंडल अध्यक्ष चौधरी सरजीत सिंह ने कहा कि किसान संगठन के साथ जुड़कर अपनी ताकत का अहसास करायें। गांव दुर्गुपुर व कूबी में रालोद की बैठकों का आयोजन किया गया। जिसमें मंडल अध्यक्ष चौधरी सरजीत सिंह ने कहा कि 12 अक्टूबर को रजबपुर के नेहरू स्मारक इंटर कालेज में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी की जनसभा है। जिसमें अधिक से अधिक पहुंचकर उनके विचार सुनें। उन्होंने कहा कि किसानों का भला केवल रालोद ही कर सकता है। इस मौके पर मायाराम सिंह, देवेन्द्र सिंह, पप्पू, अशोक, करण सिंह, राजेन्द्र सिंह, गुनीपाल सिंह, हरपाल सिंह, महावीर सिंह, अनिल चीमा, जसपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### रेलवे कुश्ती प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे शीर्ष पहलवान

**नई दिल्ली, वार्ता।** उत्तर रेलवे के तत्वावधान में अखिल भारतीय अंतर रेलवे कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन यहां करनैल सिंह रेलवे स्टेडियम में किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का उद्घाटन आज सुबह उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने किया। यह प्रतियोगिता दिनांक 07 से 09 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें भारतीय रेलवे के विभिन्न जोन से आए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पहलवान भाग लेंगे और अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

### मिमी रोड्स ऑर्डर ऑफ मेरिट के खिताब की तलाश में

**गुरुग्राम, वार्ता।** भारत में प्रमुख लेडीज यूरोपियन टूर इवेंट के रूप में, हीरो महिला इंडियन ओपन एक प्रमुख मंच के रूप में खड़ा है जहां वैश्विक प्रतिभाओं का भारतीय उत्कृष्टता से मिलन होता है – एक ऐसा मंच जो न केवल महिला गोल्फ का जश्न मनाता है, बल्कि अक्सर सीजन के भविष्य को आकार देने में भी निर्णायक साबित होता है। इस साल, सबकी नजरें इंग्लैंड की उभरती हुई स्टार मिमी रोड्स पर हैं, जो तीन जीत और प्रतिष्ठित लेडीज यूरोपियन टूर ऑर्डर ऑफ मेरिट खतिाब जीतने के मौके के साथ भारत पहुंच रही हैं। डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में एक शानदार प्रदर्शन पूरे सीजन के लीडरबोर्ड में शीर्ष पर उनकी स्थिति को मजबूत कर सकता है और एक शानदार साल का समापन कर सकता है।

### आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप शॉटगन 2025 के लिए भारत तैयार

**नई दिल्ली, वार्ता।** दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शॉटगन निशानेबाज एथेंस, ग्रीस में आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप शॉटगन 2025 में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। यह प्रतियोगिता 8 से 19 अक्टूबर तक ग्राजधानी के मालाकासा शूटिंग रेंज में आयोजित की जाएगी। कुल पांच पदक स्पर्धाएँ – पुरुष और महिला ट्रैप व स्कीट, साथ ही ट्रैप मिक्स्ड टीम इवेंट-जो सभी ओलंपिक इवेंट हैं, सात दिनों तक चलेंगी। प्रतियोगिता की शुरुआत 10 अक्टूबर, 2025 से होगी। कुल 68 संघों के 406 खिलाड़ी 518 इवेंट्स में हिस्सा लेंगे, जिनमें छह मौजूदा ओलंपिक पदक विजेता भी शामिल हैं। भारत ने 12 सदस्यीय दल भेजा है जिसमें एशियाई चैंपियंस-पुरुष स्कीट में अनंत. जीत सिंह नरूका और महिला ट्रैप में नीरू धांडा – शामिल हैं। हाल ही में समाप्त शिमकेंट एशियन चैम्पियनशिप के पुरुष ट्रैप रजत पदक विजेता भवनीश व महिला ट्रैप कांस्य पदक विजेता आशिमा भी है।

# रैंकिंग में मंधाना टॉप पर कायम




**दुबई, वार्ता।** आईसीसी की वीकली विमेंस रैंकिंग अपडेट हो चुकी है। भारत की लेफ्ट हैंड बैटर स्मृति मंधाना नंबर-1 बैटर बनी हुई हैं। हालांकि, कप्तान हरमनप्रीत कौर को 2 स्थान का नुकसान हुआ। गेंदबाजों में दीप्ति शर्मा भी छठे नंबर पर पहुंच गईं। टीमों में इंडिया विमेंस तीसरे नंबर पर बरकरार है। एश्ले गार्डनर टॉप-5 में पहुंचीं विमेंस वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के पहले मैच में शतक लगाने वालीं एश्ले

**● कप्तान हरमनप्रीत कौर को 2 स्थान का नुकसान, बॉलर्स में दीप्ति शर्मा छठे नंबर पर खिसकीं**

गार्डनर को 7 स्थान का फायदा मिला। वे वनडे बैटर्स रैंकिंग में पांचवें नंबर पर पहुंच गईं। साउथ अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्ज भी 2 स्थान ऊपर उठकर चौथे पर पहुंच गईं। न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन 7 स्थान सुधरकर 8वें पर आ गईं।

भारत की स्मृति मंधाना नंबर-1, इंग्लैंड की कप्तान नैटली सिवर ब्रंट दूसरे नंबर और ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी तीसरे नंबर पर कायम हैं। बैटर्स रैंकिंग में भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर को 2 स्थान का नुकसान हुआ। वे 16वें नंबर पर पहुंच गईं। दीप्ति शर्मा 17वें नंबर पर आईं। स्मृति मंधाना ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 50 गेंदों पर शतक लगाया था। बॉलर्स में दीप्ति को नुकसान वनडे बॉलर्स रैंकिंग में भारत की स्पिनर दीप्ति शर्मा को एक स्थान का नुकसान हुआ, वे टॉप-5 से बाहर होकर छठे नंबर पर पहुंच गईं। साउथ अफ्रीका की मारिजान कैप ने उन्हें पीछे धकेला। इंग्लैंड की सोफी एकलस्टन टॉप पर हैं। दूसरे से चौथे नंबर तक ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर, मेगन शट और किम गार्थ हैं। विमेंस वनडे आलराउंडर्स रैंकिंग में साउथ अफ्रीका की मारिजान कैप को एक स्थान का नुकसान हुआ। वे तीसरे नंबर पर पहुंच गईं, इस कारण वेस्टइंडीज की हैली मैथ्यूज दूसरे नंबर पर आ गईं। ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर नंबर-1 और भारत की दीप्ति शर्मा चौथे नंबर पर कायम हैं। भारत की स्नेह राणा 12 स्थान की छलांग लगाकर 28वें नंबर पर जरूर आ गईं। दीप्ति शर्मा ऑलराउंडर्स रैंकिंग में चौथे नंबर पर कायम हैं।

ऑस्ट्रेलिया टॉप टीम वनडे टीमों में ऑस्ट्रेलिया पहले, इंग्लैंड दूसरे और भारत तीसरे नंबर पर कायम हैं। टीम रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ, यह वर्ल्ड कप खत्म होने के बाद ही अपडेट होगी। टी-20 टीम और प्लेयर्स रैंकिंग में भी कोई बदलाव नहीं हुआ। टी-20 में भी ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत ही टॉप-3 पोजिशन पर हैं।

# चीन की युआन ने हार का बदला लिया

**● विश्व रैंकिंग में 69वें स्थान पर काबिज युआन ने 2:21 मिनट में मैच जीता**

**वुहान, चीन।** चीन की युआन यू ने सोमवार को 2025 वुहान ओपन के अपने पहले मैच में इटली की लूसिया ब्रोंज़ेटी को दो टाईब्रेक सेटों में हराकर कड़े मुकाबले में जीत हासिल की, जबकि वांग शिन्यू को जापान की उचिजिमा मोयुका से सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिग में 69वें स्थान पर काबिज युआन ने दो घंटे 21 मिनट तक संघर्ष करते हुए ब्रोंज़ेटी को 7-6 (2), 7-6 (1) से हराया, जिसमें लंबी रैलियां भी शामिल थीं। युआन ने कहा कि यह वाकई एक रोमांचक मुकाबला था, दोनों सेट टाईब्रेक तक गए और हर अंक महत्वपूर्ण लगा। मुझे खुशी है कि मैंने आज रात महत्वपूर्ण क्षणों को अच्छी तरह से संभाला। यह जीत युआन के लिए खास थी, जो 2021 में इतालवी क्ले कोर्ट पर ब्रोंज़ेटी से 6-1, 6-1 से हार गई थीं।

युआन ने कहा कि उस समय मैं बुरी तरह हारी थी। आज रात मैं बहुत खुश हूं, क्योंकि अब पीछे मुड़कर देखने पर मुझे सचमुच पता चलता है कि पिछले कुछ सालों में मैंने कितना सुधार किया है। युआन की अगली प्रतिद्वंदी इटली की सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी होंगी। सोमवार को ही, दुनिया की 91वें नंबर की खिलाड़ी मोयुका, जिन्होंने क्वालीफायर में फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा एला और चीन की वांग ज़ियू को हराया था।

**● आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड का ऐलान**

# अभिषेक शर्मा-कुलदीप यादव नामित हुए




**● जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट भी रेस में शामिल**

**दुबई, वार्ता।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने प्लेयर ऑफ द मंथ (सितम्बर) अवार्ड के लिए तीन दावेदारों के नाम की घोषणा कर दी है।

इसमें भारत से ओपनर अभिषेक शर्मा और स्पिनर कुलदीप यादव शामिल हैं। इनके अलावा जिम्बाब्वे के ओपनर ब्रायन बेनेट भी रेस में हैं। अभिषेक एशिया कप में टॉप बैटर रहे थे। वहीं, कुलदीप ने सबसे ज्यादा विकेट लिए थे। भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने सितम्बर में सबसे ज्यादा रन बनाए। एशिया कप में उन्होंने 7 टी-20 मैचों में कुल 314 रन बनाए। इसमें तीन अर्द्धशतक शामिल रहे। स्ट्राइक रेट भी 200 से ज्यादा का रहा। इस प्रदर्शन के दम पर भारत ने एशिया कप का खिताब जीता और अभिषेक को टूर्नामेंट का बेस्ट खिलाड़ी चुना गया। खास बात यह रही कि उन्होंने टी-20 इंटरनेशनल रैंकिंग में सबसे ज्यादा रेटिंग पाइंट्स हासिल किए। उनके अभी 926 पाइंट्स है। अभिषेक शर्मा ने एशिया कप में 314 रन बनाए। कुलद. ीप यादव ने 17 विकेट लिए एशिया कप में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले कुलदीप यादव भी प्लेयर ऑफ द मंथ के रेस में शामिल है। उन्होंने टूर्नामेंट में 17 विकेट हासिल किए। इकोनामी रेट 6.27 रही। टूर्नामेंट ले 2 मैचों में उन्होंने 4-4 विकेट भी लिए। कुलदीप यादव ने एशिया कप में सबसे ज्यादा विकेट लिए। ब्रायन के नाम 497 रन जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट पूरे सितम्बर में शानदार फार्म में रहे। टी-20 वर्ल्ड कप के अफ्रीकन क्वालिफायर में उन्होंने 9 मैचों में 55.22 की औसत और 165.66 के स्ट्राइक रेट से 497 रन बनाए। उन्होंने इस टूर्नामेंट के पहली 3 इनिंग में 72, 65 और 111 के स्कोर बनाए।

# मिताली राज और रवि कल्पना के नाम पर होंगे विजाग स्टेडियम के स्टैंड

**● यह सम्मान इस बात को दर्शाता है कि भारतीय महिला क्रिकेट को नई पहचान देने वाली इन अग्रदूतों के प्रति हमारी गहरी प्रतिबद्धता है**

**विशाखापट्टनम, वार्ता।** भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज और विकेटकीपर बल्लेबाज रवि कल्पना के नाम पर विशाखापट्टनम क्रिकेट स्टेडियम के स्टैंड रखे जाएंगे। 12 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला विश्व कप का भारत का मैच होने से पहले इस स्टैंड का उद्घाटन होगा।

अगस्त में ब्रेकिंग द बाउंड्रीज चैट के दौरान भारतीय ओपनर स्मृति मंधाना ने आंध्र प्रदेश के आईटी मिनिस्टर नारा लोकेश को सुझाव दिया था जिसके बाद यह निर्णय लिया गया। एसीए ने अपने बयान में कहा कि मिताली राज और रवि कल्पना को समर्पित एसीए का यह सम्मान इस बात को दर्शाता है कि भारतीय महिला क्रिकेट को नई पहचान देने वाली इन अग्रदूतों के प्रति हमारी गहरी प्रतिबद्धता है। उन्होंने आने वाली पीढ़ी को बड़े सपने देखने की प्रेरणा दी है। मंत्री लोकेश ने कहा कि स्मृति मंधाना का विचार जनता की व्यापक भावना को दर्शाता है। उस सुझाव को तुरंत अमल में लाना हमारे सामूहिक संकल्प को दिखाता है। लैंगिक समानता के प्रति और महिला क्रिकेट की अग्रदूतों को सम्मान देने के प्रति। मिताली महिला क्रिकेट की दिग्गज़ों में से एक है जिनके नाम महिला वनडे क्रिकेट में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज है। उन्होंने 232 वनडे मैचों में 50.68 की औसत के साथ 7805 रन बनाए हैं जिसमें 7 शतक शामिल रहे हैं। भारत के लिए खेले 89 टी-20 मैचो में उन्होंने 17 अर्द्धशतकों के साथ 2364 रन बनाए हैं।

# धोनी ने ड्रोन पायलट का प्रशिक्षण पूरा किया



**चेन्नई, वार्ता।** भारत के अग्रणी ड्रोन निर्माता, गरुड़ एयरोस्पेस ने घोषणा की है कि उसके ब्रांड एंबेसडर और निवेशक, महेंद्र सिंह धोनी ने चेन्नई स्थित कंपनी के डीजीसीए-अनुमोदित रिमोट पायलट ट्रेनिग ऑर्गनाइजेशन (आरपीटीओ) में अपना ड्रोन पायलट प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

यह उपलब्धि न केवल कंपनी के साथ धोनी के जुड़ाव को मजबूत करती है, बल्कि भारत के सबसे प्रसिद्ध खेल दिग्गजों में से एक के विमानन प्रौद्योगिकी के भविष्य में कदम रखने के एक महत्वपूर्ण क्षण को भी चिन्हित करती है। यह निवेश और ब्रांड एंबेसडरशिप से परे

**● यह निवेश और ब्रांड एबेसेडरशिप से परे गरुड़ एयरोस्पेश के साथ जुड़ाव को मजबूत करता है**

गरुड़ एयरोस्पेस के साथ उनके जुड़ाव को और मजबूत करता है। कठोर प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करने के बाद, धोनी अब ड्रोन उड़ाने के लिए प्रमाणित हो गए हैं, जो भारत की विकास गाथा को बदलने की उनकी क्षमता को उजागर करता है।

यह प्रशिक्षण प्रमाणित और सुरक्षित ड्रोन संचालन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें सैद्धांतिक ग्राउंड कक्षाओं के साथ-साथ सिमुलेटर और वास्तविक ड्रोन पर गहन व्यावहारिक उड़ान सत्र भी शामिल हैं। गरुड़ एयरोस्पेस अपने प्रशिक्षण केंद्रों के बढ़ते नेटवर्क और अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से स्थापित 300 से अधिक उत्कृष्टता केंद्रों के माध्यम से इस प्रयास में अग्रणी है। ये पहल यह सुनिश्चित करती हैं कि पायलट औपचारिक रूप से प्रमाणित हों, जिससे कंपनी की गुणवत्ता और विश्वसनीयता के प्रति प्रतिबद्धता और भी मजबूत होती है। धोनी की उपलब्धि के बारे में बात करते हुए, गरुड़ एयरोस्पेस के संस्थापक और सीईओ अग्निश्वर जयप्रकाश ने कहा कि हमारे ब्रांड एंबेसडर और निवेशक, एमएस धोनी का व्यक्तिगत रूप से प्रशिक्षण लेना और पायलट के रूप में प्रमाणित होना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने इसे बहुत जल्दी सीख लिया और सीखने पर बेहद ध्यान केंद्रित किया। ड्रोन उद्योग में क्रांति लाने के हमारे मिशन में उनका अटूट विश्वास पूरी टीम के लिए प्रोत्साहन का एक बड़ा ेत है। माही भाई एक प्रेरणा हैं, और उनका व्यावहारिक दृष्टिकोण उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है।

# भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से ड्रॉप हुए लाबुशेन रेनशॉ को मिला मौका

**मेलबर्न, वार्ता।** मार्नस लाबुशेन को भारत के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम से बाहर कर दिया गया है। उनकी जगह क्वींसलैंड के साथी खिलाड़ी मैट रेनशॉ को फॉर्मेट में डेब्यू करने का मौका मिल सकता है।

लाबुशेन का बाहर होना ज्यादा चौंकाने वाला नहीं है, क्योंकि उन्होंने अपनी पिछली 10 वनडे पारियों में केवल 47 रन का सर्वोच्च स्कोर बनाया है। अगर मैथ्यू शॉर्ट, जो इस टीम में शामिल हैं, दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले साइड स्ट्रेन के कारण बाहर नहीं होते तो शायद लाबुशेन तब भी नहीं खेलते। इस बार उनके बाहर होने का फायदा यह है कि वह शेफील्ड शील्ड में टेस्ट वापसी के लिए दबाव बना सकते हैं। उन्होंने सीजन की शुरुआत तस्मानिया के खिलाफ 160 रन की पारी से की है। रेनशॉ को यह मौका उनकी लिस्ट-ए क्रिकेट में शानदार फॉर्म की बदौलत मिला है जिसमें डार्विन में श्रीलंका ए के खिलाफ एक शतक भी शामिल है। रेड-बॉल क्रिकेट में वह इस समय ओपनिग कर रहे हैं और एशेज के लिए एक संभावित विकल्प भी हैं, लेकिन 50 ओवर फॉर्मेट में वह ज़्डादातर नंबर 3 या 4 पर खेलते रहे हैं। नवम्बर 2021 से अब तक उनका औसत 48-68 रहा है और सात करियर शतकों में से छह इसी दौरान आए हैं। वह ज्20 क्रिकेट में भी प्रभावशाली मिडल-ऑर्डर बल्लेबाज बन चुके हैं। वह पहले भी 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए चुने गए थे, लेकिन तब उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला था। मिचेल स्टार्क, जिन्होंने पिछले नवम्बर के बाद से कोई वनडे नहीं खेला है, भी टीम में लौट आए हैं। यह चयन उपलब्ध खिलाड़ियों में से एक पूर्ण शक्ति वाली टीम को दर्शाता है। एलेक्स केरी सीरीज के पहले मैच में नहीं खेलेंगे ताकि वह साउथ ऑस्ट्रेलिया के लिए शेफील्ड शील्ड का दूसरा राउंड खेल सकें।

# सभी प्रारूपों में मप्र की कप्तानी करेंगे रजत




**नई दिल्ली, वार्ता।** रजत पाटीदार को 2025-26 घरेलू सीजन की शुरुआत से पहले मध्य प्रदेश की सभी फॉर्मेट की कप्तानी सौंपी गई है, जो रणजी ट्रॉफी के साथ 15 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। पाटीदार ने शुभम शर्मा की जगह ली है और यह जिम्मेदारी उन्हें एमपी के क्रिकेट निदेशक चंद्रकांत पंडित से मिली है। समझा जा रहा है कि मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन पाटीदार की हालिया सफलताओं के बाद उनके लिए एक बड़ी भूमिका चाहता था। 32 वर्षीय पाटीदार को पिछले साल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान पहली बार कप्तान के रूप में आजमाया गया था जब उन्होंने पंडित से आईपीएल में रॉयल

**● पाटीदार ने शुभम की जगह ली है और यह जिम्मेदारी उन्हें एमपी के क्रिकेट निदेशक से मिली**

चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ इसी तरह की संभावना पर बात की थी। उन्हें कप्तानी दी गई और उन्होंने एमपी को फाइनल तक पहुंचाया, जहां टीम मुंबई से हार गई थी। पाटीदार ने इसके बाद आरसीबी को उनका पहला आईपीएल खतिाब दिलाया और हाल ही में उन्होंने सेंट्रल ज़ोन की कप्तानी करते हुए दलीप ट्रॉफी में 2014-15 के बाद पहली बार टीम को चैंपियन बनाया। पिछले हफ्ते पाटीदार ने ईरानी कप में एक मजबूत रेस्ट ऑफ इंडिया टीम की कप्तानी की जिसमें ईशान किशन, रुतुराज गायकवाड़ और अभिमन्यु ईश्वरन जैसे खिलाड़ी थे जो अपने राज्यों की कप्तानी करते हैं। हालांकि, टीम को विदर्भ के हाथों 93 रनों से हार झेलनी पड़ी। पाटीदार ने 2024-25 रणजी सीजन में 11 पारियों में 48-09 की औसत से 529 रन बनाए, जिसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल थे। यह उस सीजन में एमपी के लिए शुभम शर्मा के 943 रनों (औसत 104-77) के बाद दूसरे सबसे ज़्डादा रन थे। इस सीजन में भी पाटीदार शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने सात पारियों में दो शतक और तीन अर्द्धशतक लगाए हैं। उनका एक शतक दलीप ट्रॉफी के फाइनल में आया जिसने सेंट्रल ज़ोन को पहली पारी में बढ़त दिलाई और अंततः साउथ ज़ोन पर छह विकेट से जीत दर्ज करने में मदद की। एमपी अपनी रणजी ट्रॉफी मुहिम की शुरुआत पंजाब के खिलाफ इंदौर में घरेलू मैच से करेगी। रणजी सीजन दो चरणों में खेला जाएगा। पहला चरण 15 अक्टूबर से 19 नवम्बर तक होगी

### महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में ब्रिट्स करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर

**दुबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज तेजमिन ब्रिट्स इस सप्ताह जारी आईसीसी महिला वनडे खिलाड़ी रैंकिग में दो स्थान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। सोमवार को आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में न्यूजीलैंड पर दक्षिण अफ्रीका की छह विकेट की जीत में ब्रिट्स 101 रन बनाकर बल्लेबाजों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गईं। ब्रिट्स का यह शतक इस साल उनका पांचवां शतक है, जिससे यह किसी महिला क्रिकेटर द्वारा एक कैलेंडर वर्ष में बनाये गए अब तक के सबसे ज़्डादा शतक हैं। दक्षिण अफ्रीका ने टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में इंग्लैंड से मिली हार के बाद शानदार वापसी की है। ऑस्ट्रेलिया की ऐश गार्डनर सात स्थान की छलांग लगाकर बल्लेबाजों में 697 रेटिग अंकों के साथ 5वें स्थान पर पहुंच गई।

# रणजी ट्रॉफी के दूसरे राउंड में हो सकती है पंत की वापसी



**नई दिल्ली, वार्ता।** 25 अक्टूबर से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी 2025-26 के दूसरे राउंड में ऋषभ पंत एक्शन में वापसी कर सकते हैं।

इसके साथ ही वह 14 नवम्बर से शुरू होने वाली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के जरिए टेस्ट क्रिकेट में वापसी की प्रक्रिया भी शुरू कर सकते हैं। यह उसी लाइन में है जैसा कि मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने पिछले महीने दुबई में वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज के लिए टीम घोषित करते समय संकेत दिया था। जुलाई के अंत में ओल्ड ट्रैफर्ड टेस्ट दाहिने पैर में फ्रैक्चर होने के बाद पंत अब अपने रिहैब के अंतिम चरण में हैं और इस हफ्ते के अंत में बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में फटिनेस टेस्ट से गुजरने वाले हैं। उनके पैर से तीन सप्ताह पहले प्लास्टर हट गया था और अब वह बिना किसी तकलीफ के चल-फिर रहे हैं।

पंत ने अपने पैर की मजबूती के लिए मोबिलिटी एक्सरसाइज और वेट ट्रेनिग ड्रिल्स शुरू कर दी हैं और नेट्स में बल्लेबाज़ी भी दोबारा शुरू कर दी है। यदि फिटनेस टेस्ट में उन्हें क्लियरेंस मिल जाती है, तो पंत के दिल्ली टीम से जुड़ने की उम्मीद है, जो रणजी ट्रॉफी के पहले राउंड में 15 अक्टूबर से हैदराबाद के खिलाफ खेलेगी। हालांकि, दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) के अनुसार, इस मैच के लिए पंत की उपलब्धता थोड़ी संदिग्ध है। पंत पिछले जुलाई से मैदान से बाहर हैं, जब उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में क्रिस वोक्स की गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलते हुए अपने ही पैर पर गेंद मार ली थी। उन्हें रिटायर हर्ट होना पड़ा और स्कैन में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई।

हालांकि वह अगले दिन दोबारा बल्लेबाज़ी करने लौटे, लेकिन विकेटकीपिग नहीं कर पाए। पंत ने उस सीरीज में चार टेस्ट में 479 रन बनाए थे, जिनमें दो शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल थे। पंत की अनुपस्थिति में भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज़ के लिए ध्रुव जुरेल और एन जगदीशन को विकेटकीपर के रूप में चुना है। पंत ऑस्ट्रेलिया के 19 अक्टूबर से शुरू होने वाले सीमित ओवरों के दौरे से भी बाहर रहेंगे क्योंकि उन्हें अभी तक सीओई से षरिटर्न टू प्लेष सर्टिफकिट नहीं मिला है।

### हेनिल व खिलन पटेल ने 3-3 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 को 135 पर समेटा

**मैकाय, वार्ता।** हेनिल पटेल और खिलन पटेल ने तीन-तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 को दूसरे युवा टेस्ट के पहले दिन मंगलवार को पहली पारी में 135 रन पर समेट दिया। भारत अंडर 19 ने इसके जवाब में स्टंप्स तक सात विकेट पर 144 रन बनाकर नौ रन की बढ़त हासिल कर ली है। ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 की तरफ से एलेक्स ली यंग ने सर्वाधिक 66 रन बनाये। यश देशमुख ने 22 रन का योगदान दिया। हेनिल ने 21 रन पर तीन विकेट, खिलन ने 23 रन पर तीन विकेट और उद्धव मोहन ने 23 रन पर दो विकेट लिए। जवाब में भारत अंडर 19 ने स्टंप्स तक सात विकेट पर 144 रन बना लिए। भारतीय टीम ने 82 रन पर अपने छह विकेट गंवा दिए थे लेकिन खिलन ने 26 और हेलिन ने नाबाद 22 रन बनाकर टीम को संभाला और बघ्त दिलाई। वेदांत त्रिवेदी ने 25 और वैभव सूर्यवंशी ने 20 रन का योगदान दिया। स्टंप्स के समय हेनिल के साथ दीपेश देवेन्द्रन छह रन बनाकर क्रीज पर थे। ऑस्ट्रेलियाई टीम की तरफ से कैसी बार्टन ने तीन और विल बायरोम ने दो विकेट लिए।

# हटाए गए नामों का स्पष्टीकरण

मंगलवार को बिहार में विशेष गहन परीक्षण के बाद तैयार की गई मतदाता सूची से हटाए गए 3.66 लाख मतदाताओं का ब्यौरा सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगा है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची की पीठ ने चुनाव आयोग को गुरुवार तक उपलब्ध जानकारी कोर्ट को देने को कहा। उसी दिन इस मामले में अगली सुनवाई भी होगी। इस पर चुनाव आयोग ने कोर्ट को बताया कि अधिकतर नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं और जिनके नाम हटाए गए हैं, उनमें किसी ने अब तक शिकायत दर्ज नहीं कराई, लेकिन इस तर्क से अदालत संतुष्ट होती दिखाई नहीं दी। पीठ का कहना था कि 30 सितम्बर को प्रकाशित की गई अंतिम सूची सबके पास है, इसलिए दोनों की तुलना करके जरूरी जानकारी दी जा सकती है। कोर्ट का यह भी कहना था कि उसके आदेशों से चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जनसामान्य की पहुंच बढ़ी है। कोर्ट का यह कहना भी बहुत कुछ कह जाता है कि अंतिम सूची में मतदाताओं में वृद्धि देखने को मिल रही है, इसलिए किसके नाम जोड़े गए हैं यह स्पष्ट किया जाना चाहिए ताकि भ्रम न हो। कोर्ट ने चुनाव आयोग को यह कहकर याद दिलाया कि ऐसा लग रहा है कि आपने मसौदा सूची में 65 नाम हटाए। जबकि यह अदालत पहले ही कह चुकी है कि मृतक हैं या कहीं ओर चले गए हैं, उन्हें हटाना ठीक है, लेकिन यदि किसी का नाम हटा रहे हैं तो नियम 21 या एसओपी का पालन करें और हटाए गए नामों की जानकारी अपने दफ्तरों में लगाएं। अदालत ने यह भी कहा कि अब अंतिम सूची में मतदाताओं की संख्या बढ़ गई है, जिससे भ्रम की स्थिति बनी है कि जोड़े गए नाम पुराने हटाए गए लोगों के हैं या नए मतदाताओं के। इस पर चुनाव आयोग के वकील राकेश द्विवेदी ने जवाब दिया कि अधिकतर जोड़ गए नाम नए मतदाताओं के हैं, हालांकि कुछ पुराने भी हैं। आयोग ने अदालत को यह भी बताया कि कुल मतदाताओं की संख्या लगभग 37 लाख घटकर 7.42 करोड़ रह गई। जो पहले 7.89 करोड़ थी और यह विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद हुआ। हालांकि मसौदा सूची की तुलना में अंतिम आंकड़ा 17.87 लाख बढ़ा है। इस पूरी कवायद से साफ है कि कभी एसआईआर का मामला उतनी पारदर्शिता के साथ सामने नहीं आ रहा है, जैसीकि अपेक्षा चुनाव आयोग ने की थी। मसौदा सूची में 65 लाख मतदाताओं को हटाया गया था जिनमें वे लोग शामिल थे, जो मर चुके थे या दूसरी जगह पर चले गए थे या जिनके नाम दो बार दर्ज थे। 9 तारीख को अदालत की सुनवाई में क्या तस्वीर सामने आती है यह तो तब ही पता चलेगा, लेकिन एक बात साफ है कि जिस तरह का तर्क-वितर्क एसआईआर को लेकर अदालत में व अदालत से बाहर चल रहा है, वह हमारे लोकतंत्र के लिए कोई अच्छी स्थिति नहीं है। विपक्षी दल पहले ही बिहार में एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग को घेरते रहे हैं और यह क्रम अभी भी जारी है। चुनाव आयोग को समझना होगा कि भले ही उसके पास कितने ही विशेषाधिकार हों, वह जनता के बीच जवाबदेही से नहीं बच सकता और यह विशेषाधिकार भी उसके पास इसलिए हैं, क्योंकि उससे अपेक्षा की जाती है कि निष्पक्ष काम करेगा।

## इंसानियत, संविधान और न्याय की हत्या



उप्र के रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम हत्या सिर्फ एक इंसान की नहीं, इंसानियत, संविधान और न्याय की हत्या है। आज भारत में दलित, आदिवासी, मुसलमान, पिछड़े और गरीब-हर उस व्यक्ति को निशाना बनाया जा रहा है, जिसकी आवाज कमजोर है, जिसकी हिस्सेदारी छीनी जा रही है और जिसकी जिंदगी सस्ती समझी जाती है, देश में नफरत, हिंसा और भीड़तंत्र को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है, जहां संविधान की जगह बुलडोजर ने ले ली है और इंसाफ की जगह डर ने, मैं हरिओम के परिवार के साथ खड़ा हूं, उन्हें न्याय जरूर मिलेगा, भारत का भविष्य समानता और मानवता पर टिका है और यह देश चलेगा संविधान से, भीड़ की सनक से नहीं।

**-राहुल गांधी, विपक्ष नेता, लोकसभा**

# समय आ गया है जब साम्राज्य अपने साए से ही डरने लगे



वाहिद नसीम

दुनिया की सरहदें कभी जमीन पर नहीं बनतीं वे विचारों के बीच बनती हैं और जब विचार बदलते हैं, तो साम्राज्य ढहते हैं। आज वही दृश्य फिर से इतिहास के कैनवास पर उभर रहा है। गजा और इसराइल के बीच की जंग अब किसी धार्मिक संघर्ष से आगे निकलकर भू-राजनीतिक पुनर्जन्म का संकेत बन गई है। कई लोग इस युद्ध को तबाही की निशानी मान रहे हैं, लेकिन शायद यह आने वाले दो-राष्ट्र समाधान की भूमिका है। ट्रंप, जो एक व्यापारी के रूप में राजनीति में उतरे, अब शतरंज के ऐसे मोहरे चल रहे हैं जिससे इसराइली लॉबी और वैश्विक बैंकिंग सिंडिकेट की नींद उड़ गई है। वो लॉबी जिसने डॉलर को ईश्वर और वॉल स्ट्रीट को उसका मंदिर बना दिया था कृ अब अपनी ही छाया से डरने लगी है। उधर ब्लादिमीर पुतिन, जो दशकों से भू-राजनीति के शतरंज पर चुपचाप चल रहे थे, शायद अब नेतन्याहू को यह भरोसा दे चुके हैं कि इरान इजराइल के लिए खतरा नहीं, बल्कि नई स्थिरता का आधार बन सकता है। अगर यह समीकरण सच है, तो मध्य-पूर्व में अस्थाई शांति का वह क्षण आ चुका है जिसे कई पीढ़ियों ने सिर्फ किताबों में देखा था। इजराइल को अब अरब देशों से पूर्ण मान्यता मिलना कोई चमत्कार नहीं, बल्कि एक सुविचारित ऐतिहासिक आवश्यकता लगती है।

**चीन और अमेरिका**- दूसरी तरफ, चीन ने अमेरिका में एक ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा के निवेश का प्रस्ताव दिया है। जबकि सऊदी अरब और कतर पहले ही लगभग 4 ट्रिलियन डॉलर के वादे कर चुके हैं। यह वही क्षण है, जब ट्रंप का नारा Make America Great Again अब किसी रैली का नारा नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था की धड़कन बन गया है। इतना बड़ा पूंजी निवेश न केवल करोड़ों अमेरिकी नौकरियों को जन्म देगा, बल्कि पश्चिमी आर्थिक ढांचे को नया जीवन भी देगा। अब बात करते हैं यूक्रेन की इतनी शांति और आर्थिक पुनर्निर्माण की पृष्ठभूमि में, ट्रंप का NATO से बाहर निकलने का बयान सिर्फ धमकी नहीं एक संकेत है। संकेत इस बात का कि अमेरिका अब यूरोप की रूस-विरोधी महत्वाकांक्षाओं में दिलचस्पी नहीं रखेगा। यही कारण है कि यूक्रेन युद्ध के अंत की फुसफुसाहट अब राजनयिक गलियारों में सुनाई देने लगी है।

**ताइवान व चीन-बिना लड़े जीती हुई जंग**

ट्रंप के झुकाव और यूरोप की थकान के बीच, चीन की छठी पीढ़ी की रक्षा प्रणाली ने शायद बिना एक भी गोली चलाए जंग जीत ली है। ताइवान अब अमेरिका की प्राथमिकता नहीं रहेगा और यह बीजिंग की सबसे बड़ी रणनीतिक जीत संभव हो चुकी है। अब आते हैं गोल्ड यानी सोने पुनर्जन्म पर, जब साम्राज्य थकने लगते हैं, तो धरती फिर से सोने की ओर लौटती है। आज दुनिया के सेंट्रल बैंक और अरबपति तेजी से सोना खरीद रहे हैं क्योंकि उन्हें पता है कि आने वाला समय पेपर करेंसी का नहीं, गोल्ड-बैक्ड करेंसी का होगा। सोने की कीमतों का असामान्य उछाल सिर्फ बाजार की प्रतिक्रिया नहीं यह विश्व मुद्रा प्रणाली के पुनर्लेखन की शुरुआत है।

**डॉलर साम्राज्य का डूबता सूरज**-इजराइली लॉबी, बैंकिंग सिंडिकेट और डॉलर के अदृश्य मालिक अब इतिहास के आखिरी अध्याय में पहुंच चुके हैं। उनकी पकड़ ढीली हो रही है और दुनिया नई करेंसी व्यवस्था स्वर्ण आधारित संतुलन की ओर बढ़ रही है। हर देश चाहता है कि उसके नागरिक आने वाले आर्थिक झटकों से सुरक्षित रहें और यही कारण है कि गोल्ड अब फिर से गॉड बनने जा रहा है।

**खेल अभी बाकी है**-इतिहास की घड़ी फिर से टिक-टिक कर रही है। पुराने साम्राज्य ढह रहे हैं, नई सभ्यताएं जन्म ले रही हैं और शायद, बहुत जल्द हम देखेंगे कि युद्धों से नहीं, बुद्धि और अर्थव्यवस्था की शांति से नया विश्व बनने की संभवन स्पष्ट होने लगी है।

## डिजिटल गोल्ड और नई मुद्रा: नियमों की सुबह होने को है



जब इतिहास थक जाता है, तो भविष्य उसकी जगह ले लेता है। आज वही क्षण है जब डॉलर का युग अपने अंत की आहट सुन रहा है और गोल्ड-बेस्ड डिजिटल करेंसी का नया अध्याय खुलने जा रहा है। दुनिया एक बार फिर उस दिशा में लौट रही है जहां धन का मूल्य कागज नहीं, धातु तय करती थी।

**डिजिटल गोल्ड नई सभ्यता का विश्वास कोड**

डिजिटल गोल्ड को समझना आसान नहीं, क्योंकि यह सिर्फ अर्थव्यवस्था नहीं विश्वास का पुनर्निर्माण होगा। केंद्रीय बैंक अब धीरे-धीरे अपने भंडार में भौतिक सोने को जोड़ रहे हैं, लेकिन अगला कदम उससे भी बड़ा होगाी

**सोने को ब्लॉकचेन पर टोकनाइज करना**

इसका अर्थ यह है कि हर ग्राम सोना अब डिजिटल रूप में, एक सुरक्षित कोड के रूप में, वैश्विक लेन-देन का आधार बनेगा और यही वह बिंदु है जहां केंद्रीय बैंक डिजिटल करेंसी (CBDC) और गोल्ड-बैक्ड टोकन मिलकर एक नई आर्थिक सभ्यता रचने की ओर बढ़ चले हैं।

**रूस, चीन और अरब ब्लॉक नई मुद्रा की धुरी होंगे**

रूस ने पहले ही घोषणा कर दी है कि वह BRICS बैंकिंग नेटवर्क को सोने आधारित ट्रेडिंग सिस्टम से जोड़ना चाहता है। चीन ने युआन को गोल्ड-बैक्ड क्लियरिंग करेंसी में बदलने की योजना शुरू कर दी है और सऊदी अरब तेल सौदों में अब डॉलर के बजाय युआन और स्वर्ण दोनों को स्वीकार कर रहा है। इसका अर्थ यह है कि पेट्रोडॉलर पेट्रोगोल्ड में बदल रहा है। मध्य पूर्व, जिसे कभी अमेरिका ने सिर्फ तेल का कुआं समझा था, अब विश्व आर्थिक पुनर्संतुलन का केंद्र बन चुका है। रियाद, दोहा, अबू धाबी और तेहरान ये चारों शहर मिलकर वो नींव डाल रहे हैं जिस पर नई करेंसी व्यवस्था खड़ी होगी।

**अमेरिका और यूरोप**- ट्रंप भले ही निवेश और नौकरियों की भाषा बोल रहे हों, लेकिन वॉल स्ट्रीट के गलियारों में डर है, क्योंकि गोल्ड-बेस्ड सिस्टम का अर्थ है कि बैंकिंग का अदृश्य नियंत्रण खत्म। क्योंकि अब मुद्रा का मूल्य किसी फेडरल रिजर्व की इच्छा पर नहीं, बल्कि सोने के वास्तविक भंडार पर निर्भर करेगा। यही कारण है कि डॉलर की अदृश्य सत्ता जो दशकों तक दुनिया की सांसों को नियंत्रित करती रही अब ढलते सूरज की तरह लाल पड़ने लगी है।

**भारत-चौराहे पर खड़ा है**- भारत, जो कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था, यह अलग बात है कि सोना मसाले निर्यात से प्राप्त होता था। अब इस नए समीकरण का स्वाभाविक हिस्सा बन सकता है। अपितु भारत को निर्यात के लिए नए उत्पाद की खोज करनी होगी। भारत के पास दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा गोल्ड रिजर्व तो है, मगर यहां अधिकतर गोल्ड जनता के पास है, यहां की सभ्यता में सोना एक अति आवश्यक पात्र बना हुआ है जो हर रीति रिवाज त्योहार धर्म अधर्म सब के बीच अपना विशेष स्थान बनाए हुए है। रिजर्व बैंक ने गोल्ड-बैक्ड डिजिटल रूपांतरण की दिशा में कोई कदम उठाएगा तो भारतीय सभ्यता छुपाने का चलन बहुत सी कठिनाइयां उत्पन्न करेगा। अभी भी अगर अपनी नई दासवाद की नीति को समाज वाद से जोड़ ले तो रुपया BRICS ब्लॉक की स्थिर मुद्रा बन सकता है। भारत का पारंपरिक स्वर्ण-प्रेम अब आर्थिक शक्ति में बदलने का समय आ चुका है। सिर्फ नीतियों में जागृति की जरूरत होगी है। कुछ अर्थ दार्शनिक तलाशने होंगे।

**डिजिटल गोल्ड बनाम क्रिप्टो एक बड़ा भ्रम**

कुछ लोग डिजिटल गोल्ड को क्रिप्टोकरेंसी समझने की भूल कर रहे हैं, लेकिन दोनों में फर्क वही है जो मूल्य और कल्पना में होता है। क्रिप्टो एक अदृश्य मूल्य की कल्पना है, जबकि डिजिटल गोल्ड वास्तविक संपत्ति का डिजिटलीकरण है। एक हवा पर चलता है, दूसरा जमीन पर खड़ा है। यह बदलाव सिर्फ अर्थशास्त्र नहीं, सभ्यता का पुनर्लेखन है, क्योंकि जब मुद्रा बदलती है, तो समाज का चरित्र बदलता है। विश्वास अब नोट पर नहीं लिखा जाएगा वह कोड में एन्क्रिप्ट होगा। सवाल यह नहीं कि कौन-सी करेंसी चलेगी, सवाल यह है कौन इसे नियंत्रित करेगा। अगर यह नियंत्रण फिर से कुछ चुनिंदा देशों या टेक-कार्टेल्स के हाथ में चला गया, तो डिजिटल गोल्ड भी एक नया साम्राज्य बन जाएगा, लेकिन अगर इसका नियंत्रण पारदर्शी और बहु-राष्ट्रीय ढांचे में हुआ तो दुनिया पहली बार न्यायपूर्ण मुद्रा प्रणाली का स्वाद चखेगी। सोना सिर्फ धातु नहीं, यह सभ्यताओं की याददाश्त है। यह हमें याद दिलाता है कि धन तभी स्थाई है, जब वह धरती से जुड़ा हो। शायद आने वाले वर्षों में जब डॉलर की जगह गोल्ड टोकन या BRICS Coin लेगा, तो इतिहास फिर से वह कहेगा सभ्यताएं लौट आती हैं, बस उनका स्वरूप बदल जाता है। खेल अभी बाकी है पश्चिम का Debt Empire अब अपने ही बोझ से गिरने लगा है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्व की आर्थिक स्थिति में हो रही उथल-पुथल को पूरी तरह से रेखांकित करने के साथ भविष्य भी समझा रहे हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# प्लानिंग: किसकी शह पर यह कांड कराया गया



पुष्प रंजन

बार से सस्पेंडेड वकील राकेश किशोर ने कहा मैंने परमात्मा के आदेश का पालन किया। CJI को जूते मारने का कोई पछतावा नहीं। परमात्मा मुझसे यही कराना चाहता था। इसके लिए कोर्ट या बार से माफी नहीं मांगेंगे। अब आप पता करते रहिए, यह परमात्मा रायसीना हिल के किसी आलीशान-अभेद कार्यालय में विराजमान है या लोक कल्याण मार्ग की किसी कोठी में? परमात्मा है, तभी इस भटकती आत्मा में हिम्मत आई और इतना बड़ा काण्ड कर बैठा। परमात्मा जी मिलें कभी, तो मैं भी पूछूं कि क्या आप इससे भी नीचे गिर सकते हैं? 71 साल का वकील राकेश किशोर, 2009 में दिल्ली बार काउंसिल (बीसीडी) में प्रैक्टिस के लिए रजिस्टर्ड हुए थे। मान्यवर, मयूर विहार फेज 1 में रहते हैं। राकेश किशोर ने यदि भूल से भी परमात्मा के बारे में मुंह खोला, उनके प्राण पखेरू मुक्त कर दिए जाएंगे।

**जूता फेंकने की वजह**-यह घटना मध्य प्रदेश के खजुराहो परिसर में क्षतिग्रस्त विष्णु प्रतिमा की पुन:स्थापना से जुड़ी याचिका के सिलसिले में हुई थी। 16 सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट ने खजुराहो के जवारी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फुट ऊंची मूर्ति के पुनर्निर्माण और पुन: स्थापना के लिए याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने इसे प्रचार हित याचिका करार दिया।

**चीफ जस्टिस गवई ने क्या कहा था?**

चीफ जस्टिस गवई ने कहा था, यह पूरी तरह से प्रचार हित याचिका है। जाइए और स्वयं भगवान से कुछ करने के लिए कहिए। यदि आप भगवान विष्णु के प्रबल भक्त हैं तो प्रार्थना कीजिए और थोड़ा ध्यान भी कीजिए। इस टिप्पणी पर हिंदूवादी संगठनों ने नाराजगी जाहिर की थी और सोशल मीडिया पर भी इस पर व्यापक बहस हुई।

क्या जस्टिस गवई की छवि एंटी हिन्दू बनाई जा रही है? पिछले हफ्ते ही भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की मां कमलताई गवई ने महाराष्ट्र के अमरावती में होने वाले संघ के शताब्दी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल नहीं होने का फैसला किया। उन्होंने आरोपों और बदनामी के कारण कार्यक्रम में शामिल न होने का फैसला किया। कमलताई गवई ने यह बात एक खुले पत्र में बताई। 5 अक्टूबर के कार्यक्रम के लिए उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दीं और कहा कि वह आरएसएस के शताब्दी कार्यक्रम में चीफ गेस्ट नहीं बनेंगी। कमलताई गवई ने पत्र में आगे लिखा कि जैसे ही कार्यक्रम की खबर प्रकाशित हुई, कई लोगों ने न केवल मेरी बल्कि स्वर्गीय दादासाहेब गवई उनके पति, बिहार के पूर्व राज्यपाल आरएस गवई की भी आलोचना और आरोप लगाना शुरू कर दिया। हमने डॉ. बीआर आंबेडकर की विचारधारा के अनुसार अपना जीवन जिया है, जबकि दादासाहेब गवई ने अपना जीवन आंबेडकरवादी आंदोलन को समर्पित कर दिया था। अलग विचारधारा के मंच पर अपनी विचारधारा साझा करना भी जरूरी है, जिसके लिए साहस की जरूरत होती है।

**दलित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की चुप्पी**

अगले महीने 23 नवंबर 2025 को मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई अवकाश ग्रहण करेंगे। इतना वक्त इज्जत-प्रतिष्ठा से काटना मुश्किल हो रहा है। सबसे दुखद है, इस पूरे प्रकरण पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का चुप रहना। अफसोस के एक शब्द नहीं और जिस रंग-बिल्ला की शह पर इस तरह की गुंडई हो रही है, वो क्यों भला कुछ बोले?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# त्योहारों के मौसम में रखें सेहत का खास ख्याल



शहनाज हुसैन

त्योहारों का सीजन शुरू हो चुका है त्योहारों का मौसम जश्न मनाने और दावतों का समय होता है इन दिनों में जायके के शौकीन लोग कई तरह के लजीज पकवान और मिठाईयां जमकर खाते हैं, जिसका असर सीधा सेहत पर पड़ता है। फेस्टिव सीजन आते ही हर घर में मिठाइयों, तले-भुने पकवानों और भारी भोजन का सिलसिला शुरू हो जाता है। इस फेस्टिव ट्रीट में जिन मिठाईयों और खाने के आइटम्स परोसे जाते हैं उनमें चीनी और फैट अधिक मात्रा में होती है। जिससे हमें भूख अधिक लगती है और अधिक खाने से पाचन तन्त्र गड़बड़ा जाता है जिसके सीधा असर हमारी सेहत पर पड़ता है।

त्योहारों के दौरान घर की साफ सफाई, मेहमानों की आवभगत की तैयारियों और भाग दौड़ की बजह से अक्सर हम समय पर भोजन नहीं ले पाते हैं। इसके अलावा अधिक तेल। मसाले वाला भोजन और मिठाइयों का ज्यादा सेवन गैस, एसिडिटी, अपच और कब्ज जैसी परेशानियों का कारण बनता है। मेरा मानना है कि त्योहारों में जमकर खाने का लुफ्त उठाने के साथ साथ ही पेट और सेहत का ध्यान रखने के लिए थोड़ी सावधानी और समझदारी बेहद जरूरी है त्योहारों में स्वाद और खुशियों के साथ-साथ सेहत को भी प्राथमिकता देना जरूरी है।

**खानपान**

त्योहारों के दिनों में लोगों को सेहत का सन्तुलन बनाए रखने के लिए माइंडफुल ईटिंग पर ध्यान देना चाहिए। बीमारियों को दूर करने के लिए खानपान और आदतों में बदलाव करना जरूरी है।



त्योहारों में तरह-तरह के व्यंजन और मिठाइयां देखकर अक्सर हम जरूरत से ज्यादा खा लेते हैं, जिससे गैस, एसिडिटी और अपच जैसी समस्याएं हो जाती हैं। त्योहारों में नमकीन, बिस्किट, समोसे कचौड़ी जैसे व्यंजनों को बनाने के लिए सबसे ज्यादा मैदे का उपयोग किया जाता है। जिसमें ट्रांस फैट अत्यधिक होता है, जिसकी वजह से कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाता है। लड्डू, गुलाब जामुन, गुजिया और नमकीन पकोड़े जैसे स्वादिष्ट पकवानों में चीनी, तेल और कैलोरी की मात्रा अधिक होती रोजाना ज्यादा मीठा या तली-भुनी चीजें खाने से वजन बढ़ने के साथ-साथ ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल लेवल भी प्रभावित हो सकता है। मिठाइयों में उपयोग किया जाने वाले तेल और मावे की बजह से हेल्थ पर बुरा प्रभाव पड़ता है। ज्यादा शुगर खाने से धामनिया संकुचित होने लगती हैं और हार्ट अटैक का जोखिम बढ़ता है। इसलिए फेस्टिव सीजन में सीमित मात्रा में ही मिठाइयों का सेवन करें। मेरा सुझाव है की आप मिठाइयों की जगह ड्राई फ्रूट्स, खजूर या गुड़ से बनी चीजों को प्राथमिकता दें। खास तौर पर बाजार में तैयार खाद्य पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए। बाजार से मिठाई खरीदने की जगह नारियल की बर्फी आदि मिठाइयों को आप आसानी से घर पर ही बना सकते हैं। अपनी डाइट में फाइबर से भरपूर चीजों को शामिल करें। फल, सलाद और साबुत अनाज जैसे विकल्प पाचन तंत्र को सही रखने में मदद करते हैं। फाइबर युक्त भोजन आपके पाचन तंत्र में पानी को बनाए रखता है जिससे भोजन को आसानी से पचाने में मदद मिलती है। मेरी सलाह है कि प्लेट में उतना ही लें जितना भूख हो, और छोटे-छोटे हिस्सों में बार-बार खाएं। त्योहारों में खाने की विविधता भले ही आकर्षक हो लेकिन ओवरईटिंग से बचना सबसे जरूरी।

**मिठाइयों को सीमित मात्रा में लें**

त्योहारों में मिठाइयों का सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए क्योंकि उनमें चीनी, कैलोरी और फैट अधिक होता है, जिससे वजन बढ़ना, डायबिटीज, और हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा होता है। मिठाई, नमकीन, मसालेदार और तले हुए खाद्य पदार्थों से पूरी तरह परहेज करना तो मुश्किल है, लेकिन इनकी मात्रा को सीमित करने से डाइट को मैनेज करने में मदद मिलती हे। ध्यान रखें कि आप कितना खा रहे हैं।

**गुड़, शहद या फलों का प्राकृतिक मीठापन चुनें**

त्योहारों में मिठाइयों के साथ-साथ कई नमकीन पकवान भी बनाए जाते हैं, जिसको देखकर हम अपने मन पर नियंत्रण नहीं कर पाते और काफी मात्रा में इसका सेवन कर लेते हैं जिससे हाई ब्लड प्रेशर की समस्याए, हार्ट अटैक, स्ट्रोक और दिल से जुड़े कई बीमारियों के होने का जोखिम रहता है।

**व्यायाम**

त्योहारों में नियमित रूप से व्यायाम करें, नियमित रूप से व्यायाम करने से वजन नियंत्रण में रहता है, मूड बेहतर होता है मानसिक तनाव कम होता है। आप रोजाना कुछ मिनट टहलकरए घर पर हल्की-फुल्की स्ट्रेचिंग करके या सामुदायिक गतिविधियों में भाग लेकर सक्रिय रह सकते हैं। इस तरह आप त्योहारी मौसम के दौरान भी स्वस्थ और ऊर्जावान महसूस करें। व्यायाम हमारे शरीर और मन को प्रकृति की बदलती लय के अनुकूल बनाने में मदद करता है। यदि आप दशहरा और दिवाली के त्योहारों के दौरान योग का अभ्यास जारी रखते हैं, तो आपको अधिक आत्मविश्वास और शालीनता से घूमने।फिरने के लिए ऊर्जा में वृद्धि महसूस होगी। अपनी दिनचर्या में नियमित वृक्षासन, ताड़ासन और भुजंगासन को शामिल करें। यह योग वजन कंट्रोल करने में मदद करेंगे।

**हाइड्रेटेड रहें**-दिन की शुरुआत पानी से करें त्योहारों के सीजन में लोगों की दौड़-धूप बहुत ज्यादा हो जाती है। ऐसे में शरीर को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी है। अपने दिन की शुरुआत एक बड़े गिलास निम्बू पानी से करें। इससे मेटाबॉलिज्म तेज होगा, कोशिकाएं हाइड्रेट होंगी और विषाक्त पदार्थ बाहर निकलेंगे जिससे शरीर को ऊर्जा मिलेगी। पानी पाचन तंत्र को साफ रखता है और एसिडिटी व कब्ज जैसी समस्याओं से बचाता है। पानी की कमी से आप दिन भर की भाग दौड़ नहीं कर सकेंगे क्योंकि इससे रक्त चाप बढ़ सकता है और आपका शरीर थका-थका महसूस करेगा। अपने आहार में तरबूज, खीरा, संतरा और स्ट्रॉबेरी जैसे खाद्य पदार्थ शामिल करें। ये खाद्य पदार्थ न सिर्फ हाइड्रेटेड रखते हैं बल्कि जरूरी विटामिन और खनिज भी प्रदान करते हैं। फल और सब्जियां आपको कम कैलोरी देती हैं इन्हें स्नैक्स में शामिल कर आप कम वसा का सेवन करने में सफल हो सकते हैं। दावतों के दौरान भारी और तैलीय व्यंजनों के साथ सलाद या फलों की थाली का संतुलन बनाएं। ये खाद्य पदार्थ न केवल हाइड्रेट करते हैं, बल्कि आवश्यक विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट भी प्रदान करते हैं। अपने साथ पानी की 1 बोतल रखें और हर आधे घंटे में पानी पीते रहें।

(लेखिका अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौन्दर्य विशेषज्ञ हैं और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पाक अपने लोगों पर बम गिराता है: भारत

**वाशिंगटन।** भारत ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में कश्मीर को लेकर झूठे प्रचार करने पर पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की। ओपन डिबेट के दौरान संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में भारत के राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि पाकिस्तान एक ऐसा देश है, जो अपने ही लोगों पर बम गिराता है और नरसंहार करता है।



हरीश ने कहा कि जो अपने लोगों पर बम गिराए और 4 लाख महिलाओं के साथ रेप जैसा अमानवीय अपराध करे, उसे दूसरों को सिखाने का कोई अधिकार नहीं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान दुनिया का ध्यान भटकाने और गुमराह करने के लिए झूठ और बढ़ा-चढ़ाकर बातें करता है। हरीश ने यह बयान उस समय दिया, जब एक पाकिस्तानी अधिकारी ने आरोप लगाया कि कश्मीरी महिलाएं दशकों से यौन हिंसा झेल रही हैं। वहीं, भारत ने एक बार फिर दोहराया कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। हरीश ने कहा कि पाकिस्तान वही देश है जिसने 1971 में ऑपरेशन सर्चलाइट चलाया था और अपनी सेना को 4 लाख महिला नागरिकों के नरसंहार और सामूहिक बलात्कार के सुनियोजित अभियान को मंजूरी दी थी। दुनिया पाकिस्तान के इस झूठे प्रचार को भली-भांति समझती है। पाकिस्तान की सेना ने 1971 में ऑपरेशन सर्चलाइट के तहत पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में क्रूर दमन शुरू किया, जिसमें 30 लाख लोग मारे गए और महिला नागरिकों के साथ बलात्कार किया गया। पाकिस्तान की खैबर पख्तूनख्वा की तिराह घाटी में पाकिस्तानी सेना ने 22 सितम्बर को बिना कोई चेतावनी जारी किए ही बम गिरा दिए। इस हमले की चपेट में आकर 30 लोगों की जान चली गई थी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान की वायुसेना इन हमलों के जरिए आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को निशाना बनाने की कोशिश कर रही थी।

## अवैध रूप से भारत में रह रहा नाइजीरियाई नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस की एएटीएस टीम ने एक नाइजीरियाई नागरिक, अपेह नन्ना मालाची को गिरफ्तार किया, जो पिछले चार साल से भारत में बिना वैध वीजा के अवैध रूप से रह रहा था। पुलिस ने विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय, दिल्ली की सहायता से उसे उसके देश निर्वासित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर राम कुमार की अगुवाई वाली टीम अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए सक्रिय थी। 3 अक्टूबर को एएसआई विनोद कुमार और एएसआई धर्मेंद्र को सूचना मिली कि नांगल राया, वसंतकुंज साउथ में एक नाइजीरियाई नागरिक किराए का मकान तलाश रहा है।

# पाक ने अमेरिका को खनिजों की पहली खेप भेजी

## इमरान खान की पार्टी पीटीआई विरोध में, सीक्रेट सौदे से देश के हालात बिगड़ेंगे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने पहली बार अमेरिका को दुर्लभ खनिजों (रेयर अर्थ मटेरियल) की छोटी खेप भेजी है। ये खनिज पिछले महीने अमेरिकी कंपनी यूएस स्ट्रैटेजिक मेटल्स (यूएसएसएम) के साथ हुए 50 करोड़ डॉलर के सौदे के तहत भेजे गए। हालांकि इन्हें भेजने की टाइमिंग नहीं पता चल पाई है।

इस सौदे का मकसद पाकिस्तान में खनिजों की खोज और प्रोसेसिंग के लिए कारखाने बनाना है। ये नमूने पाकिस्तानी सेना की ब्रांच फ्रंटियर वर्कर्स आर्गेनाइजेशन (एफडब्ल्यूओ) की मदद से तैयार किए गए। यूएसएसएम ने इसे पाकिस्तान और अमेरिका के बीच दोस्ती का बड़ा कदम बताया। कंपनी का कहना है कि यह समझौता खनिजों की खोज से लेकर प्रोसेसिंग तक सब कुछ कवर करता है। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने इसका विरोध किया है। पीटीआई नेता शेख



- इस सौदे का मकसद पाकिस्तान में खनिजों की खोज और प्रोसेसिंग के लिए कारखाने बनाना है
- USSM ने इसे पाक व अमेरिका के बीच दोस्ती का बड़ा कदम बताया

वक्कास अकरम ने कहा ऐसे सीक्रेट सौदे से देश के हालात खराब हो सकते हैं। पीटीआई ने मांग की कि सरकार अमेरिका के साथ हुए सौदों का पूरा ब्योरा जनता को बताए। पीटीआई के नेता ने कहा कि संसद और लोगों को विश्वास में लेना चाहिए। हम देश के हितों के खिलाफ कोई समझौता बर्दाश्त नहीं करेंगे। यूएसएसएम कंपनी का कहना है कि यह सौदा खनिजों की खोज से लेकर रिफाइनरी बनाने तक सब कुछ कवर करता है। मिसूरी की यह कंपनी ऐसे खनिज बनाती और रिसाइकल करती है जो रक्षा, तकनीक और ऊर्जा के लिए जरूरी हैं। खेप में एंटीमनी, कापर कंसन्ट्रेट और रेयर अर्थ एलिमेंट्स जैसे नियोडिमियम व प्रेजियोडिमियम शामिल हैं। इससे पहले सितम्बर में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ, सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मुलाकात की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### सोने की खदान ढहने से चार की मौत

**लुसाका।** उत्तरी ज़ाम्बिया के शिवांगंडु जिले में एक सोने की खदान ढहने से चार अवैध खनिकों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी राय हमोंगा ने बताया कि न्यू सीन गोल्ड माइन की एक खदान की दीवार रविवार दोपहर उस समय ढह गई जब चारों लोग हाथ से सोना निकाल रहे थे। अधिकारी ने फेसबुक पर एक बयान में कहा कि शवों को निकालने के तुरंत प्रयास किए गए, लेकिन दुर्भाग्य से, जब तक बचाव दल वहां पहुंचे, तब तक चारों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मृतकों की पहचान कर ली है।

### मेडागास्कर के राष्ट्रपति ने नए पीएम की नियुक्ति की

**एंटानानारिवा।** मेडागास्कर के राष्ट्रपति एंड्री राजोइलिना ने रुपिन फ़ोर्टुनैट डिम्बिसोआ ज़ाफिसाम्बो को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। यह नियुक्ति व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बीच सरकार के भंग होने के एक सप्ताह बाद की गई थी। राजोइलिना ने कहा कि नए प्रधानमंत्री को 'व्यवस्था बहाल करने और लोगों का विश्वास फिर से हासिल करने में सक्षम' होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि उनका मुख्य कार्य लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना और देश की प्रमुख प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाना होगा।

### सूडान: आरएसएफ के तोपखाने हमले में 13 नागरिक मारे गए

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान में उत्तरी दारफुर की राजधानी एल फशर में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) द्वारा आवासीय इलाकों को निशाना बनाकर की गई गोलाबारी में कम से कम 13 नागरिक मारे गए और 19 अन्य घायल हो गए। स्वयंसेवी समूहों ने यह जानकारी दी। सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क ने एक बयान में कहा कि हताहतों में सात बच्चे और एक गर्भवती महिला शामिल हैं और प्रभावित इलाकों में और भी शव और घायल लोग फंसे हुए हैं, जिनकी सही संख्या अज्ञात है।

# गाजा जंग के 2 साल: 80 फीसद इमारतें और 40% स्कूल तबाह

## 65 हजार से ज्यादा मौतें, मृतकों में 18 हजार बच्चे शामिल

**गाजा।** हमास के हमले से शुरू हुए गाजा युद्ध के आज दो साल पूरे हो गए हैं। लगातार बमबारी और जमीनी सैन्य कार्रवाई ने गाजा पट्टी को मलबे के ढेर में बदल दिया है। यूएन की सैटेलाइट रिपोर्ट के मुताबिक 80 प्रतिशत इमारतें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। करीब 90 प्रतिशत स्कूल खंडहर बन चुके हैं और 98.5 प्रतिशत खेत उजड़ गए हैं। 65 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई। वहीं, लाखों फलस्तीनी टेंटों में रहने को मजबूर हैं-जहां न पानी है, न बिजली, न इलाज। गाजा अब सिर्फ दर-दर भटकते लोगों की मायूसी और मलबे का ढेर बनकर रह गया है।

7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजरायल में घुसपैठ की और करीब 251 लोगों को बंधक बना लिया। जवाब में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तुरंत जंग का ऐलान किया और हमास पर हमले शुरू कर दिए। हमास ने इसे 'अल-अक्सा फ्लड' (सैलाब जैसा जवाबी हमला) का नाम दिया, जबकि इजरायल ने इसे 'सिमचत तोराह वार' (यहूदी लोगों का एक त्योहार) कहा। 2 साल में 90 प्रतिशत लोग बेघर हुए गाजा के 23 लाख लोगों में से 90 प्रतिशत लोग बेघर हैं। उत्तर और दक्षिण गाजा से भगाए गए लाखों लोग अब टेंटों में बिना पानी, बिजली और दवा के दिन गुजार रहे हैं। गाजा पट्टी का करीब 80 प्रतिशत इलाका मिलिट्री जोन में है, जहां आम नागरिकों का प्रवेश वर्जित है। यूएन एजेंसियों के अनुसार आधे से ज्यादा लोग भुखमरी से जूझ रहे हैं।



- गाजा अब सिर्फ दर-दर भटकते लोगों की मायूसी और मलबे का ढेर बनकर रह गया है, वहीं, लाखों फलस्तीनी टेंटों में रहने को मजबूर हैं-जहां न पानी है, न बिजली

अब तक 66158 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं, इनमें 18430 बच्चे (लगभग 31 प्रतिशत) शामिल हैं। गाजा में करीब 39384 बच्चे सूचि ब) हैं जिनके माता या पिता में से कोई एक मारा गया है। वहीं, 17000 फलस्तीनी बच्चे माता-पिता दोनों खो चुके हैं। राहत एजेंसियां कहती हैं- यह अब शहर नहीं, जिंदा बचे लोगों का कैंप मात्र है। यूनिसेफ की रिपोर्टों के मुताबिक, गाजा में 5 साल से कम उम्र के 43,000 से अधिक बच्चे कुपोषण का शिकार हैं।

गाजा में करीब 54 मिलियन टन मलबा, इसे हटाने में 10 साल लगेंगे पिछले 2 साल से लगातार इजरायली बमबारी के बाद गाजा अब एक मलबे का शहर बन गया है। यूएन रिपोर्ट के मुताबिक 80 प्रतिशत इमारतें तबाह हो गई हैं। जिनमें से आधी से ज्यादा पूरी तरह ढह गईं। इससे करीब 4.5 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। गाजा में इजरायली सेना के हमलों में तबाह हुई इमारतों का करीब 54 मिलियन टन से ज्यादा मलबा जमा है। विशेषज्ञ कहते हैं, इसे साफ करने में कम से कम 10 साल और 1.2 लाख करोड़ रुपये लगेंगे। इजरायल ने एक किलोमीटर गहरा बफर जोन और 4 सैन्य कारिडोर बना दिए हैं।

### गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से इजरायल को 21 अरब डॉलर की सैन्य मदद दे चुका अमेरिका, रिपोर्ट में खुलासा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में मंगलवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका, बीते दो साल में इजरायल को करीब 21.7 अरब डॉलर की सैन्य सहायता दे चुका है। इसमें बाइडन प्रशासन और ट्रम्प प्रशासन द्वारा दी गई मदद शामिल है। हमास के इजरायल पर हमले और गाजा में इजरायल की जवाबी कार्रवाई को दो साल पूरे हो चुके हैं। हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमला किया था। जिसके बाद संघर्ष की शुरुआत हुई और यह अभी भी जारी है। ब्राउन विश्वविद्यालय के वाटसन स्कूल ऑफ इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स द्वारा प्रकाशित 'कास्ट्स ऑफ वार' (युद्ध की लागत) नामक एक अध्ययन में ये भी कहा गया है कि अमेरिका ने पिछले दो वर्षों में पश्चिम एशिया में सुरक्षा सहायता और विभिन्न अभियानों पर करीब 10 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक रकम खर्च की है।

# मैंने जो कहा, वह बहुत असरदार था, वे रुक गए: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच मई में चले संघर्ष को रुकवाने का दावा किया है। इतना ही नहीं ट्रम्प एक बार फिर से टैरिफ को हथियार बताने से भी नहीं चूके।

उन्होंने सोमवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया संघर्ष को रोकने में टैरिफ (आयात शुल्क) का इस्तेमाल एक हथियार के रूप में किया। जो उन्होंने कहा था, वह बहुत असरदार साबित हुआ। ओवल आफिस में पत्रकारों से बातचीत में ट्रम्प ने कहा कि टैरिफ अमेरिका के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। हम टैरिफ की वजह से शांति-रक्षक हैं। हम सैकड़ों अरब डॉलर कमाते हैं, लेकिन साथ ही टैरिफ के कारण हम युद्ध रोकने की ताकत भी रखते हैं। उन्होंने दावा किया कि अगर उन्होंने टैरिफ की ताकत का इस्तेमाल न किया होता, तो आज भी चार युद्ध चल रहे होते। ट्रम्प ने कहा कि मैं युद्ध रोकने के लिए टैरिफ का इस्तेमाल करता हूं। अगर आप भारत और पाकिस्तान को देखें, तो वे एक-दूसरे पर हमला करने के लिए तैयार थे। सात विमान गिराए गए थे। वे लड़ाई के लिए



- ट्रम्प ने फिर किया भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा

तैयार थे। दोनों ही परमाणु शक्ति से संपन्न देश हैं। मैं इसका जिक्र नहीं करना चाहता कि मैंने क्या कहा था, लेकिन जो मैंने कहा वह बहुत प्रभावी था। वे रुक भी गए। यह टैरिफ और व्यापार पर आधारित था। गौरतलब है कि भारत ने पहलगाम हमले के साजिशकर्ताओं को सबक सिखाने के लिए 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ढांचों को निशाना बनाया गया था। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे।




**लंदन। इजरायल-हमास युद्ध की वर्षगांठ पर गाजा में मारे गए लोगों के लिए संसद स्कवायर में मुखौटा पहनकर जुलुस निकालते फलस्तीन समर्थक।**

### बलूचिस्तान सीमा के पास जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर हमला, कई डिब्बे पटरी से उतरे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सिंध और बलूचिस्तान की सीमा के पास सुल्तानकोट इलाके में मंगलवार को जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर हमला हुआ। यह ट्रेन क्वेटा जा रही थी, तभी पटरियों पर लगाए गए विस्फोटक में धमाका हो गया। धमाके की वजह से ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक, कई यात्री घायल हुए हैं, लेकिन अभी तक यह साफ नहीं है कि कुल कितने लोग घायल या हताहत हुए हैं। बचाव दल और सुरक्षा बल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य कर रहे हैं, घायलों का इलाज किया जा रहा है और अधिक. ारी हमले की जांच में जुटे हैं। जाफर एक्सप्रेस को इससे पहले भी कई बार निशाना बनाया जा चुका है।

### ट्रम्प को पुतिन की चेतावनी, यूक्रेन को टामहाक मिसाइलें देने से हमारे संबंध खराब होंगे

**मास्को।** वैश्विक ताकतों के टकराव और लंबे समय से जारी संघर्षों के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को लंबी दूरी की टामहाक मिसाइलों की आपूर्ति की तो वाशिंगटन और मास्को के बीच संबंधों खराब हो जाएंगे। सितम्बर के अंत में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा था कि व्हाइट हाउस कीव को टामहाक मिसाइलें देने पर विचार कर रहा। एक मिसाइल की कीमत 11.44 करोड़ रुपये है। इनकी मारक क्षमता 2,500 किलोमीटर है, जिससे ये मिसा. इलें मास्को और उसके बाहर भी हमला कर सकेंगी।

# बांग्लादेश में हिल्सा मछली को बचाने के लिए जंगी जहाज तैनात

**ढाका।** बांग्लादेश में हिल्सा मछली को अवैध रूप से पकड़ने से बचाने के लिए सेना की तैनाती की गई है। न्यूज एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक इसके लिए 17 वार शिप और गश्ती हेलिकाप्टर तैनात किए गए हैं। ये जहाज और गश्ती विमान घरेलू और विदेशी मछुआरों को गहरे समुद्र में घुसपैठ से रोकने के लिए 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं।

बांग्लादेशी अधिकारियों ने कहा है कि 4 से 25 अक्टूबर तक हिल्सा मछली के प्रजनन वाले इलाके में मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पिछले साल दक्षिण-पूर्वी बांग्लादेश के शमलापुर गांव में मछुआरे मछलियां पकड़ते हुए। हिल्सा को बांग्लादेश में इलिश

- हेलिकाप्टर से निगरानी भी हो रही, प्रजनन के समय अवैध शिकार रोकने की कवायद तेज

मछली भी कहा जाता है। यह बांग्लादेश की राष्ट्रीय मछली है और इसे वहां पर 'मां' का दर्जा दिया गया है। हिल्सा प्रजनन के लिए हर साल अंडे देने के लिए समुद्र (गर्म पानी) से नदियों (ठंडे पानी) की ओर लौटती है। हिल्सा मछली पर लाखों लोग निर्भर हैं। ढाका में फिलहाल इसकी कीमत 2800 से 3000 टका (2050 से 2200 रुपये) प्रति किलोग्राम है। भारत के पश्चिम बंगाल में भी यह मछली बहुत पसंद की जाती है और महंगी कीमत पर बिकती है। भारतीय मछुआरे गंगा नदी और उसके डेल्टा के खारे पानी में मछली पकड़ते हैं, जिससे कोल. काता और पश्चिम बंगाल की जरूरतें पूरी होती हैं। लेकिन ज्यादा मछली पकड़ने से हिल्सा के प्रजनन के समय मछली का स्टाक कम हो सकता है। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन और समुद्र के जलस्तर का बढ़ना हिल्सा मछली के स्टाक पर असर डाल रहा है। इसके साथ ही यह डर भी है कि नौसेना के जहाज हिल्सा के प्रजनन के दौरान शांत पानी में बाधा डाल सकते हैं। वर्ल्ड फिश की परियोजना के पूर्व प्रमुख मोहम्मद अब्दुल वहाब ने कहा कि हिल्सा को प्रजनन के लिए शांत और निर्बाध पानी चाहिए।

# ब्रिटेन से 40 हजार आईफोन चुराकर चीन भेजे

## गिरोह लंदन में फोन चोरी के 40 प्रतिशत मामलों में शामिल, एक भारतीय समेत 18 लोग गिरफ्तार

**लंदन।** ब्रिटेन की पुलिस ने एक अंतर्राष्ट्रीय मोबाइल फोन तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है, जिस पर आरोप है कि उसने पिछले साल 40000 चोरी किए गए मोबाइल फोन ब्रिटेन से चीन तक भेजे। मेट्रोपालिटन पुलिस का कहना है कि यह ब्रिटेन में फोन चोरी के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा आपरेशन है।

इसमें 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 2000 से ज्यादा चोरी किए गए फोन बरामद किए गए। गिरफ्तार लोगों में 2 अफगानी और एक भारतीय नागरिक की पहचान हुई है। पुलिस का दावा है कि यही गिरोह लंदन में चोरी हुए कुल फोन में से करीब 50 प्रतिशत



- यह ब्रिटेन में फोन चोरी के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा आपरेशन है, 2000 से ज्यादा चोरी किए गए फोन बरामद

को विदेश भेजने के लिए जिम्मेदार था। फोन लेकर भागते चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ये घटना 9 सितम्बर की है। यह जांच तब शुरू हुई जब पिछले साल क्रिसमस पर एक पीड़ित ने अपने चोरी हुए आईफोन को ट्रैक किया और उसकी लोकेशन हीथ्रो एयरपोर्ट के पास एक गोदाम में मिली। वहां सुरक्षाकर्मियों ने जब जांच की, तो फोन एक डिब्बे में मिला जिसमें 894 और फोन थे। जांच में पता चला कि लगभग सभी फोन चोरी किए गए थे और उन्हें हान्गकान्ग भेजा जा रहा था। इसके बाद पुलिस ने आगे की खेप रोक दी और फोरेंसिक जांच से दो संदिग्धों की पहचान की। पुलिस को पता चला कि ये कार में पन्नी में लपेटकर फोन की तस्करी करते थे ताकि चोरी का सामान पकड़ा न जाए। दोनों आरोपी 30 साल के अफगान नागरिक हैं। उन पर चोरी का माल रखने और आपराधिक संपत्ति छिपाने की साजिश का आरा. ेप है। तस्करी के गिरोह में एक 29 साल का भारतीय नागरिक भी शामिल है। दो अफगान नागरिकों की गिरफ्तारी के बाद कार में कई फोन मिले, जिनमें से कुछ पन्नी में लिपटे हुए थे। डिटेक्टिव इंस्पेक्टर मार्क गेविन के मुताबिक, यह गिरोह लंदन में चोरी हुए फोनों को विदेश भेजने में शामिल था। गेविन ने कहा कि लंदन में फोन चोरी के मामले तेजी से बढ़े हैं। साल 2020 में 28609 फोन चोरी हुए थे, जो 2024 में बढ़कर 80588 हो गए। यानी चार साल में यह संख्या लगभग तीन गुना हो गई।

# फिजिक्स का नोबेल तीन अमेरिकी वैज्ञानिकों को

**स्काटहोम।** इस साल फिजिक्स का नोबेल पुरस्कार 3 अमेरिकी वैज्ञानिकों जान क्लार्क, मिशेल डेवोरेट, जान मार्टिनिस को मिला है। स्वीडन की रायल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। यह पुरस्कार इलेक्ट्रिक सर्किट में बड़े पैमाने पर मैक्रोस्कोपिक क्वांटम टनलिंग और ऊर्जा के स्तरों की खोज के लिए मिला है।

क्वांटम टनलिंग वह प्रक्रिया है जिसमें कोई कण किसी बाधा (बैरियर) को कूदकर नहीं बल्कि उसके 'आर-पार' होकर निकल जाता है, जबकि सामान्य फिजिक्स के हिंसाब से यह असंभव होना चाहिए। आम जिंदगी में हम देखते हैं कि कोई

- मैक्रोस्कोपिक क्वांटम टनलिंग के लिए मिला, चिकित्सा, अंतरिक्ष और रक्षा तकनीक में फायदा होगा

गेंद दीवार से टकराकर वापस आ जाती है, लेकिन क्वांटम की दुनिया में छोटे कण कभी-कभी दीवार को पार कर दूसरी तरफ चले जाते हैं। इसे क्वांटम टनलिंग कहते हैं। आम जिंदगी में गेंद दीवार से टकराकर वापस आ जाती है, लेकिन क्वांटम की दुनिया में यह दीवार के पार चली जाती है। रायल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने कहा कि इन वैज्ञानिकों ने यह साबित किया कि क्वांटम इफेक्ट मानव स्तर पर भी दिखाई दे सकते हैं।

